राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 12
अंक : 113
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
रविवार 06 नवंबर 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334




मुख्य अपडेट

पेज 3 नव श्री कला एंड कल्चर ऑर्गनाइजेशन की आर्टिजन आर्ट गैलरी में प्रदर्शनी आज, 18 बाल कलाकारों की ड्राइंग्स और पेंटिंग्स की होगी

पेज 5 मंत्री ए के शर्मा ने किया लखनऊ में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण, नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने डेंगू प्रभावित क्षेत्रों

पेज 7 इमरान खान के ठीक होने तक लॉन्ग मार्च को रोका गया, हमले के विरोध में चलता रहेगा प्रदर्शन

### एनआईए के हाथ बड़ी कामयाबी

## भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ता हत्याकांड में 3 लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शनिवार को कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़, हुबली और मैसूर जिलों में 5 स्थानों पर तलाशी ली। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ता प्रवीण नेतारू हत्याकांड में 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया। एनआईए ने बीते मंगलवार को घोषणा की थी कि जो भी व्यक्ति इस कांड के 4 आरोपियों के ठिकाने के बारे में सुराग देगा, उसे नकद ईनाम दिया जाएगा।

एनआईए पिछले 2 महीने महीने से इस मामले की जांच कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हत्याकांड में कुल 4 आरोपी हैं। चारों प्रतिबंधित पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के सदस्य बताए जाते हैं। मोहम्मद मुस्तफा बेल्लारे और तुफैल मडिकेरी के बारे में सुराग देने पर 5 लाख रुपये के नकद ईनाम और उमर फारूक सुल्लिया व अबूबक्केर सिद्दिकी बेल्लारे के बारे में सुराग देने पर 2 लाख रुपये के नकद



ईनाम की घोषणा की गई थी।

### एनआईए ने आरोपियों के बारे में मांगा था सुराग

जांच एजेंसी की ओर से पोस्टर जारी किए गए थे, जिसमें लोगों से एनआईए के बेंगलुरु कार्यालय में आरोपियों के बारे में सुराग देने की अपील की गई थी। मालूम हो कि दक्षिण कन्नड़ जिले के सुल्लिया तालुका के बेल्लारे में 26 जुलाई की रात को हमलावरों ने भाजपा की युवा शाखा भाजयुमो के नेता नेत्तारु की हत्या कर दी थी।


# 'केजरीवाल महाठग'- सुकेश का आरोप

## कहा–राज्यसभा सीट के बदले मुझसे 50 करोड़ लिए

नई दिल्ली। मनी लॉन्ड्रिंग केस में दिल्ली की मंडोली जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर ने मीडिया के नाम एक चिट्ठी लिखी है। इसमें उसने अरविंद केजरीवाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। 3 पन्नों की चिट्ठी में सुकेश ने लिखा है– मैं अगर ठग हूं तो केजरीवाल महाठग हैं। उन्होंने राज्यसभा सीट के बदले मुझसे 50 करोड़ रुपए मांगे थे, जो मैंने दिए।

### मंत्री कैलाश गहलोत को फॉर्म हाउस पर दिए 50 करोड़ रुपए

सुकेश ने लेटर में लिखा– 2016 में एक डिनर पार्टी में अरविंद केजरीवाल भी आए थे। उनके निर्देश पर मैंने कैलाश गहलोत को असोला के एक फॉर्म हाउस पर जाकर 50 करोड़ रुपए दिए थे। बता दें कि कैलाश फिलहाल



केजरीवाल सरकार में परिवहन मंत्री हैं। सुकेश ने कहा है कि जो भी जानकारी दी गई है, वह सच है और इसकी जांच कराई जा सकती है।

### मंत्री सत्येंद्र जैन और पूर्व डीजी मुझे जेल में धमका रहे

सुकेश ने अपने वकील के नाम एक अन्य पत्र में लिखा– 1 नवंबर को मैंने दिल्ली के उपराज्यपाल को पत्र लिखा था। इसमें बताया था कि जेल में सुख–सुविधा उपलब्ध कराने के बदले में केजरीवाल सरकार के जेल में बंद मंत्री सत्येंद्र जैन को 10 करोड़ रुपए दिए हैं। उपराज्यपाल से यह शिकायत करने के बाद सत्येंद्र जैन और जेल के तत्कालीन डीजी उसे (सुकेश को) धमका रहे हैं। लेटर की पुष्टि सुकेश के वकील ने मीडिया से की है।

1 नवंबर को जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर ने दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर वीके सक्सेना को चिट्ठी लिख दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन को लेकर बड़ा दावा किया है। सुकेश ने कहा कि जेल में सुरक्षा और सहूलियत के नाम पर जैन ने 10 करोड़ रुपए वसूले थे। ये रकम उनके एक करीबी के जरिए ली गई थी।

### कौन है सुकेश चंद्रशेखर?

**सुकेश चंद्रशेखर कर्नाटक के बेंगलुरु का रहने वाला है। कहा जाता है कि उसने लैविश लाइफस्टाइल जीने के लिए 17 साल की उम्र से ही लोगों को ठगना शुरू कर दिया था। बेंगलुरु में ठगी करने के बाद उसने चेन्नई और दूसरे शहरों में भी लोगों को निशाना बनाया। उसके निशाने पर टॉप पॉलिटिशियन, बिजनेसमैन से लेकर बॉलीवुड सेलिब्रिटीज रहे हैं। सुकेश हाई–प्रोफाइल लोगों को फोन कर खुद को बड़ा सरकारी अफसर बताता था। 2007 में उसने खुद को बड़ा सरकारी अधिकारी बताते हुए बेंगलुरू डेवलपमेंट अथॉरिटी में काम कराने के बदले 100 से ज्यादा लोगों को ठगा था। इस मामले में सुकेश की गिरफ्तारी भी हुई थी।**

### सिसोदिया बोले- हार से डरी भाजपा, ठग का इस्तेमाल कर रही

सुकेश के आरोप पर दिल्ली के डिप्टी ष्टरू मनीष सिसोदिया का रिएक्शन सामने आया है। सिसोदिया ने कहा– एमसीडी और गुजरात में बुरी तरह हार के डर से बीजेपी ने तिहाड़ में बंद एक ठग से डील की है।

वो रोज केजरीवाल के खिलाफ बेतुके आरोप लगाएगा और बदले में भाजपा उसके केस में उसे मदद करेगी। मैंने सुना है अगले हफ्ते उसे नड्डा भाजपा में शामिल करवाएंगे।

## खालिस्तानी आतंकी बोला- हिंदू नेता सूरी को हमने मारा

### सोशल मीडिया में लिखा- सिक्योरिटी भी नहीं बचा सकेगी

एजेंसी

अमृतसर। पंजाब के अमृतसर में शुक्रवार को हुई हिंदू नेता सुधीर सूरी की हत्या के मामले में अब कनाडा में बैठे खालिस्तानी आतंकी लखबीर लंडा की एंट्री हो गई है। भगोड़े आतंकी लखबीर ने सोशल मीडिया पर सूरी की हत्या की जिम्मेदारी ली है। आतंकी लखबीर पहले भी सुधीर सूरी की हत्या की साजिश रच रहा था। पिछले दिनों पकड़े गए आतंकी के करीबियों ने पुलिस को यह जानकारी दी थी।

### आतंकी की धमकी- सिक्योरिटी भी नहीं बचा सकेगी

तरनतारन से कनाडा जाकर बसे और गैंगस्टर से आतंकी बने लखीबर ने लंडा हरिके एकाउंट से एक पोस्ट कर कहा है कि यह तो सिर्फ शुरुआत है। उसने अपनी पोस्ट में धमकी दी है कि जो सिख कौम या किसी भी अन्य धर्म



सुधीर सूरी, हिंदू नेता | संदीप शैंडी, कत्ल का आरोपी

के बारे में बुरा बोलते हैं, वे सभी तैयारी रखें।

सभी की बारी आएगी। सिक्योरिटी लेकर यह ना समझें कि बच जाएंगे। अभी तो शुरुआत हुई है, हक लेना अभी बाकी है।

### सूरी की हत्या के आरोपी को सात दिन की रिमांड

सुधीर सूरी की हत्या के बाद कुछ मिनटों में ही आरोपी संदीप सिंह उर्फ शैंडी को गिरफ्तार कर लिया गया था। उसे शनिवार दोपहर को कड़ी सुरक्षा के बीच अमृतसर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद आरोपी शैंडी को सात दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया।

### पंजाब पुलिस हेडक्वार्टर पर हमले का दोषी है लखबीर

मोहाली में पंजाब पुलिस के इंटेलिजेंस विंग के हेडक्वार्टर पर हुए RPG हमले में लखबीर सिंह का नाम सामने आया था। उसके पाकिस्तान में बैठे आतंकी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा से सीधे संबंध हैं।

वहीं बीते दिनों तरनतारन में हुए कपड़ा व्यापारी की हत्या में भी लखबीर का नाम सामने आया था। पंजाब में उसके खिलाफ 20 मामले दर्ज हैं।

### पकड़े गए तीन आतंकियों ने लिया था सूरी का नाम

बीते दिनों अमृतसर के कटड़ा आहलूवालिया से पकड़े गए तीन आतंकी और तरनतारन में कपड़ा व्यापारी की हत्या में पकड़े गए आतंकियों ने लखबीर लंडा के लिए काम करने का खुलासा किया था। आरोपियों से भारी गिनती में हथियार भी पकड़े गए थे। आतंकियों ने बताया कि उन्हें अमृतसर में हिंदू नेता सुधीर सूरी की हत्या करने के लिए कहा गया था।

## पांच राज्यों में उपचुनाव की घोषणा

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने शनिवार को ओडिशा, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में पांच विधानसभा और एक लोकसभा क्षेत्र में पांच दिसंबर को उपचुनाव करने की घोषणा की। चुनाव आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि विधानसभा उपचुनाव पदमपुर (ओडिशा), सरदारशहर (राजस्थान), कुरहानी (बिहार), भानुप्रतापपुर (छत्तीसगढ़) और रामपुर (उत्तर प्रदेश) में होंगे जबकि इसी समय, मैनपुरी (उत्तर प्रदेश) में भी एक संसदीय सीट पर होगा।

### कर्नाटक के बीदर में ट्रक से टकराकर ऑटो रिक्शा के उड़े परखच्चे

## 7 महिलाओं की मौके पर मौत

बीदर। कर्नाटक के बीदर में भीषण सड़क हादसे में सात महिलाओं की मौत हो गई और 11 लोग बुरी तरह से घायल हो गए।

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार देर रात ट्रक और एक ऑटो रिक्शा की आमने–सामने से टक्कर हो गई थी। जिसके बाद यह दर्दनाक हादसा हुआ।

बताया जा रहा है कि महिलाएं कर्नाटक के बीदर स्थित एक गांव से देर रात ऑटो रिक्शा में सवार होकर घर की ओर जा रहीं थी। महिलाएं पेशे से मजदूर बताई जा रही हैं जो गांव में दिनभर मजदूरी कर लौट रही थीं। घटना बीदर के बेमालाखेड़ा सरकारी स्कूल के पास हुआ।

स्थानीय पुलिस का कहना है कि देर रात महिलाएं काम पूरा करके ऑटो रिक्शा में सवार होकर वापस घर की ओर लौट रही थी।

तभी बेमालाखेड़ा सरकारी स्कूल के पास बेकाबू ट्रक की ऑटो रिक्शा से आमने–सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। सात महिलाओं की मौत हो चुकी है। जिनकी पहचान पार्वती (40), प्रभावती (36), गुंडम्मा (60), यदम्मा (40), जगम्मा (34), ईश्वरम्मा (55) और रुक्मिणी बाई (60) के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि दोनों वाहनों के चालक समेत 11 लोग घायल हुए हैं। जिसमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। उधर, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एनएचआरसी ने दिल्ली सरकार और पुलिस को नोटिस जारी किए

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने एक आश्रय गृह से पांच उज्बेक महिलाओं के लापता होने की खबर पर दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किये है। आयोग ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। आयोग ने अगस्त में दिल्ली पुलिस द्वारा यौन तस्करी के रैकेट से छुड़ाई गई सात उज़्बेक महिलाओं में से पांच के पिछले सप्ताह द्वारका के एक आश्रय गृह से लापता होने की मीडिया रिपोर्टों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए आश्रय गृह के खिलाफ की गई कार्रवाई की रिपोर्ट के साथ मामले में विस्तृत रिपोर्ट के लिए मुख्य सचिव को एक नोटिस जारी किया। बयान में कहा गया है कि जांच की स्थिति, लापता उज़्बेक महिलाओं की बरामदगी और दिल्ली और आसपास के स्थानों में चल रहे सेक्स रैकेट के साजिशकर्ताओं का पता लगाने में प्रगति, गिरफ्तारी की स्थिति के बारे में पुलिस आयुक्त से एक रिपोर्ट भी मांगी गई है।


## दिल्ली में लगातार तीसरे दिन भी वायु गुणवत्ता गंभीर स्तर पर

### वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में बने रहने से दैनिक कामकाज प्रभावित

नयी दिल्ली( राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को लगातार तीसरे दिन भी वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में बने रहने से दैनिक कामकाज प्रभावित है और सुबह 10 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 464 दर्ज किया गया।

सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च (सफर) ने बताया कि वायु की 8 से 18 किमी प्रति घंटे की रफ्तार होने के कारण वायु गुणवत्ता के गंभीर स्तर मे सुधार हो सकता है।

एजेंसी के आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी (एनसीआर) में पीएम 2.5 का स्तर 237 पर पहुंच गया, दिल्ली में पीएम10 का स्तर बहुत खराब श्रेणी में



397 दर्ज किया गया।

सफर के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में शनिवार को पीएम 2.5 प्रदूषण में पराली जलाने की घटनाओं के कारण 30 फीसदी की वृद्धि रही है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में रही, नोएडा (उप्र) और गुरुग्राम (हरियाणा) में क्रमशः 529 और 478 एक्यूआई दर्ज किए गए, और दोनों अत्यधिक खतरनाक 'गंभीर' श्रेणी में है।

दिल्ली सरकार ने वायु गुणवत्ता के गंभीर स्तर को देखते हुए शुक्रवार को शनिवार से स्कूल बंद करने की घोषणा की थी।

सरकार ने अपने 50 प्रतिशत कर्मचारियों को घर से काम करने का आदेश दिया। जबकि निजी कार्यालयों को इसके पालन की सलाह दी है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली–एनसीआर में बिगड़ती वायु गुणवत्ता को देखते हुए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के चरण IV के तहत उपायों को लागू करने का भी निर्णय लिया।

योजना के तहत, गैर–बीएस IV डीजल से चलने वाले हल्के मोटर वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा। इसके तहत आवश्यक वस्तुओं को ले जाने या आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले डीजल ट्रकों को भी दिल्ली में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

परिवहन विभाग के एक आदेश के अनुसार इस दौरान सभी सीएनजी और इलेक्ट्रिक ट्रकों को दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति रहेगी। वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, यदि प्रदूषण बढ़ने के कारण कुछ वाहनों के चलने पर प्रतिबंध का उल्लंघन होता है, तो उस पर 20,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

सर्वोच्च न्यायालय 10 नवंबर को पराली जलाने पर नए दिशा–निर्देशों की मांग वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करेगा।

## दाऊद इब्राहिम, छोटा शकील और 3 अन्य के खिलाफ चार्जशीट दायर

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने शनिवार को भगोड़े माफिया दाऊद इब्राहिम, उसके करीबी छोटा शकील और गिरफ्तार किए गए तीन व्यक्तियों के खिलाफ मुंबई की एक विशेष अदालत में आरोपपत्र दायर किया। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि आरोपपत्र वैश्विक आतंकवादी नेटवर्क और अंतरराष्ट्रीय संगठित आपराधिक गिरोह, अर्थात् डी–कंपनी से संबंधित एक मामले में दायर किया गया जो भारत में विभिन्न आतंकवादी



और आपराधिक गतिविधियों में शामिल है। प्रवक्ता ने कहा कि मामला तीन फरवरी को पुलिस थाना एनआईए मुंबई में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया था। जिन तीन अन्य व्यक्तियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया है उनमें आरिफ अबुबकर शेख, शब्बीर अबुबकर शेख और मोहम्मद सलीम कुरैशी शामिल हैं और ये सभी मुंबई के रहने वाले हैं। प्रवक्ता ने कहा, जांच से पता चला है कि आरोपी व्यक्ति एक आतंकवादी गिरोह और एक संगठित अपराध गिरोह डी–कंपनी के सदस्य हैं और उन्होंने विभिन्न प्रकार की गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देकर गिरोह की आपराधिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने की साजिश रची।

## देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से मुक्त होने वालों की संख्या में हुई वृद्धि

नयी दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोविड–19 संक्रमण से 1,580 लोग कोरोना मुक्त हुए हैं, जिससे अब कोरोना से स्वस्थ होने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,41,13,761 हो गयी है और स्वास्थ्य दर 98.78 प्रतिशत है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 219 करोड़ 71 लाख से अधिक टीके दिये जा चुके हैं। इस दौरान देश में कोरोना के 1,080 नये मामले सामने आये हैं, जिससे संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,46,59,447 हो गयी है।

मंत्रालय ने बताया कि देश में पिछले 24 घंटे में पांच राज्यों में कोरोना के 38



सक्रिय मामलों में वृद्धि हुई है। इस अवधि में गुजरात में सबसे अधिक 19 सक्रिय मामले, मिजोरम में 12, उत्तराखंड में चार सक्रिय मामलों की पुष्टि हुयी है। इस बीच कोरोना महामारी से पांच मरीजों की मृत्यु हुयी है, जिससे देश में अब मृतकों की संख्या 5,30,486 हो गयी है। मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है।

केरल में भी 111 सक्रिय मामले घटने से इनकी संख्या घटकर 2,945 रह गई है। इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या 67,48,514 तक पहुंच गयी और मृतकों का आंकड़ा 7,14,10 पर स्थिर है। तमिलनाडु में कोरोना महामारी के सक्रिय मामले 85 से घटकर 1,224 रह गए हैं और इस महामारी से निजात पाने वालों की संख्या 35,53,305 हो गयी है और मृतकों की संख्या 38,048 है।

गुजरात में 19 मामलों में वृद्धि होने से, इनकी अब संख्या बढ़कर 455 हो गयी है। इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या 12,65,484 तक पहुंच गयी है और मृतकों का आंकड़ा 11,039 हो गया है।

### मोरबी ब्रिज हादसा

### ओरेवा कंपनी ने 12 लाख ही खर्च किए, फिटनेस टेस्ट भी परिवार ने किया

## ब्रिज की मरम्मत के लिए मिले थे 2 करोड़, 12 लाख ही खर्च

एजेंसी

मोरबी ।गुजरात के मोरबी में हुए ब्रिज हादसे की जांच में दिन–ब–दिन नए खुलासे हो रहे हैं। अब यह बात सामने आई है कि ओरेवा को पुल की मरम्मत के लिए 2 करोड़ रुपए मिले थे। कंपनी ने उसका महज 6त्न यानी 12 लाख रुपए ही खर्च किया था। 6 महीने की मरम्मत करके पुल को जनता के लिए खोल दिया गया था।

पुल की मरम्मत पर खर्च किए गए पैसे का हिसाब–किताब सब–कॉन्ट्रैक्टर देवप्रकाश सॉल्यूशंस फर्म के पास से जब्त किए गए डॉक्यूमेंट्स से मिला है।



### फिटनेस चेक करने जयसुख की फैमिली गई थी

ओरेवा को मार्च 2022 में 15 साल के मोरबी ब्रिज के मेंटेनेन्स का ठेका मिला था। उसने देवप्रकाश सॉल्यूशंस को मरम्मत करने के लिए सब–कॉन्ट्रैक्ट दिया था। काम पूरा होने के बाद 24 अक्टूबर को ओरेवा ग्रुप के अध्यक्ष जयसुख पटेल और उनके परिवार ने पुल पर चहलकदमी करने जैसे इकलौते फिटनेस टेस्ट के बाद जनता के लिए खोलने फिट बताया था।

### सब-कॉन्ट्रैक्ट जिसे दिया वो भी टेक्निकली नाकाबिल थी

ओरेवा ने ध्रांगधरा की जिस फर्म को जिम्मा सौंपा था, उसका टेक्निकल नॉलेज पुल की मरम्मत करने के लिहाज से नाकाफी था। फोरेंसिक रिपोर्ट में भी यह बताया गया है कि ब्रिज की 4 केबल काफी पुरानी थीं। उनमें जंग लग चुका था। मरम्मत के दौरान केबलों की ऑयलिंग–ग्रीसिंग भी नहीं की गई थी। ब्रिज के लकड़ी के बेस को बदलकर एल्युमिनियम की चार लेयर वाली चादरें लगा दी गईं। इससे पुल का वजन बढ़ गया। पुरानी केबलें यह लोड संभाल नहीं सकीं और भीड़ बढ़ते ही ब्रिज टूट गया।

### जिन पर केबल कसी थीं, उन एंकर पिन को देखा ही नहीं

मोरबी पुल खुलने के पांच दिन बाद ही गिर गया था। स्ट्रक्चरल इंजीनियरों की जांच में पता चला कि इस दौरान केबल को संभालने वाली एंकर पिन की मजबूती पर ध्यान ही नहीं दिया गया। लोड पड़ने से पुल के दरबारगढ़ सिरे पर लगी एंकर पिन उखड़ गई और पुल एक तरफ झुककर नदी में जा गिरा। एंकर पिन की क्षमता 125 लोगों की थी, लेकिन 350 से ज्यादा लोगों को एक साथ पुल पर जाने दिया गया।

## शार्ट न्यूज

### युवक की फर्जी आईडी बनाकर फोटो वायरल करने के आरोप में युवती के खिलाफ कार्रवाई

नैनीताल। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में पुलिस ने युवक की फर्जी आईडी बनाकर उसके इंस्टाग्राम पर उसकी वैयक्तिक फोटो वायरल करने के आरोप में पहली बार एक युवती के खिलाफ कार्रवाई की है। युवती के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई अमल में लायी गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम लिंठ्यूडा निवासी एक युवक ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि उसकी फर्जी इंस्टाग्राफ आईडी बनाकर उसके फोटोग्राफ को लगातार सोशल मीडिया पर वायरल किया जा रहा है। जिससे उसकी समाज में छवि खराब होने के साथ उसका मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। पिथौरागढ़ पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मोहन चंद्र पांडे ने बताया कि जांच करने पर धारचूला निवासी महिमा बिष्ट के खिलाफ तथ्य पाये गये। आरोपी को सीआरपीसी की धारा 41 के तहत नोटिस जारी कर दिया गया है। साथ ही उसे यथा समय न्यायालय के समक्ष पेश होने के निर्देश दिये गये हैं।

### नेपाल के केसिनो में अवैध ढंग से जाने वालों के खिलाफ चंपावत पुलिस कार्रवाई की मंशा में

नैनीताल। नेपाल के कैसिनो में अवैध ढंग से नशा और जुआ खेलने वालों के खिलाफ चंपावत पुलिस सख्ती के मूड में है। बनबसा पुलिस ऐसे लोगों का डाटा बेस तैयार कर विधिक कार्यवाही करने की तैयारी में जुट गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बनबसा पुलिस को लंबे समय से सीमा पर अवैध आवागमन एवं पारगमन की सूचना मिल रही थी। पुलिस को सूचना मिली कि बाहरी लोग नेपाल के केसिनो में अवैध ढंग से प्रवेश कर और वापसी में नशे की हालत में लोगों के साथ दुर्व्यवहार और कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न करते हैं। पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि बाहरी लोग कैनाल कालोनी मैदान में वाहनों को अवैध ढंग से पार्क कर सीमा पार चले जाते हैं। बनबसा के थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण की अगुवाई में एक पुलिस टीम ने शनिवार को मौके पर जाकर निरीक्षण किया। साथ ही अवैध रूप से पार्क वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया और इनके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गयी। अंत में शारदा बैराज चौकी पुलिस को ऐसे लोगों के डाटा बेस तैयार कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं।

### राष्ट्रीय बाल आयोग अध्यक्ष कानूनगो सात नवम्बर को भीलवाडा आएंगें

भीलवाड़ा। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में स्टाम्प पर लड़कियों की खरीद फरोख्त मामले सहित बाल अधिकारों के हनन की परिवेदनाओं की जांच के लिए 12 घंटे की यात्रा पर राष्ट्रीय बाल आयोग अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो सात नवम्बर को भीलवाड़ा आयेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री कानूनगो 7 नवम्बर को प्रात: छह बजे रेल से भीलवाड़ा पहुंचेंगे। यहां से वे सर्किट हाउस जायेंगे जहां कुछ देर रूकने के बाद भीलवाड़ा के आस पास के क्षेत्रों का जायजा लेंगे। इनमें बाल गृह, बालिका गृह, कोई पुलिस थाना और महात्मा गांधी चिकित्सालय का निरीक्षण शामिल है। कानूनगो शाम चार बजे जिला कलक्टर कार्यालय में इन मुद्दों पर जिला अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और शाम छह बजे भीलवाड़ा से उदयपुर के लिए प्रस्थान कर जायेंगे। उदयपुर में रात्रि विश्राम के बाद आठ अगस्त को डबोक एयरपोर्ट से हैदराबाद के लिए रवाना होंगे। उल्लेखनीय है कि भीलवाड़ा जिले में पंडेर और उसके बाद मांडलगढ़ में महिलाओं के स्टाम्प पर बेचे जाने का मामला पिछले दिनों मीडिया में उछला था।

### नॉन कम्यूनिकेबिल बीमारियों के उपचार और रोकथाम की रणनीति तैयार

भोपाल। मध्यप्रदेश में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, मानसिक अस्वस्थता और किडनी संबंधी नॉन कम्यूनिकेबिल बीमारियों के उपचार और रोकथाम के बारे में विशेषज्ञों द्वारा रणनीति तैयार की गई है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मंत्रालय में आज अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में रणनीति का प्रेजेन्टेशन दिया गया। नीति आयोग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित राज्यों के मुख्य सचिव की राष्ट्र स्तरीय कॉन्फ्रेंस में राज्य में नॉन कम्यूनिकेबिल बीमारियों के उपचार और रोकथाम के संबंध में किये गये कार्यों का प्रस्तुतिकरण किया जाना है। इसके दृष्टिगत प्रदेश में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, मेन्टल हेल्थ और डायलिसिस की राज्य स्तरीय विशेषज्ञ समिति का समूहवार गठन किया गया था। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने पृथक-पृथक समूह ने बीमारी की पहचान, उपचार और रोकथाम के लिये शॉर्ट और लांग टर्म कार्य-योजना पर चर्चा की। एमडी एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास, एम्स भोपाल, गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल और सहयोगी संस्थाओं के विशेषज्ञ चर्चा में शामिल रहे।

### सिवनी जम्बो सीताफल ब्रांड को देश-प्रदेश में लोकप्रिय बनाएँःशिवराज

सिवनी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सिवनी जम्बो सीताफल ब्रांड को देश व प्रदेश में लोकप्रिय बनाएं। चौहान ने सिवनी में एक जिला-एक उत्पाद कार्यक्रम अंतर्गत उत्पाद सिवनी जम्बो सीताफल का अवलोकन किया। उन्होंने सीताफल के जम्बो आकार, विशिष्ट गुण तथा स्वाद आदि के संबंध में अवगत हुए। उन्होंने सिवनी जम्बो सीताफल को लोकप्रिय बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयास पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि सिवनी जम्बो सीताफल उत्पादक किसान और इसका प्र-संस्करण कर पल्प और अन्य उत्पाद बनाने वाली आजीविका मिशन की बहनों को उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य दिलाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ब्रांड की बेहतर मार्केटिंग कर देश- प्रदेश में इसे लोकप्रिय बनाने के भी निर्देश दिये। सिवनी जिले में 656 हेक्टेयर क्षेत्र में 6500 मीट्रिक टन से अधिक सीताफल का उत्पादन होता है। सीताफल का वजन 600 से 700 ग्राम होने से इसका नाम सिवनी जम्बो सीताफल रखा गया है। अपने विशिष्ट आकार तथा स्वाद से इसकी देश-प्रदेश में अच्छी माँग है। इसे विशिष्ट पहचान दिलाने के लिए आजीविका मिशन के महिला स्व-सहायता समूह की सहभागिता से सीताफल की पल्प यूनिट प्रारंभ की गई है और एफपीओ का गठन किया गया है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एवं प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा, सांसद डॉ. ढाल सिंह बिसेन, विधायक दिनेश राय और राकेश पाल मौजूद थे।

### काम करने की निष्ठा कार्यकर्ताओं को सदैव आगे ले जाती है : शिवराज

सिवनी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा पार्टी की रीति नीति से युवाओं को जोडने और सरकार की नीतियों को बूथ तक पहुंचाने की जिम्मेदारी मोर्चा कार्यकर्ताओं की है। युवा मोर्चा जो ठान लेता है उसे पूरा करता है। चौहान ने आज यहां भाजपा युवा मोर्चा के दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन समारोह में यह बात कही। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा हर बूथ तक पहुंचे और अलग अलग क्षेत्रों के नए युवाओं को पार्टी से जोड़ते हुए विपक्षी दल द्वारा फैलाए जा रहे दुष्प्रचार का दृढ़ता से जवाब दें। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। शर्मा ने उद्घाटन सत्र में 'विभाजनकारी ताकतें एवं विमर्श' विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की साख पूरे विश्व में बढी है। भारत की इस बढती साख से विभाजनकारी ताकतें परेशान है और वह हर समय देश के ताने बाने को चोट पहुंचाने के प्रयास में लगी रहती है। युवा मोर्चा की जिम्मेदारी है कि ऐसी विघटनकारी ताकतों के मंसूबे पूरे न हो, हमारा सामाजिक ताना बाना मजबूत हो और युवा भ्रमित न हो, इसके लिए दृढता के साथ समाज के बीच जाएं और उन्हें विभाजनकारी ताकतों व संगठनों की हकीकत बताएं। उन्होंने कहा कि देश विरोधी ताकतें इंटरनेट के माध्यम से सोशल मीडिया पर सामाजिक विद्रेष फैलाने के उद्देश्य से काम कर रही हैं। युवा मोर्चा समाज के ऐसे वैचारिक युवाओं को जोड़े जो सोशल मीडिया पर भी सक्रिय हो।

# कश्मीर में बर्फबारी, उत्तर भारत में हल्की-हल्की ठंड

## कुछ राज्यों में अगले दो दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी

नई दिल्ली। उत्तर भारत में हल्की-हल्की ठंड शुरू होने लगी है। दिवाली के बाद से ही मौसम में बदलाव दिखाई दे रहा है। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी की वजह से दोहरी मार पड़ रही है। उधर, दक्षिण के राज्यों में बारिश ने आफत मचाई हुई है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों के मौसम को लेकर अपडेट जारी किया है। मौसम विभाग ने सिलसिलेवार ट्वीट्स करके बताया है कि जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान, हिमाचल प्रदेश में 6 और 7 नवंबर को मध्यम बारिश और बर्फबारी होने वाली है। इससे इलाके में ठंड के भी बढ़ने की संभावना है। उत्तराखंड में छह और सात को बर्फबारी और बारिश होगी। वहीं, पंजाब में पांच और छह नवंबर को बारिश के आसार हैं।



### दक्षिण के राज्यों में दो दिनों तक भारी बारिश

वहीं, एक चक्रवाती सर्कुलेशन केरल तट और उससे सटे दक्षिण-पूर्व अरब सागर पर स्थित है और एक पूर्व-पश्चिम ट्रफ रेखा कोमोरिन क्षेत्र से दक्षिण अंडमान सागर तक इस प्रणाली से निचले क्षोभमंडल स्तरों में दक्षिण अंडमान सागर तक जाती है। इसके असर के चलते पांच और छह नवंबर को तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल और माहे में गरज के साथ मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। हालांकि, उसके बाद अगले 2-3 दिनों के लिए दक्षिण प्रायद्वीपीय के कई हिस्सों में वर्षा गतिविधि में कमी आएगी।

एक चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी और उससे सटे दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर मध्य क्षोभमंडल स्तरों में बना हुआ है। इसके चलते 06-08 नवंबर के दौरान अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में काफी व्यापक/व्यापक हल्की/मध्यम वर्षा के साथ छिटपुट भारी बारिश होने की संभावना है।

### दिल्ली में वायु गुणवत्ता ''गंभीर'' श्रेणी में बरकरार

वहीं, राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में बनी हुई है जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 17.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह साढ़े नौ बजे 408 दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, सापेक्षिक आर्द्रता सुबह साढ़े आठ बजे 98 प्रतिशत दर्ज की गयी। इसने बताया कि शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

### ट्रेलर की टक्कर व बाइक की टक्कर से दो जवानों की मौत

सुकमा। छत्तीसगढ के सुकमा जिले में आज ट्रेलर वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो जिला रिर्जव पुलिस जवानों की मौके पर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार जिला रिर्जव पुलिस के जवान नक्सलियों के खिलाफ आपरेशन में एलमागुंडा इलाके में गए थे। वहां से दो जवान बाइक में सवार होकर वापस आ रहे थे। इस दौरान जिला मुख्यालय से 2 किमी दूर एनएच 30 कोंटा डेंग पर ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार दोनों डीआरजी जवानों की मौके पर मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किरण चैहान और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस परमेश्वर तिलकवार मौके पर पहुंचे। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रेलर वाहन चालक की गलती के कारण यह हादसा हुआ।

## उत्तराखंड में पशुओं के अवशेष मिलने का खुलासा,मुख्य आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी

नैनीताल। उत्तराखंड की उधमसिंह नगर पुलिस ने गदरपुर में भाखड़ा पुल के नीचे नदी से तीन गौ वंशीय पशुओं के अवशेष मिलने के मामले का पर्दाफाश कर दिया है। घटना में उत्तर प्रदेश के रामपुर के स्वार के एक गिरोह का पता चला है। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

उधमसिंह नगर जनपद के गरदपुर में विगत 30 अक्टूबर को भाखड़ा पुल के नीचे नदी से तीन गौवंशीय पशुओं के सिर व कुछ अन्य अवशेष मिले थे। इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया था। पुलिस ने शिव मंदिर, भाखड़ा पुल निवासी रघुनाथ मंडल की तहरीर पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर मामले के खुलासे के लिये पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी बाजपुर की अगुवाई में छह टीमों का गठन कर दिया। मामले का खुलासा करने के लिये पुलिस ने घटनास्थल व आसपास के कई सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। अंतत: गौ वंश स्क्वाड व गदरपुर पुलिस की मेहनत रंग लायी और इस धंधे में लंबे समय से लगे रामपुर स्वार के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया। पुलिस को यह भी पता चला कि आरोपी लंबे समय से आवारा गौवंशीय पशुओं का चोरी छिपे शिकार कर मांस बेच कर मुनाफा कमाने में लगे थे। पुलिस ने मुख्य आरोपी अयूब निवासी आगलगा मोहल्ला, थाना स्वार, रामपुर उप्र को शुक्रवार को अलखदेवी गांव से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कई हथियार भी बरामद किये हैं।

### हमीरपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र जार निष्कासित

हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश)। एक अप्रत्याशित राजनीतिक घटनाक्रम में कांग्रेस ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर के जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र जार को पद से हटा दिया और पूर्व विधायक कुलदीप सिंह पठानिया को जिला इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। कांग्रेस ने श्री जार के दामाद आशीष शर्मा के पार्टी में शामिल होने के दो दिन बाद हमीरपुर विधानसभा सीट से निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ने वाले के फैसले के परिप्रेक्ष्य में यह कदम उठाया है। यह जानकारी पार्टी के हिमाचल प्रदेश मामलों के प्रभारी राजीव शुक्ला द्वारा हिमाचल प्रदेश पार्टी अध्यक्ष और अन्य शीर्ष नेताओं को भेजे गए संदेश में निहित थी।

## शिवसेना नेता के हत्यारोपी को 7 दिन की पुलिस रिमांड, शहर में बढ़ाई गई सुरक्षा

एजेंसी

**अमृतसर।** शिवसेना (टकसाली) नेता सुधीर सूरी की हत्या के मुख्य आरोपी संदीप सिंह को अदालत ने सात दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। इस हत्याकांड में शनिवार को सनसनीखेज अपडेट तब सामने आया जब कनाडा में बैठे भगोड़े खालिस्तानी आतंकी लखबीर लांडा ने सोशल मीडिया पर सूरी की हत्या की जिम्मेदारी ली। मामले में खालिस्तान कनेक्शन सामने आने के बाद पुलिस ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।

शिवसेना नेता सुधीर सूरी की शुक्रवार को एक विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने के दौरान दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में पंजाब पुलिस ने संदीप सिंह नाम के शख्स को गिरफ्तार किया। संदीप सिंह हत्याकांड का मुख्य आरोपी है। शनिवार को उसे कड़ी सुरक्षा के बीच अमृतसर की एक अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे सात दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया गया है।



### कैसे हुई सूरी की हत्या

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को सुधीर सूरी मजीठा रोड पर गोपाल मंदिर के प्रबंधन का विरोध कर रहे थे। शहर के सबसे व्यस्त स्थानों में से एक मजीठा रोड के किनारे हिंदू देवी-देवताओं की कुछ टूटी हुई मूर्तियाँ पाए जाने के बाद वे इसका विरोध कर रहे थे। इस दौरान सुधीर सिंह को दिनदहाड़े गोली मार दी गई।

सुधीर सूरी की हत्या में पुलिस ने संदीप सिंह को गिरफ्तार किया। साथ ही उसके पास से .32 बोर की लाइसेंसी पिस्टल भी बरामद की। पुलिस के मुताबिक, इसी हथियार से सूरी को गोली मारी गई थी। पुलिस के मुताबिक, धरना स्थल के पास संदीप की कपड़े की दुकान है। पुलिस ने शहर में कई जगहों पर सुरक्षा भी कड़ी कर दी है।

## हिमाचल के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र जारी

### महिलाओं को 1500 रुपये देने और गाय का गोबर खरीदने का वादा

शिमला। हिमाचल प्रदेश चुनाव के लिए कांग्रेस ने शनिवार को अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। इसमें कहा गया है कि पहली कैबिनेट बैठक में 1 लाख लोगों को रोजगार देने का काम किया जाएगा। कांग्रेस ने घोषणापत्र में हिमाचल की जनता को 10 गारंटी देने का वादा किया है, जिसमें महिलाओं को 1500 रुपये प्रति माह, 300 यूनिट मुफ्त बिजली और 2 रुपये प्रति किलो गाय के गोबर की खरीद शामिल है। इसके अलावा पार्टी ने पुरानी पेंशन योजना और प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में 10 करोड़ स्टार्टअप निधि देने का वादा किया है।

कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में कहा है कि फलों की कीमत बागवान ही तय करेंगे। साथ ही हर विधानसभा क्षेत्र में 4 अंग्रेजी स्कूल खोले जाने की बात कही गई है। इसके अलावा मोबाइल वैन से हर गांव में मुफ्त इलाज की सुविधा देने का भी वादा किया गया है। वहीं, पार्टी ने पशुपालकों से रोजाना 10 लीटर दूध खरीद करने का वादा किया है।

### 'उम्मीदों पर खरा उतरने में नाकाम भाजपा'

पार्टी की चुनाव घोषणा समिति के अध्यक्ष धनीराम शांडिल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने में नाकाम रही है और उसने 5 साल पहले किए गए अपने वादे पूरे नहीं किए। शांडिल ने कहा, यह महज चुनावी घोषणापत्र नहीं है बल्कि हिमाचल प्रदेश के लोगों के विकास तथा कल्याण के लिए तैयार दस्तावेज है।

### हिमाचल में 12 नवंबर को मतदान

हिमाचल प्रदेश में 12 नवंबर को मतदान होगा और मतगणना 8 दिसंबर को होनी है। कांग्रेस राज्य में सत्ता विरोधी लहर को भुनाने की कोशिश कर रही है और मतदाताओं से भाजपा को सत्ता से बेदखल करने की अपील कर रही है। दूसरी ओर, बीजेपी दोबारा सत्ता में बने रहने की कोशिश में लगी हुई है। भाजपा नेता इस बार राज्य में रिवाज बदलने का दावा कर रहे हैं।

### दंतेवाड़ा में नक्सलियों ने अगवा कर सरपंच पति की कर दी हत्या

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा ब्लाक के रेवाली ग्राम पंचायत के सरपंच पति भीमा बारसे की नक्सलियों ने मलगेर नदी के पार रेवाली की पटेलपारा में हत्या कर शव को फेंक दिया। पुलिस के अनुसार सरपंच पति को शुक्रवार शाम को ही नक्सलियों ने उसके घर बर्रेम से अगवा कर लिया था, जिसके बाद घर से करीब 4 किलोमीटर दूर मलगेर नाले के पार ग्राम पंचायत के ही पटेल पारा में शव को डाल दिया था। नक्सलियों ने सरपंच पति की हत्या किस वजह से की इसका अभी खुलासा नही हो पाया है। रेवाली नक्सल प्रभावित क्षेत्र है।

## आरएसएस ने तमिलनाडु में छह नवंबर का किया रूट मार्च स्थगित

चेन्नई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तमिलनाडु इकाई ने कहा कि वह मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ कल रूट मार्च नहीं निकालेगा और वह आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटायेंगे। मद्रास उच्च न्यायालय ने आरएसएस द्वारा दायर याचिका को स्वीकार करते हुए उसे 50 में 44 स्थानों पर पाबंदियों के साथ रूट मार्च निकालने की अनुमति दी। उन्हें एक सभागार में या एक स्टेडियम में या परिसर की चार दीवारों के भीतर कार्यक्रम आयोजित करने को कहा।

आरएसएस ने आज यहां जारी एक बयान में दक्षिण क्षेत्र के अध्यक्ष आर. वन्नियाराजन ने उच्च न्यायालय द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों की ओर इशारा करते हुए कहा और कहा कि जम्मू-कश्मीर, केरल और पश्चिम बंगाल राज्यों सहित पूरे देशभर में सार्वजनिक सड़कों पर रूट मार्च आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, मद्रास उच्च न्यायालय का फैसला हमें स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा, हम कल की योजना के अनुसार रूट मार्च नहीं करेंगे और आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटायेंगे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के 75वें वर्ष और डॉ बी आर अंबेडकर की 125 वीं जयंती के अवसर को यादगार बनाने के लिए आरएसएस ने इस वर्ष दो अक्टूबर को 50 स्थानों पर रूट मार्च आयोजित करने की योजना बनाई है।

## खाद्य एवं औषधि परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण किया चौधरी ने

इंदौर। मध्यप्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने आज यहां तलावली चांदा में निर्माणाधीन खाद्य एवं औषधि प्रशिक्षण प्रयोगशाला भवन का निरीक्षण किया। प्रयोगशाला का निर्माण 4 करोड़ 35 लाख रूपये की लागत से किया जा रहा है। डॉ. चौधरी ने कहा कि प्रयोगशाला खाद्य पदार्थों के तत्काल परीक्षण में उपयोगी साबित होगी। इसमें अत्याधुनिक उपकरण रहेंगे। इंदौर समेत उज्जैन संभाग के मिलावट संबंधी नमूनों के तत्काल परीक्षण की सुविधा मिलेगी। उन्होंने प्रयोगशाला में एयर कंडीशनर एवं फर्नीचर के लिए अलग से एक करोड़ 75 लाख रूपये जारी करने के निर्देश दिये।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में मिलावट के खिलाफ कठोर कार्यवाही के प्रावधान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार द्वारा किए गए हैं।

## धामी ने अधिकारियों को भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के दिए निर्देश

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को अधिकारियों को प्रदेश में भर्ती प्रक्रियाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सचिव अपने विभागों की रिक्तियों की सूचना एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध करायें। जिसमें सभी विभागों के कुल पदों का विवरण, वर्तमान में कार्यरत एवं रिक्त पदों का पूरा विवरण शामिल हो।



सचिवालय में आज अधिकारियों की बैठक लेते हुए श्री धामी ने निर्देश दिये कि रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए सेवायोजन एवं कौशल विकास विभाग द्वारा नियमित रोजगार मेलों का आयोजन किया जाए।

जिसमें औद्योगिक संगठनों का भी सहयोग लिया जाए। जिससे राज्य के अधिक से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर मिल सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये विभागों की फाइलें शासन स्तर पर अनावश्यक रूप से लंबित न रहे।

इसका मुख्यमंत्री कार्यालय से भी संज्ञान लिया जायेगा। श्रधामी ने कहा कि विभिन्न विभागों के रिक्त पदों के जो अधियाचन आयोग को भेजे जाने हैं, उनका परीक्षण कर यथाशीघ्र भेजा जाए।

अधियाचन भेजने से पहले सभी आवश्यक औपचारिकताएं भली भांति पूरी की जाये, ताकि भर्ती प्रक्रियाओं में तेजी आ सके।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में विभागीय स्तर पर तेजी से कार्य किये जाए, यह सुनिश्चित करना भी विभागीय अधिकारियों का दायित्व है, इसके लिए विभागों को अपनी कार्यप्रणाली में और सुधार लाने होंगे। विभागीय उपयोगिता के दृष्टिगत आवश्यक एवं महत्वपूर्ण प्रकृति पदों को शीघ्रता से भरे जाने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए।

## पिता की इच्छा को पूरा करने के लिए हेलीकॉप्टर से लाए दुल्हन

अलवर। राजस्थान में अलवर जिले के नौगांवा कस्बा निवासी तुषार सोनी अपने पिता की इच्छा को पूरा करने के लिए अपनी दुल्हन अनिष्का को हेलीकॉप्टर से नौगावा लेकर आए।

नौगावां तहसील के तुषार सोनी का विवाह का झुंझुनू के सिंघाना की अनिष्का के साथ संपन्न हुआ। विवाह के पश्चात अपनी दुल्हन को हेलीकॉप्टर से नौगावा लाकर उन्होंने अपने पिता की इच्छा पूरी की। दूल्हे तुषार सोनी के चाचा राजेंद्र सोनी ने बताया कि उनके भाई स्वर्गीय मोहन सोनी की इच्छा थी कि जब उनके पुत्र बड़े हो तो उनकी पुत्रवधू हेलीकॉप्टर से आए।

तुषार के पिता मोहन सोनी तो अब इस दुनिया में नहीं रहे लेकिन अपने पिता की इच्छा पूरी करने के लिए उन्होंने हेलीकॉप्टर से अपनी दुल्हन को घर लाने की ठान ली। तुषार आज विवाह के पश्चात दुल्हन अनिष्का को हेलीकॉप्टर से नौगांवा लाया गया। दुल्हन अनिष्का ने बताया कि उन्हे बहुत खुशी हो रही है कि वो हैलीकॉप्टर से अपने ससुराल आयी है। उन्होंने सोचा भी नहीं था कि वो इस तरह से अपने ससुराल जाएंगी। हैलीकॉप्टर ने झुंझनू के सिंघाना से नौगावा की दूरी लगभग 30 मिनट मे तय की। हेलीकॉप्टर देखने के लिए नौगावं तहसीलवासियों में एक हुजूम उमड़ पड़ा। लोगों में हेलीकॉप्टर के साथ सेल्फी लेने की होड़ मची रही। इस दौरान पुलिस प्रशासन सहित अन्य विभाग पूरी तरह से मुस्तैद रहे। राजेंद्र सोनी ने बताया कि नौगावा तहसील में 29 वर्षों बाद हेलीकॉप्टर आया है। 29 वर्ष पहले जैन समाज के पंचकल्याण समारोह के दौरान हेलीकॉप्टर आया था।

## शिवसेना ने रेलवे ट्रैक पर धरना दे रेल यातायात किया ठप

अमृतसर। शिवसेना के वरिष्ठ नेता सुधीर सूरी की हत्या के विरोध में शनिवार को शिव सेना के कार्यकर्ताओं ने अमृतसर के शिवाला भाईयां रेल फाटक पर धरना लगा कर अमृतसर-दिल्ली और अमृतसर- जम्मू रेल यातायात को ठप्प कर दिया। शिव सैनिक मांग कर रहे हैं कि श्री सुधीर सूरी को शहीद घोषित किया जाए, इस हत्याकांड की सीबीआई जांच की जाए और अमृतपाल सिंह को आरोपी बनाया जाए।

प्राप्त सूचना अनुसार रेलवे ट्रैक पर धरना दे रहे शिवसेना कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हटा दिया है। भारी पुलिस बल रेलवे ट्रैक और शहर की रखवाली कर रहा है। शहर में तनाव व्याप्त है। गौरतलब है कि गोपाल नगर में शुक्रवार को हिंदू नेता सुधीर सूरी की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी।

शनिवार को उनके शव का पोस्टमार्टम किया गया। इससे पहले सीटी स्कैन किया गया, जिसमें उनके शरीर में चार गोलियां लगने की पुष्टि हुई। इसके बाद हिंदू संगठनों ने जमकर हंगामा किया।

श्री सुधीर सूरी के निवास स्थान के बाहर अमृतपाल सिंह का नाम पर्चे में दर्ज करवाने के लिए अड़े शिवसेना के विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने अमृतसर शिवाला भाईयां रेलवे फाटक जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसके चलते अमृतसर-दिल्ली शताब्दी, हावड़ा मेल टाटा मूरी पश्चिम एक्सप्रेस व कई अन्य रेलगाड़ियां प्रभावित हो सकती है।

मेडिकल कालेज में पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही श्री सूरी का शव उनके घर पहुंचा, माहौल गमगीन हो गया। श्री सूरी के परिवार और शिवसेना ने श्री सूरी को शहीद का दर्जा दिए जाने तक अंतिम संस्कार न करने की धमकी दी है।

श्री सुधीर सूरी के निवास स्थान के बाहर पहुंचे हिंदुस्तान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सूरी का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा।

## आबादी क्षेत्र में तेंदुआ आने से दहशत, बेहोश कर बायोलॉजिकल पार्क ले गये

कोटा। राजस्थान में कोटा के सघन आबादी क्षेत्र महावीर नगर विस्तार योजना में आज तड़के एक तेंदुए के आ जाने से दहशत फ़ैल गई।

इस तेंदुए ने अलग-अलग स्थानों पर चार लोगों को जख्मी कर दिया, जिनका इलाज किया जा रहा है। बाद में मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ट्रेंकुलाइज को तेंदुए को बेहोश किया और उसे कोटा में अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क में ले जाया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुबह करीब पांच बजे महावीर नगर विस्तार योजना के आबादी क्षेत्र में एक तेंदुआ घूमते हुए देखा गया था। सबसे पहले यह इस इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ही मयंक मीणा के घर में घुस गया और उनके मकान की छत पर चढ़ गया। बाद में वहां से वह से पास ही में रहने वाले रामविलास के घर में घुसकर छत पर पहुंच गया।

करीब सात बजे वह जब वे वापस लौटे और पक्षियों को चुगा डालने के लिए अपने मकान की छत पर गये तो वहां तेंदुआ दिखाई दिया जिसने उन पर हमला कर घायल कर दिया और वहां से भाग निकला। इसके बाद यह एक अन्य व्यक्ति हरी शंकर के मकान की छत पर चढ़ गया। उसके कारण छत पर हुई आवाज सुनने के बाद हरि शंकर यह समझ कर कि बंदर आ गए है, छत पर गए तो यह तेंदुआ दिखाई दिया और उसने इन पर भी हमला कर दिया।

वहां से भागकर यह तेंदुआ नजदीकी रहने वाले गिरजा शंकर महावर के घर में घुस गया और रसोई घर में जाकर छुप कर बैठ गया। इस तेंदुए को देखकर गिरजा शंकर और उनकी पत्नी उषा दहशत में आ गए और डर के मार खुद को एक कमरे में घुसकर दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। सूचना मिलने पर कोटा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से विधायक संदीप शर्मा सहित कुछ राजनेता मौके पर पहुंचे और उन्होंने महावीर नगर विस्तार क्षेत्र में तेंदुए के बारे में वन विभाग को सूचना दी।

## शार्ट न्यूज

### मिट्टी के नीचे दबने से बच्ची की मौत

नोएडा। नोएडा में बेसमेंट की खुदाई के दौरान एक सात साल की बच्ची मनोरमा की मौत मिट्टी में दबने से हो गई। घटना के समय बच्ची का पिता चंद्र शेखर उसी साइट पर लेबर का काम कर रहा था। पीड़ित पिता ने कोतवाली सेक्टर-20 में मकान मालिक के खिलाफ शिकायत दी। पुलिस ने मामले में मकान मालिक राजेश अरोड़ा व ठेकेदार जय राम को गिरफ्तार कर लिया है। बता दे बढ़ते प्रदूषण के कारण नोएडा में कंस्ट्रक्शन कार्यों पर रोक लगी हुई है। इसके बाद भी नोएडा के सेक्टर-31 के प्लाट नंबर ए-67 में मकान का निर्माण किया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि निर्माण के दौरान यहां बेसमैंट की खुदाई की जार ही थी। सुरक्षा के किसी भी तरह के मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था। दोपहर में चंद्र शेखर की बेटी मनोरमा बेसमैंट के पास ही खेल रही थी। इस दौरान अचानक मिट्टी भर भराकर बच्ची के ऊपर गिरी। वह उसमें दब गई। जब तक बच्ची को निकालकर अस्पताल पहुंचाया जाता उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मकान को सील कर दिया है। साथ ही दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीड़ित पिता चंद्र शेखर जलौन में रहता है। यहां मजदूरी करता है।

### गलगोटिया कॉलेज का छात्र गायब

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के गलगोटिया यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाला एक छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। वह बिसरख थाना क्षेत्र के फ्यूजन होम सोसाइटी में रहता था। 3 नवंबर को वहीं से गलगोटिया यूनिवर्सिटी के लिए निकला, लेकिन वापस नहीं लौटा। कॉलेज में पूछा गया तो वहां भी नहीं पहुंचा था। फिलहाल परिजनों ने बिसरख थाने में तहरीर दी है। बिसरख थाना क्षेत्र के फ्यूजन होम्स में रहने वाला छात्र छसम जोशी मूल रूप से उत्तराखंड का रहने वाला है। छात्र के चाचा हरीश जोशी ने बताया कि वह केवल अभी 18 वर्ष का है। करीब एक महीने पहले ही उसका एडमिशन गलगोटिया कॉलेज में करवाया गया था। वह गलगोटिया कॉलेज से मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहा था। हरीश जोशी ने बताया कि 3 नवंबर को सोसाइटी से वह कॉलेज के लिए निकला था, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। जब हमने कॉलेज जाकर मालूम किया तो पता चला कि वह कॉलेज ही नहीं पहुँचा था। इसके बाद कई परिचित को फोन मिलाया। उनसे पता किया, लेकिन पता नहीं चला। मामले में बिसरख पुलिस से शिकायत की गई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिसरख थाना प्रभारी उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि एक छात्र के गायब होने की शिकायत मिली है। उसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। बच्चे के साथ उसका मोबाइल फोन भी है। सर्विलांस के आधार पर बच्चे की तलाश की जा रही है। र बच्चे की सीडीआर भी निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि इसके लिए टीम लगाई हुई है, जल्दी ही बच्चे को बरामद कर लिया जाएगा।

### प्राधिकरण ने चलाया सफाई अभियान

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेनो वेस्ट में स्प्रिंग मीडोज के निवासियों ने प्राधिकरण के साथ मिलकर शनिवार को साफ सफाई अभियान चलाया। इस अभियान के तहत स्प्रिंग मिडोज और निराला एस्टेट के पास की सड़कों और पास में खाली पड़े प्लॉट की साफ-सफाई की गई। इस अभियान में कई रेसिडेंट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओर से सफाई गिरी अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य शहर को स्वच्छ और साफ रखना है। प्राधिकरण के इस अभियान में ग्रेटर नोएडा वासियों का भी भरपूर साथ मिल रहा है। शनिवार को ग्रेनो वेस्ट में स्प्रिंग मीडोज सोसाइटी के निवासियों ने प्राधिकरण के साथ मिलकर सफाई अभियान चलाया। स्प्रिंग मीडोज निवासी विकाश कटियार ने बताया कि इस प्लॉट की सफाई लिए लगातार वो सोशल मीडिया पर लिखते रहे और अथॉरिटी में जाकर अधिकारियों से वार्ता भी की। इसके बाद अथॉरिटी की मदद से जुलाई 2022 से इसकी सफाई का कार्य शुरू हुआ। इस प्लॉट से 52 ट्रक मलबा अथॉरिटी की मदद से दो से तीन महीनों में बीच बीच में निकलवाया गया। आगे भी अपने आसपास इस तरह की सफाई अभियान होते रहेंगे। उन्होंने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का आभार जताया है। सोसाइटी निवासी अवनीश वर्मा का कहना है कि 2 साल पहले इस जगह गड्ढे, मलबा और झाड़ियां हुआ हुआ करती थीं। बरसात में पानी भरा रहता था, जिससे की मच्छर और बीमारियां फैलने का डर रहता था, लेकिन अभी साफ-सफाई हो गई तो बहुत अच्छा लग रहा है।

### गौतम बुद्ध नगर से शातिर चोर गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा की थाना सेक्टर 20 पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। यह चोर रेकी करने के बाद घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया करता था। साथ ही उसने अपने पड़ोसी के घर के ताले की दूसरी चाबी बनाकर उसके घर में भी चोरी की थी।पुलिस ने चोरी के गहने बरामद कर लिए हैं। नोएडा की थाना सेक्टर 20 पुलिस ने थाना सेक्टर 31 के पास से एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। इसका नाम आफताब है जो निठारी सेक्टर 31 का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से चोरी के सोने व चांदी के आभूषण व अन्य सामान बरामद किया है। दरसअल, यह बड़े ही शातिर किस्म का चोर है। यह निठारी में रहा करता था, तब अपने पड़ोस में रहने वाले यूनुस खान के घर के ताले की दूसरी चाबी बनवा ली और उस चाबी से 20 और 21 अक्टूबर को सोने और चांदी के आभूषण चोरी कर लिया। घरवालों को चोरी के बारे में कुछ दिन बाद पता चला तो इसकी शिकायत पुलिस से की। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। शनिवार को पुलिस ने चेकिंग के दौरान आफताब को गिरफ्तार कर लिया।थाना सेक्टर 20 प्रभारी ने बताया कि आज एक शातिर चोर आफताब को गिरफ्तार किया गया है। उसे जेल भेजा जा रहा है।

### उपराष्ट्रपति की सुरक्षा में तैनात 15 पुलिसकर्मी गैरहाजिर मिले

ग्रेटर नोएडा। शहर एक्सपो मार्ट में शनिवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की सुरक्षा को लेकर पुलिस की बड़ी चूक सामने आई है। ग्रेटर नोएडा डीसीपी के निरीक्षण के दौरान उपराष्ट्रपति की सुरक्षा में तैनात किए गए दो थाना प्रभारी, आईटी सेल के निरीक्षक, एक महिला दरोगा समेत 15 पुलिसकर्मी गैरहाजिर पाए गए। इन पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई कर सभी की गैरहाजिरी दर्ज की गई है। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट सेंटर में चल रहे इंडिया वाटर वीक का शनिवार को समापन था। समापन समारोह कार्यक्रम में भारत के उपराष्ट्रपति समेत कई केंद्रीय मंत्री शामिल हुए। पुलिस द्वारा उपराष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर कड़े बंदोबस्त किए गए थे। इस दौरान एक्सपो के अंदर और बाहर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। ग्रेटर नोएडा के डीसीपी अभिषेक वर्मा ने उपराष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों जांच की तो दो थाना प्रभारी, एक आईटी सेल में पोस्टेड निरीक्षक, एक उपनिरीक्षक, महिला उपनिरीक्षक, छह हेड कांस्टेबल, चार महिला कांस्टेबल गैर हाजरी पाए गए। इसके चलते इन सभी के गैरहाजिर दर्ज की गई। इस मामले में डीसीपी अभिषेक वर्मा का कहना है कि सभी पुलिसकर्मी ड्यूटी के समय से कुछ देर बाद पहुंचे थे। इसके चलते सभी को आगे से गलती नहीं करने की हिदायत दी गई है।

### रोडवेज बस में महिला ने बच्चे को जन्म दिया

दादरी। बादलपुर क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग- 91 पर यात्रा कर रही एक महिला ने बदायूं डिपो की रोडवेज बस में बच्चे को जन्म दिया है। महिला दिल्ली के आनंद विहार से जनपद फर्रुखाबाद के लिए सवार हुई थी। महिला और नवजात शिशु स्वस्थ बताए जा रहे हैं। इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एक निजी अस्पताल में सामान्य जांच के बाद दोनों की छुट्टी कर दी गई। मूलरूप से फर्रुखाबाद का रहने वाला धनीराम गुरुग्राम में मजदूरी का काम करता है। धनीराम के साथ 30 वर्षीय पत्नी पूजा भी काम करती है। शुक्रवार को धनीराम पत्नी के साथ बदायूं डिपो की बस्सी गृह जनपद फर्रुखाबाद के लिए रवाना हुआ था बस में करीब 40 यात्री सवार थे। लाल कुआं के पास पूजा के पेट में दर्द होने लगा। इसके बाद बस में मौजूद महिला यात्री पूजा के पास पहुंच गई और सबकी मदद से प्रसव के दौरान पूजा ने बेटे को जन्म दिया है। प्रसव के दौरान बस चालक मुकेश मिश्रा ने बस को हाईवे के किनारे लगा लिया।

# स्पा में महिला की मौत : दो महीने बीत जाने के बाद भी एफआईआर नहीं हुई दर्ज

## दिल्ली महिला आयोग ने दिल्ली पुलिस को समन जारी किया

**प्रफुल्ल राय/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग ने दिल्ली के प्रीत विहार इलाके में एक स्पा में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में दिल्ली पुलिस को समन जारी किया है। मृतका ने 04.09.2022 को बतौर थेरेपिस्ट स्पा में नौकरी शुरू की थी। कथित तौर पर, नौकरी के पहले ही दिन स्पा में कुछ पीने के बाद उसे उल्टी होने लगी। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उक्त स्पा को भी करीब 9 माह पूर्व दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने पर सील कर दिया गया था लेकिन फिर से खोल दिया गया था।

इस संबंध में थाना प्रभारी प्रीत विहार से दिनांक 06.09.2022 को कार्रवाई रिपोर्ट मांगी गई, जिन्होंने बताया कि इस मामले में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद आयोग ने अरुणा आसफ अली अस्पताल को एक नोटिस जारी किया, जिसने बताया कि मृतका की पोस्टमार्टम रिपोर्ट पहले ही दिल्ली पुलिस को सौंपी जा चुकी है और मृतका की मृत्यु का कारण जानने के लिए फोरेंसिक से राय लेने के लिए विसरा नमूना भी संरक्षित किया गया है।

इसके बाद आयोग ने दिल्ली पुलिस को एक और नोटिस जारी कर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। पुलिस की ओर से फिर से एक जवाब मिला जिसमें बताया कि इस मामले में अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। यह भी पता चला कि मृतका का विसरा नमूना अब तक फॉरेंसिक को नहीं भेजा गया है!

दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्षा स्वाति मालीवाल ने इस मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त को समन जारी किया है। आयोग ने प्राथमिकी दर्ज करने, विसरा नमूना फोरेंसिक को नहीं भेजने के कारणों, लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारी (अधिकारियों) का विवरण, प्राथमिकी दर्ज करने में विफल रहने और समय पर नमूना नहीं भेजने के लिए उनके खिलाफ की गई कार्रवाई का विवरण मांगा है। इसके अलावा, आयोग ने मामले में स्पा के खिलाफ की गई कार्रवाई का विवरण मांगा है। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्षा स्वाति मालीवाल ने कहा, एक महिला की ड्यूटी के पहले ही दिन एक स्पा में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। हालांकि, दिल्ली पुलिस 2 महीने बीत जाने के बावजूद इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने में विफल रही है। साथ ही पुलिस ने विसरा का नमूना फॉरेंसिक भेजने में काफी देरी की है। यह एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है क्योंकि इस स्पा को पहले भी बंद कर दिया गया था। उसकी मौत के कारणों की जांच के लिए मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं करना एक बेहद संवेदनशील मामले में पुलिस के आचरण पर कई चिंताएं पैदा करता है। मैंने दिल्ली पुलिस को समन जारी किया है और मामले की गहनता से जांच की जानी चाहिए और उसकी मौत के कारणों का पता लगाया जाना चाहिए। अगर कोई गड़बड़ी हुई है तो मामले में सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

# सुकेश के आरोपों का केजरीवाल सीधा दें जवाब

- क्या होटल हयात में की थी सुकेश से मुलाकात? क्या टेलीफोन पर की थी बात?
- क्या कैलाश गहलोत के फार्म हाउस में सत्येंद्र ने लिए थे 50 करोड़?

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ठगी के आरोप में तिहाड़ जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर के आरोपों का सीधा जवाब दें। सुकेश चंद्रशेखर ने कहा है कि केजरीवाल ने उससे 2016 में हयात होटल में मुलाकात की थी। उसने केजरीवाल से फोन पर बात होने का भी हवाला दिया है। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत के फार्म हाउस में 50 करोड़ रुपए सत्येंद्र जैन को देने की बात भी कही है। बिधूड़ी ने कहा है कि इन सारे आरोपों की जांच की जरूरत है क्योंकि चंद्रशेखर का कहना है कि उसके पास पुख्ता सबूत हैं।

बिधूड़ी ने कहा है कि चंद्रशेखर ने अपनी प्रेस रिलीज में केजरीवाल से जो सवाल पूछे हैं, उनका जवाब सार्वजनिक रूप से सामने आना चाहिए। केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के सदस्य आरोपों का सीधा जवाब देने की बजाय उसे ठग और महाठग कहकर सारे मामले को टाल रहे हैं।

अगर आरोप सही हैं तो फिर सुकेश चंद्रशेखर के मुकाबले आम आदमी पार्टी के नेता और भी बड़े ठग हैं और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

बिधूड़ी ने यह मांग भी की है कि तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन को दिल्ली से बाहर किसी और जेल में ट्रांसफर किया जाए। बिधूड़ी ने कहा है कि महाठग सुकेश चंद्रशेखर की चिट्ठियां बता रही हैं कि केजरीवाल सरकार तिहाड़ जेल में माफिया जैसा काम कर रही है और सत्येंद्र जैन अपनी स्थिति का भरपूर लाभ उठा रहे हैं।

सुकेश चंद्रशेखर द्वारा जारी प्रेस रिलीज में केजरीवाल से पूछे गए सवालों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बिधूड़ी ने कहा है कि जेल में बंद अपराधियों से आम आदमी पार्टी उगाही कर रही है।

जब इसकी सूचना उपराज्यपाल महोदय को दी गई तो फिर सत्येंद्र जैन द्वारा उसे धमकियां दी गई। इससे पहले भी वह सत्येंद्र जैन पर 10 करोड़ की उगाही का आरोप लगा चुका है। सत्येंद्र जैन ने अपनी स्थिति का लाभ उठाते हुए दिल्ली सरकार के लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल की रिपोर्ट के आधार पर अस्पताल में दाखिल कराने का अनुरोध अदालत से किया था लेकिन जब ऐसा ही सर्टीफिकेट लोहिया अस्पताल से लाने के लिए कहा गया तो वह नहीं लाए। इसका मतलब यह है कि अस्पताल से भी गलत सर्टीफिकेट लिया गया था। सत्येंद्र जैन को मुख्यमंत्री केजरीवाल ने अभी तक मंत्री बनाया हुआ है और वह अस्पताल हो या जेल, अपने का पूरी तरह दुरुपयोग कर रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि इस स्थिति को रोकने के लिए यह जरूरी है कि सत्येंद्र जैन को तुरंत दिल्ली से बाहर किसी जेल में ट्रांसफर किया जाए ताकि वह कोई भी गैरकानूनी काम न कर सकें।

## अभिनेता विवेक ओबेरॉय कथित धोखा देने मामले में समन करने की मांग संबंधी याचिका खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय, उनके पिता सुरेश ओबेरॉय और उनकी दिल्ली स्थित फर्म याशी मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड को वर्ष 2003 में एक मनोरंजन कंपनी को कथित रूप से धोखा देने के लिए समन करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव की पीठ ने कहा कि पूरे मामले को देखने के बात दस्तावेजों से प्रथमदृष्टया यह तथ्य सामने नहीं आया है कि इस मामले में भारती दंड संहिता के तहत धोखाधड़ी का मामला बनता है। लिहाजा याचिकाकर्ता की मांग को खारिज किया जा रहा है। वह इस मामले में दीवानी उपचार का सहारा ले सकता है। उच्च न्यायालय ने कहा कि यहां तक कि पूरी शिकायत के आधार पर अपराध का खुलासा न करना भी शिकायत को रद्द करने का एक आधार बन रहा है। मुंबई के मेहता एंटरटेनमेंट के सीईओ याचिकाकर्ता दीपक मेहता ने शुरुआत में ओबेरॉय परिवार और उनकी कंपनी के खिलाफ एक आपराधिक शिकायत के साथ यहां एक मजिस्ट्रेट अदालत का दरवाजा खटखटाया था जिसमें उनके खिलाफ समन जारी करने की मांग की गई थी। निचली अदालत से शिकायत खारिज कर दी गई थी। निचली अदालत के आदेश को सत्र अदालत और उसके बाद उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी गई थी। याचिका को खारिज करते हुए, उच्च न्यायालय ने कहा कि इस अदालत को सीआरपीसी (आपराधिक प्रक्रिया संहिता) की धारा 482 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे की अदालतों द्वारा पारित आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई औचित्य नहीं लगता है।

## पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की बिसरख थाना पुलिस और बाइक सवार लुटेरों के बीच मुठभेड़ हो गए इस मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए वही एक बदमाश मौके से फरार हो गया। यह बदमाश बिसरख थाना क्षेत्र से ही चेन लूट के मामले में फरार चल रहे थे दोनों घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल में भेजा गया है। बिसरख थाना क्षेत्र में 12 अक्टूबर को एक चैन लूट की घटना हुई थी। पुलिस लगातार उन लुटेरों की तलाश में जुटी हुई थी। मुखबिर से सूचना मिली कि वही लुटेरे बिसरख क्षेत्र में किसी घटना को अंजाम देने के लिए आ रहे हैं। जिसके बाद बिसरख पुलिस ने घेराबंदी शुरू कर दी। जब पुलिस डी मार्ट के पास चेकिंग कर रही थी तभी अपाचे पर तीन संदिग्ध आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया लेकिन वह लोग नहीं रुके और उन्होंने मोटरसाइकिल को दौड़ा दिया। पुलिस ने जब उनका पीछा करना चाहा तो उन लोगों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की इस दौरान उनकी मोटरसाइकिल गिर गई और दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई। दोनों बदमाश वही पर गिर पड़े जिन्हें पुलिस ने दौड़कर पकड़ लिया। जबकि एक बदमाश फरार हो गया। इन दोनों बदमाशों की पहचान मोहित और हिमांशु के रूप में हुई। दोनों बदमाश मुजफ्फरनगर और मेरठ के रहने वाले हैं।

# मान साहिब पंजाब में खालिस्तानियों का अगला टारगेट कौन?

## यूनाइटेड हिंदू फ्रंट का प्रश्न, रोष स्वरूप प्रचंड प्रदर्शन करके पंजाब में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग

**आनंद राय/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली । यूनाइटेड हिंदू फ्रंट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं शिवसेना नेता सुधीर सूरी की हत्या की यूनाइटेड हिंदू ने कड़ी भर्त्सना करते हुए आज जंतर मंतर पर प्रचंड प्रदर्शन करके अपना रोष व्यक्त किया। महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रस्तुत कर के वर्तमान भगवंत मान सरकार को तुरंत बर्खास्त करके वहां राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की गई। इस अवसर पर अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान के पुतले भी दहन किए गए। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राष्ट्रवादी शिव सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जय भगवान गोयल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से प्रश्न किया कि पंजाब में खालिस्तानियों का अगला टारगेट कौन होगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार बनने के बाद लगातार हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं और सरकार तमाशबीन बनी हुई है, आने वाले दिनों में और हिंदू नेता ऐसी घिनौनी वारदातों का शिकार हो सकते हैं। वाई कैटेगरी की सुरक्षा के बावजूद खुलेआम हिंदू नेता को गोलियों से छलनी कर देना एक असाधारण घटना है। भगवंत मान सरकार के शासनकाल में आतंकवादियों को सिरोपे भेंट किए जा रहे हैं। वारिस पंजाब नामक संगठन बनाकर वहां नया भिंडरावाला पैदा किया गया है जिसका नाम अमृतपाल सिंह भिंडरावाला है। ऐसी जानकारी मिली है कि सुधीर के हत्यारे संदीप के घर 4 दिन पूर्ण ही अमृतपाल सिंह भिंडरावाला गया था। इस जिन्होंने हत्याकांड में अमृतपाल सिंह मीडिया वाले और गुरपतवंत सिंह पन्नू शहीद के नेताओं का परोक्ष हाथ होने से इनकार नहीं किया जा सकता। गोयल ने आगे कहा कि सरकार दमदमी टकसाल की संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने में बुरी तरह विफल सिद्ध हुई है। कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं कि देश भर में आम आदमी पार्टी का साम्राज्य फैलाने को आतुर इसके नेता पंजाब और दिल्ली की सुध लेने की बजाय अन्य राज्यों पर अधिक ध्यान देने में लगे हैं। पंजाब में जंगलराज कहा जाए तो गलत नहीं होगा। ऐसी सरकार की हम तत्काल बर्खास्तगी करने और वहां राष्ट्रपति शासन लागू करने की जोरदार मांग करते हैं ताकि पंजाब एक समृद्ध और खुशहाल राज्य बन सके।

# नव श्री कला एंड कल्चर ऑर्गेनाइजेशन की आर्टिजन आर्ट गैलरी में प्रदर्शनी आज

## 18 बाल कलाकारों की ड्राइंग्स और पेटिंग्स की होगी प्रदर्शनी

**विवेक राय/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। नव श्री कला एंड कल्चर ऑर्गेनाइजेशन द्वारा बच्चों के लिए हर साल क्रिएटिविटी बाय लिटिल हैंड्स नाम से ड्राइंग, पेंटिंग, कला और शिल्प की एक राष्ट्रीय स्तर की सामूहिक कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है. हर साल की तरह इस साल भी आर्टिजन आर्ट गैलरी, पियरी लाल भवन, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली में प्रदर्शनी का आयोजन किया किया गया है. प्रदर्शनी का शुभारंभ 4 नवंबर से हुआ है. यह प्रदर्शनी 6 नवंबर, 2022 तक सुबह 11 बजे से शाम 6:00 बजे तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी. इस कला प्रदर्शनी में पूरे भारत के 18 बाल कलाकारों की कृतियों प्रदर्शित की जा रही हैं. राष्ट्रीय स्तर की बाल कला प्रदर्शनी में दिल्ली से आरव पवार, दिल्ली से अलीशा पवार, दिल्ली से अमीशी गौरव, दिल्ली से आयुष अग्निहोत्री, दिल्ली से हर्षिता चड्ढा, दिल्ली से कनिष्क कुमारी, दिल्ली से माही मनोचा, दिल्ली से माहिरा जैन, दिल्ली से मान्या जैन, दिल्ली से नंदनी, दिल्ली से नव्या बरसीवाल, हरियाणा से प्रेम कुमार, दिल्ली से पुलकित बजाज, उत्तर प्रदेश से सुहानी अरोड़ा, दिल्ली से तनिष्का गोयल, कोयंबटूर से टीना एएस, हरियाणा से तियाशा चक्रवर्ती एवं दिल्ली से जकिया राशिद भाग ले रहे हैं.

इसके साथ ही इस कला प्रदर्शनी में हिमांशु कला संस्थान द्वारा बच्चों के लिए कई कला एवं शिल्प कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही हैं, जो सभी बच्चों के लिए नि:शुल्क हैं. ये कार्यकलाएं वार्ली पेंटिंग, टैटू, डिजिटल ओरिगेमी, पेपर क्राफ्ट, क्ले मॉडलिंग, कलरिंग, पेपर-कप क्राफ्ट, पॉटरी मेकिंग, पजल, फोटो शूट आदि विविध कला के क्षेत्र में आयोजित किये जाएंगे. कार्यशाला में संस्थान द्वारा भाग लेने वाले सभी बच्चों को भागीदारी प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे.

प्रदर्शनी में भाग लेने वाले सभी बच्चों को डॉ. हरविंदर मानककर (बच्चों के प्रसिद्ध कार्टून चरित्र मोटू-पतलू के निर्माता) द्वारा 6 नवंबर को शाम 4:00 बजे पुरस्कार भी दिए जाएंगे. इसके अलावा नव श्री कला एंड कल्चर ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को भी यहां पुरस्कृत किया जाएगा।

# हाउसिंग सोसायटी में बैंक अधिकारी से मारपीट

## बिना एंट्री किए सोसायटी में घुसे लड़के, गार्ड से बहस करने से रोका तो पीट दिया

**एजेंसी**

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-62 में स्थित रेल विहार हाउसिंग सोसायटी में शुक्रवार रात को अज्ञात बदमाशों ने एक बैंक अधिकारी को जमकर पीटा। पीड़ित ने इस मामले में सेक्टर-58 कोतवाली में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ शिकायत दी। 6-7 अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।



वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि छह से सात लड़के एक सोसायटी के गेट के अंदर आते है। ये सभी लड़के बिना एंट्री किए सोसायटी में घुस रहे है। गेट पर बैठे सीक्यूरिटी गार्ड ने इन लड़कों को रोका।

जिस पर दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। यह घटना शुक्रवार रात करीब 12:00 बजे की है। पीड़ित व्यक्ति नितिन शर्मा का कहना है कि वह रात को अपने घर पर वापस लौट रहा था। उसी दौरान रेल विहार हाउसिंग सोसायटी के मेन गेट पर अज्ञात लोगों को सिक्योरिटी गार्ड से लड़ते हुए देखा।

जिसके बाद उन्होंने उन लोगों से कहा कि आप बिना बात के सिक्योरिटी गार्ड से क्यों बहस कर रहे हो। पीड़ित व्यक्ति का आरोप है कि अज्ञात बदमाशों ने उनको बहुत बुरी तरह पीटा है। वीडियो में दिख रहा है मारपीट के बाद सभी लड़के मौके से फरार हो गए।

इस मामले में सेक्टर-58 कोतवाली प्रभारी विवेक त्रिवेदी ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

पुलिस ने इस मामले में शुरुआती जांच की है। शुरुआती जांच में पता चला है कि अज्ञात बदमाश सोसाइटी में ही रहते हैं।

बीती रात को करीब 12:00 यह 6-7 लोग बिना एंट्री करे सोसाइटी में घुस रहे थे, लेकिन जब सिक्योरिटी गार्ड ने इसका विरोध किया तो उन्होंने अपनी दबंगई दिखाने शुरू कर दी।

### पुलिस 36 घंटे बाद भी हमलावर को गिरफ्तार नहीं कर सकी

ग्रेटर नोएडा। भाजपा के मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ता पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों को पुलिस 36 घंटे बाद भी गिरफ्तार नहीं कर सकी है। स्थानीय सांसद ने पुलिस को हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए 36 घंटे का समय दिया था। अब भाजपाइयों द्वारा इस मामले में आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। हालांकि पुलिस लगातार हमलावरों की तलाश में जुटी है। पुलिस का दावा है कि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर पी थ्री गोलचक्कर के समीप गुरुवार की शाम भाजपा के मंडल अध्यक्ष महेश शर्मा और कार्यकर्ता शिवम और संचित उर्फ सिंगा पंडित पर स्कार्पियो सवार हमलावरों ने हमला बोल दिया था। इस हमले में मंडल अध्यक्ष महेश शर्मा और शिवम जान बचाकर भाग निकले थे।

# दिल्ली में हवा की दिशा बदलने से राहत, मंगलवार तक प्रदूषण घटने के आसार

**एजेंसी**

नई दिल्ली। राजधानी में बीते दो दिनों से बढ़े हुए प्रदूषण से शनिवार को हल्की राहत मिली। हवा की दिशा बदलने के चलते शनिवार को प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी से बेहद खराब श्रेणी में आ गया है। अगले दो दिनों में प्रदूषण कम होकर खराब श्रेणी में जाने की संभावना है।



राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक जो गुरुवार को 450 और शुक्रवार को 447 अंक पर दर्ज हुआ था। शनिवार को यह आंकड़ा 385 अंक दर्ज किया गया। हालांकि, शनिवार को भी दिल्ली के 13 इलाके ऐसे रहे जहां प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी में रहा। इनमें अधिकांश इलाके दिल्ली बॉर्डर के पास वाले हैं। राजधानी में प्रदूषण के चलते लगातार लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस सप्ताह के अधिकांश दिनों में प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी या उसका आसपास रहा है।

हालांकि, शनिवार से इसमें कमी देखने को मिल रही है। शनिवार सुबह जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 415 दर्ज किया गया तो वहीं शाम तक यह घटकर 385 पर आ गया। अगले दो दिनों में इसमें और कमी आने की संभावना जताई गई है। सफर की मानें तो आगामी मंगलवार तक वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 से नीचे जा सकता है। ऐसा होने पर यह बेहद खराब श्रेणी से खराब श्रेणी में पहुंच जाएगा।

राजधानी में शनिवार को तेज हवा चलने से प्रदूषक कणों का बिखराव हुआ है जिसके चलते वायु गुणवत्ता सूचकांक में कमी देखने को मिल रही है।

### पूर्वी, दक्षिण पूर्वी दिशा से चली हवा

दिल्ली में शनिवार को उत्तर-पश्चिम की जगह पूर्वी एवं दक्षिण पूर्वी दिशा से 10 से 12 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चली, जिसके चलते प्रदूषण से लोगों को राहत मिली है। इस वजह से पराली का प्रदूषण दिल्ली तक काफी कम पहुंचा।

सफर के मुताबिक दिल्ली के प्रदूषण में गुरुवार को पराली का प्रदूषण 30 फीसदी, शुक्रवार को 34 फीसदी जबकि शनिवार को 21 फीसदी शामिल रहा है। बीते 24 घंटे में पराली जलाने के 1761 मामले दर्ज हुए हैं। पराली के कम जलने की वजह से भी दिल्ली की हवा में सुधार देखने को मिला है। शनिवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री जबकि न्यूनत्तम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### 13 जगहों पर गंभीर श्रेणी में एक्यूआई

राजधानी में शनिवार को 13 जगहों पर प्रदूषण गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। इनमें अधिकांश क्षेत्र दिल्ली के बॉर्डर से सटे हुए हैं।

इनमें नरेला, अलीपुर, बवाना, जहांगीरपुरी, मुंडका, रोहिणी, अशोक विहार आदि शामिल हैं। इनके अलावा विवेक विहार, नेहरू नगर, पटपड़गंज, आरकेपुरम, सोनिया विहार और वजीरपुर में भी प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी में रहा। आमतौर पर सबसे ज्यादा प्रदूषित रहने वाले आनंद विहार का वायु गुणवत्ता सूचकांक शनिवार को 368 दर्ज किया गया।

4 गौरवशाली भारत
संपादकीय
नई दिल्ली
रविवार 06 नवंबर 2022
Www.gauravshalibharat.com

## संपादकीय

# बदहाली की शिक्षा

हालात इशारा कर रहे हैं कि देश में शैक्षिक ढांचा लगातार इंडिया और भारत में तब्दील होता जाता रहा है। एक तरफ संपन्न तबके, पूंजीपतियों, नेताओं व नौकरशाहों के बच्चे महंगे स्कूलों में शिक्षित व प्रशिक्षित हो रहे हैं, वहीं सरकारी स्कूलों की बदहाली में विस्तार जारी है। राजनीतिक भ्रष्टाचार की तपिश से भी शिक्षा की कोंपलें मुरझायी ही हैं। शिक्षा मंत्रालय की स्कूल एजुकेशन पर हालिया रिपोर्ट तो कम से कम यही बताती है। पिछले दिनों शिक्षा मंत्रालय के यूनीफाइड डिस्ट्रिक्ट इनफोर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस यानी यूडीआईएसई+ की 2021-22 के लिये जारी वार्षिक रिपोर्ट के आंकड़े तो कम से कम यही कहते हैं। एक साल में बीस हजार स्कूलों का बंद होना गंभीर चिंता की बात है। ये वे स्कूल हैं जिनमें ज्यादातर निम्न आय वर्ग व वंचित समाज के लोग उम्मीदों से पहुंचते हैं। निस्संदेह, यह स्थिति सत्ताधीशों की लोक-कल्याणकारी दायित्वों से मुक्त होने की कहानी भी कहती है। उससे भी ज्यादा चिंता की बात यह कि इस दौरान निजी स्कूलों के एक लाख शिक्षकों ने नौकरी गंवाई है। यदि इस सर्वेक्षण के आंकड़ों को सही मान भी लिया जाये तो भी शैक्षिक जगत की गंभीर विसंगति उजागर ही होती है। निस्संदेह, कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया के शैक्षिक ढांचे की चूलें हिला दी। पूरी दुनिया में गरीब तबके के करोड़ों विद्यार्थी, खासकर ज्यादातर लड़कियां फिर कभी स्कूलों का मुंह नहीं देख पाएंगी। उनके परिवारों पर महामारी के दौरान जीविका का संकट कहर बनकर बरपा है। निस्संदेह उनकी प्राथमिकता पहले रोटी रही है, शिक्षा उनके लिये गौण विषय रहा है। इस रिपोर्ट में भारतीय शैक्षिक ढांचे की हकीकत भी उजागर हुई है। रिपोर्ट बताती है कि सर्वेक्षण में शामिल देश के करीब 53 फीसदी स्कूलों में कंप्यूटर की सुविधा नहीं थी। वहीं 66 फीसदी स्कूलों में इंटरनेट नहीं पहुंचा। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि कोरोना संकट के दौरान ऑनलाइन पढ़ाई के दावे कितने खोखले रहे होंगे? इन बच्चों की पढ़ाई का महामारी काल में कितना नुकसान हुआ होगा? क्या ये बच्चे भविष्य में निजी स्कूलों के छात्रों से मुकाबला कर पायेंगे? रिपोर्ट के अन्य कई आंकड़े शैक्षिक जगत में विशाल खाई की असलियत उघाड़ देते हैं। रिपोर्ट बताती है कि बिहार के 89 फीसदी स्कूलों में इंटरनेट की सुविधा नहीं है। करीब 83 फीसदी स्कूलों में प्रोजेक्टर से पढ़ाई की व्यवस्था नहीं है। देश के 23 प्रतिशत स्कूलों में खेल के मैदान नहीं हैं। करीब 83.3 फीसदी स्कूलों में लाइब्रेरी नहीं है। आधुनिक शिक्षा से कोसों दूर इन स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों का भविष्य क्या होगा, जहां दस फीसदी से अधिक स्कूलों में बिजली नहीं पहुंची है। वहीं करीब ढाई फीसदी स्कूलों में छात्राओं के लिये शौचालय नहीं हैं। शिक्षा की इन बुनियादी जरूरतों के बिना बच्चे किन हालात में पढ़-लिख रहे हैं और क्या पढ़-लिख रहे हैं, उसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। कह सकते हैं कि ये स्कूल बीमार भविष्य के वाहक बन गये हैं। ऐसे में इस कथन का क्या औचित्य है कि यह ज्ञान की सदी है? यह भी कि नई शिक्षा नीति धरातल पर कितनी प्रभावी रही है? निस्संदेह कोरोना काल हमारे सामने एक बड़ी चुनौती बनकर आया। तब जीवन बचाने का संकट था। लेकिन उसके बावजूद पुरानी स्थिति बहाल करना सत्ताधीशों की प्राथमिकता में क्यों नहीं है? यहां सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्यों देश में शिक्षा प्रणाली में एकरूपता लाने और उसे समय की जरूरतों के अनुरूप ढालने के ईमानदार प्रयास नहीं होते हैं? क्यों शिक्षकों की नियुक्ति का जिम्मा भ्रष्ट व्यवस्था के हवाले किया गया है? सवाल यह भी है कि क्या हम लार्ड मैकाले के अभिशाप से मुक्त हो पाये हैं? क्यों शिक्षा जगत की समस्याओं व चुनौतियों को समग्र रूप में संबोधित नही किया जाता? देश में आर्थिक असमानता की खाई से जब तक शिक्षा व्यवस्था को मुक्त नहीं किया जाता, तब तक हम विषमता का दंश झेल रहे नौनिहालों के भविष्य से कभी न्याय नहीं कर पायेंगे। सरकारें शिक्षा व्यवस्था में सुधार की जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकतीं।

## उत्तर भारत की चिंता करें

# सभी को है साफ हवा में सांस लेने अधिकार

### इसके आसार कम ही हैं कि प्रदूषण को कम करने के लिए आनन-फानन ठोस उपाय हो सकेंगे

केंद्र सरकार अथवा सुप्रीम कोर्ट केवल दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण को कम करने के उपायों पर जोर देते हैं तो इसका कोई औचित्य नहीं होगा। उन्हें समूचे उत्तर भारत के पर्यावरण की चिंता करनी होगी क्योंकि साफ हवा में सांस लेने का अधिकार देश के अन्य हिस्से के लोगों को भी।

पंजाब में पराली जलते रहने के कारण दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच जाने के बाद ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान यानी ग्रेप के चौथे चरण को लागू करना पड़ा। ऐसा इसलिए करना पड़ा, क्योंकि ग्रेप के तीसरे चरण की पाबंदियां नाकाम सिद्ध हुईं। ग्रेप के चौथे चरण को लागू करने की घोषणा के साथ ही दिल्ली के साथ पड़ोसी शहर नोएडा में भी कई पाबंदियां लगाई गई हैं, लेकिन प्रदूषण की मार केवल दिल्ली-एनसीआर तक ही सीमित नहीं है। उत्तर भारत के कई इलाके ऐसे हैं, जहां हवा की गुणवत्ता खराब या बहुत खराब है। कुछ क्षेत्रों में तो वायु की गुणवत्ता दिल्ली से भी खराब है, जैसे कि चरखी-दादरी। इसी तरह भोपाल, कटिहार तक में भी वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है।

वास्तव में उत्तर भारत के जिन शहरों में हवा की गुणवत्ता का स्तर लोगों की सेहत के लिए ठीक नहीं, उनकी गिनती करना कठिन है, लेकिन चिंता जताई जा रही है केवल दिल्ली-एनसीआर के विषाक्त वायुमंडल की। इससे उत्साहित नहीं हुआ जा सकता कि दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का स्तर खतरनाक स्थिति तक पहुंच जाने के बाद केंद्र सरकार भी सक्रियता दिखा रही है और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के साथ सुप्रीम कोर्ट भी, क्योंकि इसकी परवाह नहीं की जा रही है कि उत्तर भारत के एक बड़े क्षेत्र का वायुमंडल जहरीला हो रहा है।

यदि केंद्र सरकार अथवा सुप्रीम कोर्ट केवल दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण को कम करने के उपायों पर जोर देते हैं तो इसका कोई औचित्य नहीं होगा। उन्हें समूचे उत्तर भारत के पर्यावरण की चिंता करनी होगी, क्योंकि साफ हवा में सांस लेने का जैसा अधिकार दिल्ली-एनसीआर के लोगों को है, वैसा ही देश के अन्य हिस्से के लोगों को भी।

वैसे इसके आसार कम ही हैं कि प्रदूषण को कम करने के लिए आनन-फानन ठोस उपाय हो सकेंगे, क्योंकि दिल्ली और केंद्र सरकार के साथ अन्य सब यह जान रहे थे कि यदि पंजाब में पराली जलना बंद नहीं हुई तो उत्तर भारत का दम घुटेगा। इसके बाद भी समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए।

रही-सही कसर पंजाब सरकार के ढुलमुल रवैये ने पूरी कर दी। उसने इसके लिए कोई प्रयास नहीं किए कि किसान पराली न जलाएं। समझना कठिन है कि यदि हरियाणा सरकार पराली दहन पर प्रभावी अंकुश लगाने में सफल रही तो पंजाब सरकार ऐसा क्यों नहीं कर सकी? अच्छा हो कि केंद्र सरकार के साथ सुप्रीम कोर्ट यह देखे कि पंजाब सरकार क्यों नाकाम हुई? इसी के साथ उन्हें दिल्ली-एनसीआर के साथ उत्तर भारत के पर्यावरण की भी चिंता करनी होगी, क्योंकि दिल्ली ही देश नहीं है। यह प्रतीति नहीं होनी चाहिए कि देश के अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों के स्वास्थ्य की चिंता करने में भेद किया जा रहा है।

# पंजाब एक बार फिर खूंरेजी की राह पर



**मनोज कुमार अग्रवाल**

क्या पंजाब एक बार फिर आतंकवाद के निशाने पर बढ़ रहा है? क्या एक बार फिर खालिस्तान के जिन्न को जिंदा करने के लिए कुछ देश विरोधी ताकतें सिर उठाने की फिराक में हैं? ये ऐसे सवाल है जिनका विश्लेषण पंजाब के संदर्भ में बिना टाल मटोल के किया जाना पंजाब व देश के लिए बेहतर होगा। आखिर कौन सी ऐसी ताकतें हैं जो वाई कैटेगरी की सुरक्षा के रहते हुए भी एक हिन्दू नेता को सरेआम गोलियों से छलनी कराकर पंजाब की भूमि को रक्त रंजित करने पर आमादा है। पंजाब के अमृतसर में शुक्रवार को हिंदू नेता सुधीर सूरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूरी को पुलिस प्रोटेक्शन मिला हुआ था, इसके बावजूद उन्हें अमृतसर में गोपाल मंदिर के बाहर 5 गोलियां मारी गईं। वे मंदिर के बाहर मूर्तियों की बेअदबी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। गोली मारने वाले को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे हत्या में इस्तेमाल की गई पिस्टल भी बरामद कर ली गई है।

सूरी गोपाल मंदिर के बाहर धरने पर बैठे हुए थे। उसी दौरान दोपहर को कार से आए संदीप सिंह ने आकर उन पर फायरिंग कर दी। दो गोलियां सुधीर सूरी की छाती पर लगीं। उन्हें तुरंत एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

सुधीर सूरी अमृतसर में गोपाल मंदिर के बाहर मंदिर कमेटी द्वारा कुछ मिट्टी की मूर्ति को कूड़े के पास फैंकने के विरोध में धरना दे रहे थे।

हमलावर की कार पर वारिस पंजाब दे का स्टीकर लगा है, इस पर खालिस्तानी आतंकी अमृतपाल सिंह की फोटो है।

सूरी को गोली मारने वाले शख्स का नाम संदीप सिंह है। वह अमृतसर में अमन एवेन्यू का रहने वाला है। वारदात वाली जगह के सामने ही उसका कपड़ों का शोरूम है। उसकी कार से कई प्रिंटआउट मिले हैं। इनमें हिंदू नेताओं की फोटो को क्रॉस किया गया है।

जिस समय सूरी को गोली मारी गई, तब उनके साथ कई समर्थक भी मौजूद थे। फायरिंग के बाद उन्हें घायल हालत में प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। सूरी खालिस्तान समर्थकों के टारगेट पर थे। कुछ समय पहले विदेश में बैठे खालिस्तान समर्थकों ने उनकी हत्या की साजिश भी रची थी। इसके बाद ही उन्हें पुलिस प्रोटेक्शन दिया गया था। हमलावर जिस कार से आया था, उसमें खालिस्तानियों का स्टीकर लगा था।



इस वारदात के बाद प्रदेश भर में सनसनी फैल गई सरकार ने माहौल पर नजर रखने के लिए प्रशासन को सचेत किया। वहीं वारदात से आहत सुधीर सूरी के परिवार व समर्थकों ने मांग की है कि सूरी को शहीद का दर्जा दिया जाए। जब तक यह दर्जा नहीं मिलेगा, अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।

हमले के बाद उनके सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए हवाई फायर भी किए, लेकिन आरोपी मौके से भागने में कामयाब रहे। यह पता नहीं चल पाया है कि गोलियां चलाने वाले किस ओर भागे थे।

सूरी पिछले कुछ सालों में सुर्खियों में आगए थे वह खालिस्तान समर्थक कट्टरपंथी लोगों का खुला विरोध करते थे और गरम बयान के लिए चर्चा में आए वह खालिस्तान समर्थकों की आंखों की किरकिरी बन गए थे। सुधीर सूरी ने 2016 में अमृतसर में अपने एक भाषण में खालिस्तानियों को खुलकर धमकी दी थी। उन्होंने धमकियां देते हुए कहा था कि अगर वह एक हिंदू को मारेंगे तो वह उनके दस को मार गिराएंगे। इसके बाद से ही वह लगातार विवादों में घिरने लगे। सिख अगर बंद की कॉल देते तो वह इसका विरोध करना शुरू कर देते थे।

हिंदू नेता सुधीर सूरी की मौत के बाद हिंदू संगठनों ने सख्त विरोध जताया है उन्होंने पंजाब बंद कराने की चेतावनी दे दी है। उनका आरोप है कि यह पहला मौका नहीं है, जब हिंदू नेता की हत्या की गई है। वहीं यह भी कहा है कि आम आदमी पार्टी की सरकार आने के बाद से ही लगातार हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं।

पुलिस के अनुसार हिन्दू नेता सुधीर सूरी को गोली मारने वाले संदीप की कार से पंजाब महिला आयोग की चेयरपर्सन मनीषा गुलाटी की तस्वीर भी सर्किल की गई है। इसके अलावा कॉमेडियन भारती सिंह, डेरा सच्चा सौदा मुखी राम रहीम की भी फोटो हैं। सजा पूरी करने के बाद भी जेल में बंद सिखों से जुड़ी फोटो भी इसमें मिला है।

उधर हिन्दू नेता सूरी की हत्या से पाकिस्तान व कनाडा समेत कई विदेशों में बैठे खालिस्तान समर्थक कट्टरपंथी लोगों ने खुशी जाहिर की है।

पाकिस्तान में भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल खालिस्तानी गोपाल चावला ने वीडियो जारी करके सिखों और मुसलमानों को सुधीर सूरी की हत्या की बधाई दी है। वीडियो में वह सुधीर सूरी के बारे में अपशब्द बोल रहा है और 3 और हिंदू नेताओं का नाम लेकर उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा है। चावला का यह वीडियो सूरी की हत्या में पाकिस्तानी मिलीभगत की ओर इशारा करता है।

पंजाब के अमृतसर में कत्ल किए हिंदू नेता सुधीर सूरी को पंजाब पुलिस की वाई कैटेगरी की सिक्योरिटी मिली हुई थी। सूरी की सुरक्षा में 15 पुलिसकर्मी और एक पायलट जिप्सी थी। 5 पुलिसकर्मी उनके घर पर रहते थे। इसके बावजूद दिनदहाड़े 5 गोलियां मारकर सूरी की नृशंस हत्या कर देना पंजाब के लिए शुभ संकेत नहीं है यह बताता है कि वहां कानून व्यवस्था मुस्तैदी से काम नहीं कर रही है। आप पार्टी की सरकार आने से पहले ही इस तरह की अराजकता फैलने के खतरे जताए गए थे अब समय रहते सरकार को पंजाब के ला एंड आर्डर की समीक्षा करनी चाहिए तथा देश विरोधी तत्वों को सख्ती से कुचलने की पहल करनी चाहिए ताकि पंजाब में अमन चैन बना रहे।

# कश्मीर में शुरू हुई बर्फबारी, धरती पर देखें जन्नत का नजारा

**मिताली जैन**

अगर आप भी इस साल सर्दियों में कश्मीर घूमने का मन बना चुके हैं तो ऐसे में आप सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम के अलावा कुपवाड़ा, पुलवामा, अनंतनाग, यशमर्ग, कारगिल, निशात गार्डन, जामा मस्जिद, अरु घाटी आदि जगहों पर जा सकते हैं। कश्मीर को धरती का स्वर्ग यूं ही नहीं कहा जाता है। यहां की खूबसूरत वादियां और प्राकृतिक नजारा हर किसी का मन मोह लेती हैं। खासतौर से, ठंड के मौसम में जब बर्फबारी होती है तो लगता है कि धरती पर स्वर्ग का नजारा देख रहे हों। सालभर सैलानी कश्मीर में स्नोफॉल होने का इंतजार करते हैं। अगर आप भी लंबे समय से स्नोफॉल की प्रतीक्षा में थे, तो अब आपकी प्रतीक्षा समाप्त हुई, क्योंकि कश्मीर में इस साल की पहली स्नोफॉल हो चुकी है। बर्फबारी होने के बाद कश्मीर की असली खूबसूरती साफ झलक रही हैं। इसके साथ ही तापमान में भी गिरावट आ चुकी है। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में-



### सोनमर्ग और गुलमर्ग का बदला नजारा

गुलमर्ग को लोग कश्मीर का ताज कहते हैं और यहां पर बर्फबारी होने के बाद वादियों की खूबसूरती में चार-चांद लग गए हैं। गुलर्म के अलावा सोनमर्ग और पहलगाम में भी मौसम की पहली बर्फबारी हो चुकी है। बता दें कि इस साल गुलमर्ग और पहलगाम में करीब 3 से 4 इंच तक बर्फ रिकॉर्ड की गई है। ऐसा माना जा रहा है कि बर्फबारी के कारण अब पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि देखने को मिलेगी।

### कश्मीर में घूमने की जगहें

अगर आप भी इस साल सर्दियों में कश्मीर घूमने का मन बना चुके हैं तो ऐसे में आप सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम के अलावा कुपवाड़ा, पुलवामा, अनंतनाग, यशमर्ग, कारगिल, निशात गार्डन, जामा मस्जिद, अरु घाटी आदि जगहों पर जा सकते हैं। इन जगहों की खूबसूरती विंटर में और भी ज्यादा बढ़ जाती है।

यूं तो विंटर में कश्मीर घूमना एक अच्छा विचार है। लेकिन कभी-कभी भारी बर्फबारी होने के कारण कुछ रास्तों को ब्लॉक कर दिया जाता है। इसलिए जब भी आप वहां जाने की प्लानिंग करें तो पहले एक बार इंटरनेट पर रिसर्च जरूर कर लें। साथ ही, अब वहां तापमान में काफी गिरावट आ चुकी है तो ऐसे में आप अपनी पैकिंग पर भी विशेष रूप से ध्यान दें। अन्यथा आपको घूमने के दौरान परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# व्यक्तिगत एवं राष्ट्रीय चरित्र निर्माण, देश की अहम आवश्यकता

चरित्र अथवा सच्चरित्रता को यदि हम परिभाषित करें, तो अच्छे आचरण, चाल चलन, स्वभाव, गुणधर्म, आदि इत्यादि को चरित्र तथा सचरित्रता का तात्पर्य अच्छा चाल चलन, अच्छा स्वभाव, अच्छे व्यवहार से है। मनुष्य समाज के बीच रहने वाला दोपाया है। अत: समाज के मध्य ऐसे गुणों का होना आवश्यक है, जिनके द्वारा व समाज में शांति पूर्वक रहते हुए देश की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। मनुष्य के खराब आचरण से समाज का वातावरण भी प्रदूषित, खराब होता है। दूसरी तरफ अच्छे राष्ट्रीय चरित्र फलादेश हमेशा प्रगति के पथ पर चलकर एक महान राष्ट्र की संज्ञा पाता है। काम, क्रोध,लोभ, मोह, संताप, निर्दयता और ऐसे अवगुण मनुष्य के सामाजिक जीवन में अशांति उत्पन्न करते हैं। ऐसा व्यक्ति सदैव दुराचारी ही माना जाता है जो अच्छे आचरण या अच्छे चरित्र का ना हो। दूसरी ओर इसके जरा विपरीत निष्ठा, ईमानदारी, लगन शीलता, संयम तथा परोपकार इत्यादि पालन करने वाला मनुष्य चरित्रवान और सच्चरित्र वाला कहलाता है। इसके अलावा उदारता, विनम्रता,सहिष्णुता, सत्यभाषण किसी राष्ट्र को चरित्रवान बनाता है।

हमारे देश के महान नेता बापू महात्मा गांधी ने कूटनीति की चमक को बड़ा नहीं समझा,बुद्धि विकास को बड़ा नहीं समझा, चरित्रिक बल को ही मान दिया है। आज हमें अधिक से अधिक इस बात पर विचार करना है कि चरित्र बल केवल एक व्यक्ति का नहीं समूचे देश का होना चाहिए। राष्ट्रीय चरित्र को अत्यधिक महत्व देने वाली पंक्तियां मूर्धन्य आलोचक आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा अंग्रेजी में लिखी गई पंक्तियां से हम सब भली भली भांति परिचित हैं,उसका हिंदी भावार्थ है, यदि धन गया तो कुछ भी नहीं गया, यदि स्वास्थ्य गया तो थोड़ा गया, और यदि चरित्र चला गया तो सब कुछ चला गया। उनके इस कथन से चरित्र का महत्व स्पष्ट परिलक्षित होता है। कर्म मानव की अभिव्यक्ति है, वैसे ही जीवन चरित्र की अभिव्यक्ति है। हारवर्ट स्पेंसर ने कहा कि किसी मनुष्य राष्ट्र की सबसे बड़ी आवश्यकता शिक्षा नहीं चरित्र है, और यही सबसे बड़ा उसका रक्षक है। चरित्रवान व्यक्ति ही अच्छा राष्ट्रीय चरित्र निर्माण कर सकता है। और अच्छा राष्ट्रीय चरित्र एक महान देश को जन्म देता है। जिसमें विश्व में शांति, सद्भावना एवं परस्पर सहयोग की भावना को बल मिलता है। चरित्रवान नेता पूरे देश को अच्छे से नेतृत्व देकर सही विकास और शिक्षा की ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। चरित्रहीन नेता देश को रसातल की ओर ले जाने में नहीं चूकता है। इसीलिए हमारा परम कर्तव्य बनता है कि हम देश के प्रतिनिधि के रूप में चरित्रवान नेताओं का ही चुनाव करें। राजनीति एक कठिन डगर है, जहां की पगडंडी बल खाकर आगे बढ़ती है। और इस प्रयास में हमें समाज में सदाचार को बढ़ाने की अत्यंत आवश्यकता है। भ्रष्टाचार कदाचार की संभावनाओं को खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए, और इस प्रयास में हमें बच्चों को प्रारंभ से ही नैतिक शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए।चरित्रवान नेता सदैव अपने नागरिकों को महान बनने की प्रेरणा देता है। और सचरित्र ही हमेशा उदाहरण बनके आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं। महात्मा गांधी तथा अन्य नेताओं ने चारित्रिक प्रबलता के दम पर ही ब्रिटिश साम्राज्य को उखाड़ फेंका था। सदाचारी व्यक्ति की समाज में प्रतिष्ठा होती है,और दुराचारी नेता सदैव निंदा का पात्र बनता है। जिस राष्ट्र के नेता नागरिक दुराचारी हो उसकी प्रगति कभी ठीक से नहीं होती। अत: देश की सही व निरंतर प्रगति के लिए आवश्यक है कि उसके अग्रणी नेता नागरिक आने वाली पीढ़ी सच्चरित्र एवं निष्ठावान हो।


# रूमेटाइड अर्थराइटिस महिलाओं के लिए बन सकता है जानलेवा

जिन महिलाओं पर जल्दी मोटापा आ जाता है वह रूमेटाइड अर्थराइटिस रोग की जकड़न में जल्दी आ जाती है। इसलिए महिलाएं ध्यान रखे कि वजन में बढ़ोत्तरी ना हो क्योंकि बढ़ता वजन शरीर में अनेकों बीमारियों को पैदा करता है। रूमेटाइड गठिया एक पुरानी सूजन संबंधी विकार है जो सिर्फ आपके जोड़ों को ज्यादा प्रभावित कर सकता है। वहीं कुछ लोगों में, यह स्थिति त्वचा, आंख, फेफड़े, हृदय और रक्त वाहिकाओं सहित शरीर की विभिन्न प्रणालियों को भी नुकसान पहुंचा सकती है। एक ऑटोइम्यून डिसऑर्डर, रुमेटाइड गठिया तब होता है जब आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली गलती से आपके शरीर के ऊतकों पर हमला करती है। यह अवस्था ऐसी होती है जब आपके पूरे शरीर में दर्द, सूजन और अकड़न आने लगती है। अक्सर यह रोग पुरूषो की तुलना में महिलाओं में ज़्यादा देखने को मिलता है।

### रूमेटाइड गठिया के लक्षण

रूमेटाइड गठिया के लक्षण हल्के में लेने से गंभीर भी हो सकते हैं। जोड़ों की अवस्था कोमल, गर्म, सूजी हुई हो जाती है। संयुक्त कठोरता जो आमतौर पर सुबह बिस्तर से उठने के बाद बदतर हो जाती है। इसके साथ ही थकान, बुखार और भूख न लगना इसके सामान्य लक्षण है। विशेष रूप से वे जोड़ जो आपकी उंगलियों को आपके हाथों से और आपके पैर की उंगलियों को आपके पैरों से जोड़ते हैं। जैसे-जैसे बीमारी बढ़ती है, लक्षण अक्सर कलाई, घुटनों, टखनों, कोहनी, कूल्हों और कंधों तक फैल जाते हैं।ज्यादातर मामलों में, लक्षण आपके शरीर के दोनों तरफ एक ही जोड़ में होते हैं।

# दो राज्यों और एमसीडी का चुनाव 2022 - चुनावी मौसम आया, आरोप-प्रत्यारोप का दौर दोहराया



भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और भारत की अनेक खूबसूरतीयों में से एक है भारतीय लोकतंत्र और चुनावी प्रक्रिया को पूरी दुनिया में बहुत श्रद्धा सम्मानित रूप से,एक आइडियल के रूप में देखा जाता है जो भारत के लिए एक गर्व की बात है। चुनावी प्रक्रिया संपन्न करने के लिए भारत में एक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था भारतीय चुनाव आयोग है जो जिम्मेदारी से चुनावी प्रक्रिया संपन्न करवाता है।

साथियों बात अगर हम हिमाचल गुजरात और एमसीडी चुनाव मिशन इलेक्शन 2022 की करें तो पिछले कुछ दिनों से हम देख रहे हैं कि हर राजनीतिक पार्टी अपनेअपने स्तर पर विनिंग फैक्टर तलाश कर तात्कालिक राजनीतिक रोडमैप बना कर काम शुरू कर दिया है जो गतिविधियां हम आए दिनों टीवी चैनलों पर और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में देख रहे हैं उसके आधार पर ऐसा लग रहा है कि, पार्टियां विकास मुद्दे के साथ-साथ धार्मिक, सामाजिक, जातिवाचक आरक्षित वर्ग, नेतृत्व क्षमता मिशन बनाम कमीशन सहित हर बारीक और छोटे से छोटी समाधान कारक बात और मुद्दों को अपने रणनीतिक रोडमैप में शामिल कर रहे हैं।

साथियों बात अगर हम मिशन बनाम कमीशन की करें तो आज हरपार्टी अपने आप को पाकसाफ़ बताकर अपने मिशन और प्रतिद्वंदी पार्टी के कमीशन गिना रहे हैं एक पार्टी के अध्यक्ष ने 4 नवंबर 2022 को चुनावी रैली के संबोधन में कहा कि हम सेवा करने वाले लोग हैं और वो मेवा खाने वाले लोग हैं। हम मिशन से काम करते हैं, वो कमीशन के लिए काम करते हैं। अपने बयान में उन्होंने कहा कि आज दुनिया में एक शख्सियत के कारण देश की तस्वीर बदल गई है। उन्होंने दावा किया कि आज मोबाइल उत्पादन में भारत दूसरे नंबर पर है, स्टील उत्पादन में भारत दूसरे नंबर पर है, सौर ऊर्जा में हम पांचवें नंबर पर पहुंच गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ब्रिटेन को पछाड़ कर भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। एक जमाने में हमारी बहनें 5 बजे सुबह उठकर जंगल में जाकर लकड़ी काटती थीं। फिर उसे लाकर सुखाती थी, 200 सिगरेट का धुआं फेफड़ों में लेकर चूल्हा जलाती थीं। उन्होंने कहा कि देश में ट्यूबरक्लोसिस की दवा आने में 25 साल लग गए। टिटनेस की दवा पहुंचने में 30 साल लग गए। पोलियो की दवा पहुंचने में 28 साल लग गए। जापानी बुखार की दवा पहुंचने में 100 साल लग गए। हमारे नेता के नेतृत्व में सिर्फ 9 महीने के अंदर कोरोना की वैक्सीन भारत ने बनाई।उन्होंने कहा कि देश में ट्यूबरक्लोसिस की दवा आने में 25 साल लग गए। टिटनेस की दवा पहुंचने में 30 साल लग गए। पोलियो की दवा पहुंचने में 28 साल लग गए। जापानी बुखार की दवा पहुंचने में 100 साल लग गए। जबकि मोदी जी के नेतृत्व में सिर्फ 9 महीने के अंदर कोरोना की वैक्सीन भारत ने बनाई। वैसे भी इस पार्टी के लॉन्ग टाइम मिशन 2047 5 ट्रिलियन डॉलर भारतीय अर्थव्यवस्था इत्यादि अनेक विजन शुरू है। साथियों बात अगर हम दूसरी तरफ अपने नए अंदाज वाली राजनीति में देश की तीसरी पार्टी की कतार में सबसे आगे वाली पार्टी की करें तो पहली बार एक तीसरी पार्टी ने अपनी शिक्षा नीति फ्री सेवाओं और अन्य मुद्दों के साथ अपनें नए तरीके से गुजरात मुख्यमंत्री उम्मीदवार की घोषणा जनता के चुनाव प्रक्रिया से घोषित किया, उनके नाम का ऐलान किया। उन्होंने कि गुजरात की जनता ने अपना सीएम चुन लिया है। हमने सीएम पद के लिए सुझाव मांगे थे, हमारे पास 16 लाख 48 हजार लोगों का जवाब आया था। जिसमें 73 फीसदी लोगों ने उमीदवार का नाम लिया,पार्टी संयोजक ने खुद इसका एलान किया। ये गुजरात के एक विशेष समाज से आते हैं। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि प्रदेश अध्यक्ष को सीएम का फेस बनाया जा सकता है। पार्टी ने पंजाब की तरह यहां भी सीएम पद के उम्मीदवार के लिए सर्वे कराया था। सर्वे में उम्मीदवार को 73 फीसदी लोगों का वोट मिला। साथियों बात अगर हम खूबसूरत भारतीय लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों के पक्ष की वेकन्सी की करें तो, लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा, ग्राम सभा या स्थानीय निकायों में जनप्रतिनिधियों के कितने पद होते हैं, लोकसभा (545) और राज्यसभा (245) मिलाकर 790 (इनमें से 14 मनोनीत), विभिन्न राज्यों के लिए विधायक (एमएलए), विधान परिषद (एमएलसी) के 4574 से भी ज्यादा और ग्राम सभा या स्थानीय निकायों में प्रधानी (मुखिया), वार्ड पार्षद, जिला परिषद, नगर निगम/परिषद के देशभर में लाखों पद हैं। अगर इन पदों पर शिक्षित, प्रशिक्षित, नैतिकवान और सेवाभाव रखने वाले युवा जाएं तो निश्चित ही देश, राज्य और पंचायत की स्थिति बदलेगी।

साथियों बाद अगर हम भारतीय लोकतंत्र और सरकार की करें तो, संविधान के अनुसार,भारत एक प्रधान,समाजवादी, धर्म-निरपेक्ष, लोकतांत्रिक राज्य है, जहां पर विधायिका जनता के द्वारा चुनी जाती है। अमेरिका की तरह, भारत में भी संयुक्त सरकार होती है, लेकिन भारत में केन्द्र सरकार राज्य सरकारों की तुलना में अधिक शक्तिशाली है, जो कि ब्रिटेन की संसदीय प्रणाली पर आधारित है। बहुमत की स्थिति में न होने पर मुख्यमंत्री न बना पाने की दशा में अथवा विशेष संवैधानिक परिस्थिति के अंतर्गत, केन्द्र सरकार राज्य सरकार को निष्कासित कर सकती है और सीधे संयुक्त शासन लागू कर सकती है, जिसे राष्ट्रपति शासन कहा जाता है। भारत की पूरी राजनीती मंत्रियों के द्वारा निर्धारित होती है। भारत एक लोकतांत्रिक, धार्मिक और सामुदायिक देश है। जहां युवाओं में चुनाव का बढ़ा वोट केंद्र भारतीय राजनीति में बना रहता है यहां चुनाव को लोकतांत्रिक पर्व की तरह बनाया जाता है।

## लगता है ये संसार बस संसार है

लगता है ये संसार बस संसार है
कभी लगता है इस जिन्दगी में
खुशियां बेशुमार है,
तो कभी लगने लगता है जिन्दगी
ही बेकार है।
कभी लगता है लोगो में बहुत प्यार
है,
तो कभी लगता है रिश्तों में सिर्फ
दरार है ।
कभी लगता है हम भी जिन्दगी
जीने के लिए बेकरार है ,
तो कभी कभी लगता है सिर्फ हमे
मौत का इंतजार है ।
कभी लगता है हमको भी उनसे
प्यार है,
तो कभी लगता है सिर्फ प्यार का
बुखार है।
कभी लगता है शायद उनको भी
हमसे इजहार है,
फिर लगता है हम दोनों में तो सिर्फ
तकरार है ।
कभी लगता है सब अपने ही यार
है,
फिर लगता है इनमें भी छिपे गद्दार
है ।
कभी लगता है कितना प्यारा संसार
है ,
तो कभी लगता है ये संसार बस
संसार है ।

## शार्ट न्यूज

### मायावती हिमाचल प्रदेश में करेंगी चुनाव प्रचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती रविवार को हिमाचल प्रदेश के विधान सभा चुनाव में प्रचार अभियान का आगाज कर सोलन जिले के बद्दी में जनसभा को संबोधित करेंगी। बसपा की ओर से शनिवार को जारी बयान के अनुसार मायावती हिमाचल प्रदेश विधानसभा के लिए हो रहे आम चुनाव में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक प्रचार अभियान में हिस्सा लेंगी। इसके तहत मायावती 06 नवंबर को हिमाचल प्रदेश का चुनावी दौरा करेंगी। इस दौरान वह सोलन ज़िले में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। मायावती की यह चुनावी जनसभा सोलन की बद्दी तहसील के अन्तर्गत स्थित बरोटीवाला हरिपुर रोड पर खेल मैदान में आयोजित होगी। जिसमें प्रदेश की विभिन्न विधानसभाओं के लोग शामिल होंगे।

### छह आईएएस का तबादला

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के छह अधिकारियों के तबादले कर दिये हैं। इनमें बांदा सहित चार जिलों के जिलाधिकारी भी शामिल हैं। राज्य सरकार के आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि बीती देर रात जारी हुए तबादला आदेश में बांदा के जिलाधिकारी अनुराग पटेल को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। उनकी जगह बदायूं की जिलाधिकारी दीपा रंजन को बांदा का जिलाधिकारी तैनात किया गया है। इनके अलावा कुशीनगर के जिलाधिकारी एस राजलिंगम को वाराणसी का जिलाधिकारी और हाथरस के जिलाधिकारी रमेश रंजन को कुशीनगर का जिलाधिकारी बनाया गया है। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण अर्चना वर्मा को हाथरस का जिलाधिकारी तैनात किया गया है। विशेष सचिव (उच्च शिक्षा) मनोज कुमार को बदायूं का जिलाधिकारी बनाया गया है।

### मुठभेड़ में एक बदमाश घायल, दो हिरासत में

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के मड़ियाहूं थाना पुलिस के साथ शनिवार को हुई मुठभेड़ में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया, जिसे एक साथी सहित गिरफ्तार कर लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मड़ियाहूं बाईपास की तरफ मोटरसाइकिल से जाते हुए दो व्यक्तियों के देखकर मुखबिर द्वारा बताया गया कि वे अपराधी हैं और कोई वारदात करने जा रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक मड़ियाहूं ओम नारायण सिंह और उनकी टीम ने संदिग्ध मोटरसाइकिल का पीछा किया। जोगापुर नहर पुलिया के पास जौनपुर की तरफ से पुलिस बल को आते देख दोनों बदमाश सराय कालीदास की तरफ तेजी से मुड़कर भागे। कुछ दूरी पर जाते हुए बाइक गिर पड़ी। इस पर बदमाशों ने पुलिस पर गोली चला दी। प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह के बुलेट प्रूफ जैकेट पर बांयी तरफ सीने पर गोली लगी। उन्होंने इसके जवाब में दो राउण्ड फायर किये। बदमाश के बांये पैर मे गोली लगी। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर उसके पास से तमन्चा बरामद किया। पुलिस ने पकड़े गये बदमाशों की पहचान प्रयागराज निवासी राजेन्द्र कुमार पटेल पुत्र स्व लालजी पटेल तथा राजेश कुमार गौतम पुत्र स्व लालता प्रसाद गौतम के रूप में की।

### जाम के लिए जिम्मेदार दस सड़कें चिह्नित

लखनऊ। लखनऊ की सड़कों पर जाम के लिए दस सड़कें चिह्नित की गई हैं। यह वहीं सड़कें हैं, जहां दिनभर लोग जाम से जूझते नजर आ रहे हैं। ऐसे मार्ग पर जाम की वजह सड़क किनारे अवैध पार्किंग और पटरी दुकानों को जिम्मेदार ठहराया गया है। इन्हें जाम मुक्त करने के लिए 30 नवंबर तक विशेष चेकिंग अभियान चलेगा। ट्रैफिक पुलिस की ओर से चिह्नित सड़क मार्गों पर आईटीएमएस के कैमरे से नजर रखी गई। इसमें जाम की वजह तलाश कर रिपोर्ट यातायात विभाग को भेजा गया है। अब इसी रिपोर्ट के आधार पर हर क्षेत्रों के टीआई को दस सड़क मार्गों पर अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराने की जिम्मेदारी एडीसीपी की ओर से सौंपी गई है, ताकि दस क्षेत्रों में जाम से जंग लड़ रहे वाहन सवारों को राहत मिल सके। शहर के भीतर जाम से राहत दिलाने के लिए ट्रैफिक विभाग ने दस सड़कें चिन्हित की है। जिसमें चारबाग, हजरतगंज, कैसरबाग, अमीनाबाद, मुंशीपुलिया, पॉलीटेक्निक, आलमबाग, चौक, रकाबगंज व अवध चौराहा के आसपास जाम से राहत दिलाने के लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा।

### छठ पूजा में 'जीरो वेस्ट इवेंट का पुरस्कार

लखनऊ। इस बार छठ उत्सव विधि विधान से पूरा हुआ। हजारों श्रद्धालु इस पर्व में लखनऊ के 26 घाटों पर जुटे। बावजूद इसके कोई कचरा नहीं निकला। छठ उत्सव को जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में सम्पन्न कराने के लिए लखनऊ अव्वल रहा। नगर विकास मंत्री की ओर से लखनऊ को पुरस्कार दिया गया। आयोजन में नगर निगम ने छठ पूजा की तैयारियों को लेकर सभी घाटों पर साफ-सफाई, फागिंग और चूने का छिड़काव कराया। साथ ही एक कैनोपी लगाकर अपशिष्ट को अलग करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि सूखे कचरे के लिए भी अलग से व्यवस्था बनाई गई। तीन दिन तक चले पर्व के दौरान कुल 961 किलोग्राम अपशिष्ट नगर निगम की टीम ने इकट्ठा किया। इसको देखते हुए नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने इसे लखनऊ नगर निगम की बड़ी उपलब्धि माना। पूरे प्रदेश में बेहतरी के साथ आयोजन पूरा कराने और छठ उत्सव को शून्य कचरा उत्सर्जन का तमगा देते हुए नगर निगम को पुरस्कृत किया।

### रिटायर्ड सैन्य कर्मी के साथ लाखो की धोखाधड़ी, मुकदमा

बड़गांव। जमीन का बैनामा करने के नाम पर एक रिटायर्ड सैन्य कर्मी से लाखों रुपए हड़प लिये जाने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के तुलसीपट्टी निवासी रिटायर्ड फौजी राजेंद्र नाथ यादव ने न्यायालय में दिये गये प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि प्रवीण कुमार विश्वकर्मा निवासी सिकंदरपुर शिवपुर द्वारा मौजा हटिया (शिवपुर) में 2720 वर्ग फीट जमीन दस लाख में तय किया गया जिसका सट्टा करने पर दो बार में साढ़े तीन लाख रुपए ले लिया गया और बैनामा के लिए बार बार कहने पर तबियत खराब होने की बात कहते हुए टरकाया जाने लगा। बीते 20 अगस्त को पुन: बैनामा करने का दबाव बनाने पर प्रवीण कुमार विश्वकर्मा समेत उनके आधा दर्जन सहयोगियों ने जमीन दुसरे को बेच दिये जाने की बात कही।

### थिंक इंडिया में रेलवे मंत्री ने साझा किया फ्यूचर प्लान, जमकर ली चुटकियां

वाराणसी। बीएचयू में आयोजित थिंक इंडिया कन्वेंशन में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश की भविष्य की योजनाएं साझा कीं। इसके साथ ही वह राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल पर चुटकियां लेने से भी नहीं चूके। राहुल गांधी पर तंज करते हुए कहा कि वे मेक इन इंडिया के बब्बर शेर से ही डर गए थे। एक फनी वीडियो है देख लिजिएगा। इसके अलावा उन्होंने नौकरियों के मामले पर अरविंद केजरीवाल पर भी चुटकी ली। रेल मंत्री ने आगामी 25 साल तक रेलवे के विकास के लिए लांच किए जाने वाले प्रोजेक्ट्स पर एक प्रजेंटेशन भी दिया। रेल मंत्री ने कहा कि अगले दीपावली तक भारत के 100 विश्वविद्यालय 5 जी नेटवर्क से लैस हो जाएंगे। पूरे देश में जनवरी से टॉवर लगाने के काम में तेजी आएगी।

### रेलवे के निजीकरण की संभावना ही नहीं

**वाराणसी।** इंटर मॉडल स्टेशन परियोजना को मूर्त रूप देने के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव शनिवार सुबह करीब नौ बजे काशी स्टेशन पहुंचे। उन्होंने प्लेटफार्म एक का निरीक्षण किया है। ओवरब्रिज पर लगाई गई इंटर मॉडल प्रोजेक्ट की डिजाइन देखी। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने उन्हें परियोजना के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद रेलमंत्री प्लेटफार्म नम्बर एक स्थित स्टेशन मास्टर कक्ष में गए। उन्होंने स्टेशन अधीक्षक ओपी शर्मा और स्टेशन मास्टर जितेंद्र सिंह से ट्रेनों के परिचालन के बारे में जानकारी ली। इसके बाद एसएस ऑफिस में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की।

# मंत्री ए के शर्मा ने किया लखनऊ में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

### नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने डेंगू प्रभावित क्षेत्रों बटलर चौराहा, विजयंत खंड गोमतीनगर एवं इंदिरा नगर सेक्टर 11 का स्थलीय निरीक्षण किया

शनिवार। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने चल रहे नगर सेवा पखवाड़ा के लिए नोडल अधिकारियों की संख्या 22 से बढ़ाकर 72 कर दी है। डेंगू सहित संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से सक्रियता बढ़ाने की अपील की है। इसके साथ ही वे स्वयं भी औचक निरीक्षण कर रहे हैं।

शनिवार को नगर विकास मंत्री ए के शर्मा स्वयं औचक निरीक्षण पर निकले और सर्वप्रथम दैनिक जागरण चौराहा गये। वहां पर उन्होंने सफाई व्यवस्था देखी। इसके बाद उन्होंने बटलर चौराहा, समतामूलक चौराहा, विजयंत खंड, पॉलिटेक्निक चौराहा एवं मुंशीपुलिया जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। कई स्थानों पर फॉगिंग कर रहे कर्मचारी मिले, जिनकी उन्होंने हौसला आफजाई भी की। कुछ जगहों पर उन्होंने काम में सक्रियता बरतने का निर्देश दिया।



इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर डेंगू, चिकनगुनिया एवं मच्छर जनित बीमारियों तथा संचारी रोग फैलने व पनपने की संभावनाओं और इनके उत्पन्न होने की वास्तविक परिस्थितियों के बारे में जानकारी ली और बीमार व्यक्तियों का हालचाल जाना। उन्होंने प्रियंका अपार्टमेंट के निवासी आर के त्रेहान से भी मुलाकात की, जो की हाल में ही सिंगापुर से लौटे थे। मंत्री श्री शर्मा ने स्थानीय निवासियों को साफ सफाई में सहयोग करने तथा घरों के अंदर गमलों व पानी की टंकी की सफाई रखने को कहा। स्थानीय पार्षद बी वी सिंह ने बताया कि गत वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष डेंगू और चिकनगुनिया के केस कम आ रहे हैं और मंत्री जी के प्रयासों से नगर विकास विभाग लोगों को सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा से स्थानीय निवासियों ने बताया कि पास में कठौता झील तथा बगल में नाला होने की वजह से इस क्षेत्र में डेंगू फैल रहा है और 8 से 10 घरों के लोगों को डेंगू से परेशानी हुई है। इसके पश्चात उन्होंने इंदिरा नगर के सेक्टर 11 का भी जाकर निरीक्षण किया। नगर विकास मंत्री ने विभागीय अधिकारियों से इस दौरान डेंगू मच्छर पनपने के कारणों पर ध्यान देने तथा लोगों को सतर्क एवं जागरूक रहने के लिए कहा।

## अमेठी : बारात में महिलाओं से छेड़छाड़ करने पर चली गोली, दो घायल, मुकदमा दर्ज

अमेठी। उत्तर प्रदेश के अमेठी में बारात देख रही महिलाओं के साथ छेड़छाड़ किये जाने के विरोध में बीती देर रात गोलीबारी हो गयी। इस विवाद में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि चार अन्य को मामूली चोटें आयीं। पुलिस ने इस मामले में लगभग आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि अमेठी में जगदीशपुर थाना क्षेत्र के खैरातपुर में बीती देर रात हुई इस वारदात में गंभीर रूप से घायल हुए दो व्यक्तियों को प्राथमिक इलाज के बाद ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया है। इस घटना में बाकी चार घायलों का जगदीशपुर सीएचसी में इलाज चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर, उनकी तलाश शुरू कर दी है। घटना की जानकारी होने पर पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंच गये। मुसाफिरखाना क्षेत्र के सीओ अजय सिंह ने बताया कि कल देर रात करीब साढ़े दस बजे छींटाकशी को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। जिसमें गोली भी चली थी। मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि खैरातपुर गांव में कल रात बारात देखने आईं महिलाओं के साथ दबंगों ने छेड़खानी शुरू कर दी। महिलाओं ने जब इसका विरोध किया तो दबंगो ने महिलाओं की पिटाई कर दी। महिलाओ की पिटाई के बाद बारात में डीजे बजना बंद हो गया। सभी लोग अपने घरों को वापस जाने लगे।

# तांगे वाले ने सिपाही को बीच सड़क पर पटका

### फिर घोड़े की चाबुक से कर दी पिटाई

कन्नौज। यूपी के कन्नौज जिले का एक वीडियो वायरल हो रहा है। रेलवे स्टेशन के करीब एक युवक ने पुलिस वाले की बीच सड़क पर धुनाई कर दी। वहां मौजूद लोगों ने इस तमाशे को अपने मोबाइल में कैद कर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया, जो देखते ही देखते वायरल हो गया। हालांकि वर्दीधारी की पहचान नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि यह मामला कन्नौज शहर में सरायमीरा इलाके में हुआ। स्टेशन जाने वाले रास्ते में एक तांगे वाले से पुलिस वाले ने अभद्रता कर दी। इससे गुस्साए तांगे वाले ने तांगा हांकने वाले डंडी (घोड़े की चाबुक) से उसकी पिटाई शुरू कर दी।



इससे पहले के वर्दीधारी कुछ समझ पाता युवक ने डंडी से ताबड़तोड़ पिटाई जारी रखी।

इस बीच वहां पर लोगों का मजमा जुट गया। शुरू में तो किसी ने भी बीच-बचाव की कोशिश नहीं की।

मौजूद लोग अपने-अपने मोबाइल से वीडियो बनाने लगे। बात ज़्यादा बढ़ती देख मामले को शांत कराया गया। हालांकि वर्दीधारी कौन था, कहां तैनात है, इसकी जानकारी नहीं हो सकी। उसने कहीं किसी तरह की शिकायत दर्ज नहीं करवाई है। तांगे वाले ने भी बाद में कोई बात नहीं की और वो भी चलता बना। आसपास के लोगों के बीच चर्चा रही के वर्दी पहने व्यक्ति ने नशे की हालत में गलत टिप्पणी कर दी थी, इसी से बात बिगड़ गई। पुलिस अफसर ऐसी किसी घटना की जानकारी से इनकार कर रहे हैं। तांगे वाले के हाथों वर्दीधारी की पिटाई का मामला शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

#### कानपुर आउटर पीआरवी का बताया जा रहा है सिपाही

वायरल वीडियो में दिख रहे वर्दीधारी की पहचान स्पष्ट नहीं हो सकी है, लेकिन कुछ विभागीय अधिकारी इसे कानपुर आउटर में तैनात सिपाही होने की जानकारी दे रहे हैं। सिपाही की तैनाती पीआरवी में है।

## भाजपा नेता को धमकाने वाले एडीओ पंचायत निलंबित

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता को धमकी देने वाले सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के विरुद्ध शासन ने सख्त रवैया अपनाते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

जिला प्रशासन के सूत्रों ने शनिवार को बताया कि पंचायती राज, निदेशक अनुज कुमार झा के निर्देश पर एडीओ पंचायत शांति शरण सिंह को कल देर शाम निलंबित कर दिया गया। सिंह आजमगढ़ जिले के बिलरियागंज ब्लाक में बतौर एडीओ पंचायत कार्यरत थे। निलंबन की कार्रवाई की पुष्टि जिला पंचायती राज अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने आज की।

भाजपा नेता हरबंस मिश्रा ने बीते 28 अक्टूबर को एडीओ पंचायत द्वारा गोली मार देने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

इस मामले में एडीओ पंचायत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके एक दिन बाद एडीओ पंचायत शांति शरण सिंह ने भी शहर कोतवाली में तमाम आरोपों में भाजपा नेता के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज करा दिया।

मुकदमा दर्ज होने के बाद भाजपा नेता मिश्रा ने प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक से मुलाकात की और उन्हें पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया तथा कार्यवाही की मांग की।

इसके बाद 04 नवंबर को देर शाम पंचायती राज निदेशक अनुज कुमार झा ने शांति शरण सिंह को कर्मचारी आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाते हुए उन्हें निलंबित करने की अनुशंसा की।

इतना ही नहीं मामले की जांच के बाद आजमगढ़ जिला प्रशासन ने सिंह के लाइसेंसी असलहे को भी निरस्त कर दिया है । पुलिस ने शांति शरण सिंह द्वारा तमाम गंभीर आरोपों में दर्ज कराए गए मुकदमे की जांच कर तथ्य सही ना पाए जाने पर उनके खिलाफ मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### मैनपुरी और रामपुर में उपचुनाव के लिए मतदान 5 दिसंबर को

लखनऊ। मैनपुरी लोकसभा और रामपुर विधानसभा की रिक्त हुई सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान 5 दिसंबर और मतगणना 8 दिसंबर को होगी। निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया 10 दिसंबर तक पूरी कर ली जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने शनिवार को कार्यक्रम जारी कर दिया है। मैनपुरी की लोकसभा सीट मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद रिक्त घोषित की गई है। रामपुर विधानसभा की सीट मोहम्मद आजम खां की सदस्यता खत्म होने के बाद रिक्त घोषित हुई है।

## गोरखपुर में झारखंडी मंदिर की दीवार गिरी, मजदूर की मौत

गोरखपुर। गोरखपुर में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। कैंट इलाके के कूड़ाघाट स्थित महादेव झारखंडी मंदिर की निर्माणाधीन दीवार अचानक गिर गई। जिसमें दबकर एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि दूसरा मजदूर गंभीर रुप घायल हो गया। घायल मजदूर को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। वहीं, सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि अभी कुछ दिन पहले भी इस्लामियां कॉलेज आफ कामर्स की भी अवैध निर्माणाधीन छत गिरने से एक मजदूर की मौत हुई थी। जिसमें पुलिस ने कॉलेज प्रबंधक, प्रिंसिपल और ठेकेदार के खिलाफ तो केस दर्ज कर लिया, लेकिन ड्रग माफियाओं खुला सपोर्ट करने वाली गोरखपुर पुलिस ने इस मामले को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया। लिहाजा अब तक इस मामले में भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। दरअसल, शनिवार की सुबह झारखंडी मंदिर की एक दीवार बन रही थी। दीवार के पीछे गड्ढा खोदा जा रहा था।

## वाराणसी में 11वीं के छात्र ने किया सुसाइड

वाराणसी। वाराणसी के सारनाथ क्षेत्र में शनिवार को 11वीं के छात्र ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों का आरोप है कि पड़ोसी सिपाही के घर वालों की प्रताड़ना और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी से दुखी होकर उनके बच्चे ने इस तरह का कदम उठाया है। उनका कहना है कि इस मामले में सारनाथ थाने की पुलिस उनकी सुनवाई नहीं कर रही है। पुलिस सिपाही के परिवार का ही पक्ष ले रही है। फिलहाल सारनाथ थाने की पुलिस घटनास्थल पर मौजूद है। वहीं, छात्र के परिजन पड़ोसी पुलिसकर्मी और उसके परिजनों पर कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े हुए हैं। सारनाथ थाना अंतर्गत नई बाजार मे रमेश सिंह अपने परिवार के साथ रहते हैं। रमेश के अनुसार उनके पड़ोस में एक सिपाही अपने परिवार के साथ रहता है। सिपाही और उसके परिजन हमेशा अनावश्यक विवाद करते रहते हैं। वर्ष 2020 में सिपाही के परिजनों ने उनके परिवार के लोगों पर एक फर्जी मुकदमा कराया था। उस मुकदमें में सभी अपनी जमानत करा चुके हैं। 4 नवंबर को सिपाही के परिवार की महिलाओं सहित 4 लोग उनके घर में घुस आए। चारों ने कक्षा 11 में पढ़ने वाले उनके बेटे प्रिंस (17) के साथ गालीगलौज की। इसके साथ ही उसे रेप के फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पड़ोसियों की धमकी से प्रिंस डरा होने के साथ ही बहुत दुखी था।

### घरेलू काम करने से मना करने पर युवती से छेड़छाड़

लखनऊ। इन्दिरानगर कोतवाली में युवती ने छेड़खानी और मारपीट का केस दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि घर में चौका बर्तन करने से इनकार पर अभद्रता की गई है। विमल नगर निवासी 20 वर्षीय युवती घरों में साफ सफाई करती है। हरिहरनगर में मौरंग व्यापारी साहिल की दुकान है। वह कई दिनों से युवती को घर में काम के लिए कह रहा था। काम अधिक होने से युवती तैयार नहीं थी। नाराज साहिल ने अभद्र व्यवहार किया, विरोध पर बेटे समेत गलत हरकत करने लगे। पीड़िता के शोर मचाने पर राहगीरों ने बीच बचाव कर छुड़ाया।

## गोमती नदी पर बने शास्त्री पुल पर बड़े और ओवरलोड वाहनों की आवाजाही पर लगी रोक

एजेंसी

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर आजमगढ़ मार्ग पर जौनपुर में गोमती नदी पर बने शास्त्री पुल पर प्रशासन ने भारी व ओवरलोड वाहनों की आवाजाही को रोक दिया है।

जिला प्रशासन के सूत्रों ने शनिवार को बताया कि इस पुल के जोर्णोद्धार का काम बहुत शीघ्र शुरु होने का वाला है इसलिये यह फैसला किया गया है। इस पुल के जीर्णोद्धार का काम करीब 05 करोड़ रुपये की लागत से किया जायेगा। राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने भी शासन को पत्र लिखकर पुल के जीर्णोद्धार के लिये पत्र लिखा था।

इस बाबत जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने प्रस्ताव बनवाकर भेज दिया है। पुल के जीर्णोद्धार का काम बहुत जल्द शुरु होने वाला है। इसलिए जिला प्रशासन ने शनिवार से शास्त्री पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही को रोक दिया है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जिले में प्रयागराज की ओर से शाहगंज व आजमगढ़ जाने वाले भारी वाहन मुंगरा बादशाहपुर से सुजानगंज हुए होते हुए शाहगंज के लिए जाएंगे। शाहगंज से ये वाहन अंबेडकर नगर, फैजाबाद व आजमगढ़ जा सकेंगे। मिर्जापुर की ओर से आजमगढ़ जाने वाले भारी वाहन एवं ओवरलोड वाहनों के लिए मड़ियाहूं, जलालपुर, थानागद्दी, केराकत और खुज्जी मोड़ होते हुए आजमगढ़ के लिए जा सकेंगे। वाराणसी से आजमगढ़ जाने वाले भारी व ओवर लोड वाहन जलालपुर से थानागद्दी, केराकत और खुज्जी मोड़ होते हुए आजमगढ़ जा सकेंगे।

# माफिया मुख्तार अंसारी का एमएलए बेटा अब्बास गिरफ्तार

### ईडी ने प्रयागराज कोर्ट में किया पेश, 14 दिन की कस्टडी रिमांड मांगी

प्रयागराज/लखनऊ। माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे विधायक अब्बास अंसारी को ईडी ने प्रयागराज की एमपी/एमएलएकोर्ट में पेश किया। अब्बास का पेशी से पहले स्वरूप रानी अस्पताल में मेडिकल कराया गया। ईडी ने कोर्ट में अब्बास अंसारी की 14 दिनों की कस्टडी रिमांड मांगी। शुक्रवार की रात में ईडी की टीम ने अब्बास अंसारी को गिरफ्तार किया था। उधर, अब्बास अंसारी के वकील की तरफ से कोर्ट में यह मांग की गई है कि अब्बास अंसारी की सुरक्षा बढ़ाई जाए और अब्बास अंसारी की पूछताछ वकील के सामने हो। अब्बास की गिरफ्तारी ईडी ने 12 घंटे तक चली लंबी पूछताछ के बाद शुक्रवार रात



लगभग पौने बारह बजे की। इससे पहले ईडी ने उन्हें पिता मुख्तार अंसारी के खिलाफ चल रहे मनी लॉन्ड्रिंग केस में बयान दर्ज कराने के लिए शुक्रवार सुबह प्रयागराज ऑफिस में बुलाया था। जानकारी के मुताबिक, अब्बास से करीब 900 सवाल पूछे गए, इसमें से उन्होंने कई सवालों का जवाब नहीं दिया। ईडी ने अब्बास अंसारी से दो राउंड में पूछताछ की थी।

#### पिछले महीने जारी हुआ था लुकआउट नोटिस

मुख्तार पर दर्ज मनी लांड्रिंग मामले की जांच में जुटी ईडी ने पिछले महीने ही अब्बास के देश से बाहर जाने पर रोक लगा दी थी। इसके तहत उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया था। इससे पहले उसकी मां अफ्शा अंसारी के खिलाफ भी लुकआउट नोटिस जारी हुआ था।

#### बेटे, ससुर, साले सहित 3 को भेजा नोटिस

बीते अगस्त में ही ईडी ने मुख्तार अंसारी से जुड़े 12 ठिकानों पर छापेमारी की थी।

इस दौरान करोड़ों के लेने-देन का पता चला था। ईडी ने इस मामले में मुख्तार के बेटे अब्बास अंसारी, ससुर जमशेद रजा, साले अतीफ रजा और लखनऊ के प्रॉपर्टी डीलर शादाब को नोटिस भेजा था।

# रोनिल हत्याकांड के बाद स्कूल में तोड़फोड़

कानपुर। शनिवार को चकेरी के श्यामनगर में रोनिल के परिजनों ने वीरेंद्र स्वरूप स्कूल में हंगामा किया। स्कूल में रखे गमले भी तोड़ दिए। रोनिल के पिता संजय सरकार ने खुलासा करते हुए स्कूल के शिक्षक पर हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया। पिता का कहना है कि रोनिल की हत्या में टीचर भी शामिल है।

हंगामे की सूचना पर स्कूल पहुंचे एडीसीपी पूर्वी बृजेश कुमार श्रीवास्तव और एसीपी कैंट मृगांक शेखर पाठक ने कार्रवाई का आश्वासन देकर आक्रोशित स्वजन को शांत कराया।

रोनिल के परिजन शनिवार की सुबह स्कूल पहुंचे और एक शिक्षक पर रोनिल को धमकाने का आरोप लगाया और इसकी जानकारी चैटिंग से होने की बात कही। उन्होंने कहा कि आशंका है कि शिक्षक की भी हत्या में भूमिका है। स्कूल प्रबंधन ने समझाने का प्रयास किया लेकिन स्वजन उस टीचर को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। हंगामे के वक्त टीचर स्कूल में ही मौजूद था।

#### स्कूल में कर दी तोड़फोड़

इस बीच आक्रोशित स्वजन ने स्कूल परिसर में हंगामा करते हुए गमले भी तोड़ दिए। स्कूल प्रशासन द्वारा हंगामे



की सूचना पुलिस को दी गई। इस पर एडीसीपी पूर्वी बृजेश कुमार श्रीवास्तव, एसीपी कैंट मृगांक शेखर पाठक फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन देकर आक्रोशित स्वजन को शांत कराया। साथ ही जल्द ही हत्याकांड का राजफाश करने का आश्वासन दिया।

#### ये है पूरा मामला

चकेरी के श्याम नगर स्थित वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर में पढ़ने वाले 12वीं के छात्र रोनिल सरकार सोमवार को स्कूल से घर लौटते वक्त लापता हो गया था और उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई। मंगलवार की सुबह रोनिल का शव श्यामनगर स्थित भगवंत टटिया के पास रेलवे ट्रैक किनारे जंगल में पड़ा मिला था। पुलिस मामले में स्कूल के छात्रों और शिक्षिकों से पूछताछ कर चुकी है लेकिन अभीतक हत्याकांड का राजफाश नहीं सकी है।

#### देहाती डिस्को के निर्माता पर फिर तीन मुकदमे दर्ज

लखनऊ। फिल्म देहाती डिस्को के निर्माता कमल किशोर पर गोमतीनगर में तीन और मुकदमे दर्ज किए गए हैं। कमल पर सिक्योरिटी एजेंसी, वैनिटी वैन और लाइन प्रोड्यूसर से करीब 12 लाख की धोखाधड़ी का आरोप है। उसके खिलाफ मुम्बई के अंबोली थाने में पत्नी यास्मीन ने भी केस दर्ज कराया था, जिसके बाद मुम्बई पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

दिल्ली के शाहदरा निवासी योगेश नारायन वैनिटी वैन सर्विस देते हैं। उनसे गोमतीनगर एल्डिको ग्रीन निवासी कमल किशोर ने देहाती डिस्को के कलाकारों के लिए वैनिटी वैन देने के लिए कहा था। पीड़ित के मुताबिक इसका करीब पांच लाख 50 हजार रुपये किराया कमल ने नहीं दिया। वहीं, मिरनपुर पिन्वट निवासी राजवीर सिंह टाइगर सिक्योरिटी चलाते हैं। उसकी फर्म को कमल ने बाउंसर मुहैया कराने के लिए कहा था। उनके जिम्मे फिल्म सेट, कलाकारों की सुरक्षा देखना था। राजवीर के अनुसार करीब एक लाख 72 हजार रुपये कमल को देने थे, जो उसने नहीं लौटाए हैं। आशियाना एलडीए कानपुर रोड निवासी शाहनवाज हुसैन लाइन प्रोड्यूसर है। देहाती डिस्को फिल्म के प्रोडक्शन के लिए कमल किशोर ने शाहनवाज से सम्पर्क किया था। पीड़ित के मुताबिक काम के दौरान करीब साढ़े चार लाख का बिल बना था। जो कमल किशोर नहीं दे रहा है। फोन करने पर गाली गलौज करता है। कमल किशोर मिश्रा ने फिल्म निर्माण के लिए विभिन्न एजेंसियों की सेवाएं ली थी। अधिकांश लोगों को उसने रुपये नहीं दिए हैं। अभी तक पांच लोगों ने गोमतीनगर कोतवाली में कमल किशोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर दिनेश चन्द्र मिश्र ने बताया कि आरोपी ने पत्नी यास्मीन को कार से कुचलने का प्रयास किया था।

## शार्ट न्यूज

### पंजाब नेशनल बैंक ने दिल्ली में राष्ट्रीय पुलिस स्मारक में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर वॉकथॉन का आयोजन किया



नई दिल्ली। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), देश के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह को चिह्नित करने के लिए दिल्ली में राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर एक वॉकथॉन का आयोजन किया। यह पहल अतुल कुमार गोयल, एमडी और सीईओ, विजय दुबे ईडी, विजय कुमार त्यागी, सीवीओ, समीर बाजपेयी, सीजीएम, जेडएम और अनुराग आईपीएस, संयुक्त निदेशक, केंद्रीय ब्यूरो जांच की उपस्थिति में हुई।

### डीसीबी बैंक के दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ में 73 प्रतिशत की बढ़त

नयी दिल्ली। निजी क्षेत्र के डीसीबी बैंक का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 73 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 112 करोड़ रुपये रहा। एक वर्ष पूर्व समान अवधि में बैंक का शुद्ध लाभ 65 करोड़ रुपये था। बैंक ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इस दौरान उसके द्वारा दिए गए ऋणों की राशि वार्षिक आधार पर 18 प्रतिशत बढ़कर 31,291 करोड़ रुपये पर पहुंच गयी जबकि जमा राशि 16 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 36,960 करोड़ रुपये दर्ज की गयी। डीसीबी बैंक का 30 सितंबर 2022 को सकल अवरुद्ध ऋण (एनपीए) 3.89 प्रतिशत दर्ज किया गया जबकि शुद्ध एनपीए 1.54 प्रतिशत रहा।

### टाटा मोटर्स की कारों की कीमतें करीब एक प्रतिशत तक बढ़ी

नयी दिल्ली। भारत की अग्रणी वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने अपने सभी यात्री वाहनों की कीमतों में वृद्धि की घोषणा की है। कंपनी ने शनिवार को एक बयान में कहा, वैरिएंट और मॉडल के आधार पर भारित औसत वृद्धि 0.9 फीसदी होगी और 07 नवंबर, 2022 से प्रभावी होगी। कंपनी बढ़ी हुई लागत के एक महत्वपूर्ण हिस्से को अवशोषित कर रही है, लेकिन समग्र इनपुट लागत में तेज वृद्धि ने इसे इस न्यूनतम मूल्य वृद्धि के माध्यम से कुछ अनुपात में पारित करने के लिए मजबूर किया है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा का दूसरी तिमाही में लाभ 59 प्रतिशत बढ़कर 3,313 करोड़

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) का वसूली में फंसे ऋणों में गिरावट और ब्याज आय में बढ़ोतरी के दम पर जुलाई-सितंबर 2022 तिमाही में शुद्ध लाभ 59 प्रतिशत के उछाल के साथ 3,313 करोड़ रुपये रहा। बीओबी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि जुलाई-सितंबर 2021 तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 2,088 करोड़ रुपये था। बैंक की कुल आय चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बढ़कर 23,080.03 करोड़ रुपये दर्ज की गयी जो एक वर्ष पूर्व 20,270 करोड़ रुपये थी। इस दौरान बैंक को शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) के रूप 34.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 10,714 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। बीओबी के दूसरी तिमाही परिणामों में अवरुद्ध ऋणों (एनपीए) में सुधार देखा गया। बैंक का सितंबर 2022 के अंत में सकल एनपीए सुधरकर 5.31 प्रतिशत पर आ गया जो एक साल पहले 8.11 प्रतिशत था। इसी तरह शुद्ध एनपीए 2.83 प्रतिशत से ठीक होकर 1.16 प्रतिशत रहा। बीओबी ने कहा कि आलोच्य तिमाही में समेकित आधार पर उसका शुद्ध लाभ 3,400 करोड़ रुपये रहा जो एक वर्ष पूर्व 2,168 करोड़ रुपये था।

### पेट्रोल और डीजल में टिकाव

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 92 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के दाम में शनिवार को भी कोई बदलाव नहीं हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 98.57 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 5.02 प्रतिशत की तेजी लेकर 92.60 डॉलर प्रति बैरल हो गया। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी टिकाव रहा। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में चार महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

### आत्मनिर्भर भारत के लिए राज्यों की वित्तीय मजबूती बेहद जरूरी : सीतारमण



तिरुवनंतपुरम। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राजकोषीय मजबूती को आत्मनिर्भर भारतके लिए एक अहम घटक बताते हुए शनिवार को कहा कि कुछ राज्यों का गैर-जरूरी वस्तुओं के लिए अंधाधुंध उधार लेना और खर्च करना उनकी चिंता का विषय है। सीतारमण ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि क्षमता से अधिक उधार लेने का प्रलोभन पीढ़ी-दर-पीढ़ी बोझ पैदा करेगा और देश की राजकोषीय सुदृढ़ता को प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा, ''कुछ राज्यों में इस तरह की अव्यावहारिक, गैर-जरूरी व्यय की प्रवृत्ति बहुत अधिक है। भारतीय विचार केंद्रम में आयोजित एक व्याख्यान कार्यक्रम में सीतारमण ने कहा कि केंद्र इस तरह उधार लेने के बारे में राज्यों से बात कर सकता है और उनसे सवाल कर सकता है लेकिन अनेक राज्य इसे अपने अधिकार क्षेत्र में दखल मानते हैं। उन्होंने केंद्र और राज्यों के बीच संबंधों को खराब करने के लिए गलत राजनीतिक विमर्श चलाए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि संघीय संबंध सहयोग, सामूहिकता और समन्वय से चलता है।

### ज्यादातर कर्मचारी कामकाज के तनाव से अवसाद होने को लेकर आशंकित : रिपोर्ट

मुंबई। काम से संबंधित तनाव से कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और उनकी काम करने की क्षमता घट जाती है। एक रिपोर्ट में लोगों ने कहा कि इस तनाव की वजह से बैचेनी और अवसाद की स्थिति पैदा हो जाती है। मानव संसाधन समाधान प्रदाता जीनियस कंसल्टेंट्स की इस रिपोर्ट में 77 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि कामकाज से संबंधित तनाव से व्यग्रता तथा अवसाद हो सकता है। वहीं 14 फीसदी ने इस पर अपनी राय नहीं जताई जबकि नौ फीसदी लोगों ने ऐसा होने से इनकार किया। यह रिपोर्ट पांच सितंबर से 15 अक्टूबर 2022 के बीच किए गए एक सर्वे के नतीजों पर आधारित है। इस सर्वे में बैंकिंग और वित्त, निर्माण और इंजीनियरिंग, शिक्षा, एफएमसीजी, आतिथ्य, एचआर समाधान, आईटी, आईटीईएस और बीपीओ, लॉजिस्टिक्स एवं विनिर्माण जैसे क्षेत्रों के 1,380 कर्मचारियों से बात की गई। इसके 82 फीसदी प्रतिभागियों ने यह स्वीकार किया कि प्रतिरोधक क्षमता में कमी और पाचन से संबंधित समस्या का सीधा संबंध कामकाज से जुड़े तनाव से है। काम के तनाव से निपटने के लिए 73 फीसदी लोगों ने कहा कि उन्हें काम के दौरान हल्की झपकी लेने का मौका मिलना चाहिए। कर्मचारियों की ओर से मिले सुझावों में कामकाज के दिनों को घटाने की बात भी शामिल थी। 68 फीसदी लोगों ने यह बात कही जबकि 14 फीसदी लोगों ने इसे उचित नहीं माना। जीनियस कंसल्टेंट्स के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक आर पी यादव ने कहा, ''ज्यादातर प्रतिभागियों ने यह माना कि कामकाज से संबंधित तनाव से मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है।''

# स्वीडन इंडिया नोबेल मेमोरियल वीक के उपलक्ष्य में स्वीडन ने #SHESTEM वीडियो चैलेंज 2022 लॉन्च किया

## चैलेंज लड़कियों को एसटीईएम शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने का रचनात्मक माध्यम है और यह अटल इनोवेशन मिशन से साझेदारी में शुरू किया गया है

एजेंसी

नई दिल्ली। 2020 से शुरू #SHESTEM वीडियो चैलेंज की शानदार सफलता के बाद यह विशिष्ट आयोजन एक बार फिर इस साल 15वें स्वीडन इंडिया नोबेल मेमोरियल वीक (एसआईएनएमडब्ल्यू) के उपलक्ष्य में होगा और फिजिकल रूप में होगा। सालाना स्वीडन इंडिया नोबेल मेमोरियल वीक का आयोजन स्वीडन दूतावास, मुंबई में स्वीडन महावाणिज्य दूतावास और भारत में कार्यरत स्वीडिश कंपनियों सहित टीम स्वीडन के अन्य भागीदार संयुक्त रूप से करते हैं। 15वां नोबल अम्ब्रेला प्रोग्राम दिसंबर में आयोजित किया जाएगा और इसमें कई नई पहलों को पेश किया जाएगा।

15वें स्वीडन इंडिया नोबेल मेमोरियल वीक के उद्घाटन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए भारत में स्वीडिश राजदूत जेन थेस्लेफ ने कहा, ''15वां स्वीडन इंडिया नोबेल मेमोरियल वीक का उद्घाटन करने की मुझे बहुत खुशी है। यह सही मायनों में दूतावास के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है जो अल्फ्रेड नोबेल और विज्ञान, अनुसंधान, इनोवेशन और कला जगत में उनकी शानदार विरासत का सम्मान करता है। मैं #SHESTEM वीडियो चैलेंज के लिए इस साल भारतीय युवाओं की विजेता इंट्रियों देखने के लिए उत्सुक हूं।

भारत में स्वीडन दूतावास और अटल इनोवेशन मिशन की संयुक्त पहल एसएचईएसटीईएम लड़कियों और महिलाओं के लिए एसटीईएम शिक्षा के महत्व पर जोर देती है। इस वर्ष जर्मन सेंटर फॉर रिसर्च एंड इनोवेशन (डीडब्ल्यूआईएच) नई दिल्ली भी इस पहल से जुड़ गया गया है।

वीडियो चैलेंज में विद्यार्थियों के बीच विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) की शिक्षा को बढ़ावा देने का रणनीतिक उद्देश्य है। उन्हें यह कल्पना करने की चुनौती दी गई।

है कि वर्ष 2047 में अर्थात् भारत की आजादी के 100 वें वर्ष के विशेष अवसर पर नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने के लिए जलवायु परिवर्तन संकट से निपटने में किस तरह नवाचार किया। यह वीडियो चैलेंज 25 अक्टूबर से शुरू हो कर 14 नवंबर 2022 तक चलेगा जिसमें हर दिन कम से कम एक इंट्री शॉर्टलिस्ट की जाएगी।

इस चैलेंज के पहले विजेता को एक टैबलेट प्रदान किया जाएगा और उपविजेता एवं शॉर्टलिस्ट की गई अगली 10 इंट्रियों के लिए अन्य आकर्षक पुरस्कार और उपहार होंगे।

### चैलेंज में भाग लेने के स्टेप्स

प्रतिभागियों को इस प्रश्न का उत्तर देते हुए वीडियो रिकॉर्ड करना है कि ''भारत की आजादी के 100 वें साल आपको जलवायु परिवर्तन से निपटने में नवाचार के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया है। वीडियो के माध्यम से 30 सेकंड के धन्यवाद ज्ञापन में अपने नवाचार के बारे में और यह भी बताएं कि यह कैसे जलवायु परिवर्तन से निपटने में सकारात्मक प्रभाव डालता है।

इसके बाद नोबेल पुरस्कार प्रदान करने के लिए धन्यवाद देते हुए वीडियो शुरू करना है। उदाहरण के लिए ''इन्फ्रास्ट्रक्चर स्पेस में हीटिंग/कूलिंग सिस्टम पर मेरे इनोवेशन के लिए मुझे नोबेल पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए धन्यवाद।''

प्रतिभागी वीडियो के सपोर्ट में प्रोटोटाइप भी बना सकते हैं जो डिजिटल या समाचार पत्रों, पेपर-मैशे, या किसी अन्य अभिनव माध्यम से बना हो। प्रोटोटाइप के साथ और उसके बिना भी इंट्रियों का आकलन समान रूप से किया जाएगा।

चैलेंज में 13-17 वर्ष के उम्मीदवार भाग ले सकते हैं जो भारत के किसी भी स्कूल में नामांकित हैं। इंट्री हिंदी या अंग्रेजी में दे सकते हैं और यह वीडियो 30 सेकंड से अधिक का नहीं हो। यह वीडियो इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब सहित लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर और साथ ही सोशल मीडिया पोस्ट में उल्लिखित गूगल फॉर्म लिंक पर भी अपलोड किया जा सकता है।

#SHESTEM वीडियो चैलेंज का मकसद ऐसे समाधान की तलाश है जिसमें बेजोड़ कल्पना और सन् 2047 की संभावित वास्तविकताओं का अनोखा तालमेल हो। वीडियो का आकलन तीन मानकों पर किया जाएगा जिनमें शामिल हैं आइडिया का नयापन, विचार की स्पष्टता और व्यवहार्यता और नवाचार का प्रासंगिक होना। विजेताओं के नाम 5 दिसंबर को एसएचईएसटीईएम 2022 में लाइव घोषित किए जाएंगे और उनके वीडियो भी पूरी दुनिया को दिखाए जाएंगे।.

# पावरग्रिड का तिमाही समेकित आधार शुद्ध 3,650 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार के महारत्न उपक्रम पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) ने चालू वित्त वर्ष में 30 सितंबर को समाप्त तिमाही में समेकित आधार पर 3,650 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया है।

इस दौरान कंपनी की समेकित आय 11,349 करोड़ रुपये रही। कंपनी की आय और शद्ध लाभ में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

पावरग्रिड द्वारा शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि दूसरी तिमाही में एकल आधार पर उसने कंपनी ने क्रमश: 9 प्रतिशत और 7 प्रतिशत की की वृद्धि दर्ज करते हुए 3,651 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ और 11,190 करोड़ दर्ज रुपये की आय दर्ज की है।

पावरग्रिड ने अप्रैल-सितंबर 2022-23 की पहली छह महीने में समेकित आधार पर 7,451 रुपये का समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया है। इस दौरान उसकी समेमित आय 22,518 करोड़ रुपये रही। एक साल पहले इसी छमाही की तुलना में कंपनी का लाभ 11 प्रतिशत और आय आठ प्रतिशत अधिक है। पहली छमाही में एकल आधार पर कंपनी के का शुद्ध लाभ और आय क्रमश: 7,417 करोड़ रुपये और 22,207 करोड़ रुपये रही। यह एक साल पहले की तुलना में क्रमश: 12 प्रतिशत और सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

कंपनी ने वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में समेकित आधार पर 3,219 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया। समेकित आधार पर कंपनी की सकल अचल संपत्ति 30 सितंबर, 2022 को 2,67,256 करोड़ रुपये के बराबर थी।

पावरग्रिड के निदेशक मंडल ने 10 रुपये के अंकित मूल्य के प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 5.00 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम लाभांश की घोषणा की है।

# सरकार ने कोटा के आधार पर चीनी निर्यात की मंजूरी दी

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने कोटा के आधार पर 60 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति शनिवार को दे दी। खाद्य मंत्रालय ने एक अधिसूचना में यह जानकारी दी। इस अधिसूचना के मुताबिक, खाद्य मंत्रालय ने अगले साल 31 मई तक 60 लाख टन चीनी के निर्यात की मंजूरी दी है। पिछले तीन चीनी विपणन सत्रों के औसत चीनी उत्पादन का 18.23 प्रतिशत हिस्सा निर्यात कोटे के तौर पर चिह्नित किया गया है। चीनी मिलें यह मंजूरी मिलने के बाद खुद या निर्यातकों के माध्यम से विदेशों में चीनी बेच सकती हैं। इसके अलावा मिलें देश की दूसरी चीनी मिलों के निर्यात कोटा के साथ अदला-बदली भी कर सकेंगी।

इस अधिसूचना के मुताबिक, चीनी के अनियंत्रित निर्यात पर लगाम लगाने और घरेलू खपत के लिए वाजिब दर पर चीनी की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के लिए सरकार ने एक नवंबर, 2022 से 31 मई, 2023 तक तर्कसंगत सीमा के साथ चीनी निर्यात की अनुमति देने का फैसला किया है।

# मेंगलुरु की शान रहा टाइल उद्योग बंद होने की कगार पर पहुंचा

मेंगलुरु। छतों पर लगने वाली टाइल के लिए मशहूर मेंगलुरु का 157 साल पुराना 'मैंगलोर टाइल्स' उद्योग इस समय तमाम वजहों से संकट से गुजर रहा है और अब इसके वैभवशाली इतिहास की सिर्फ यादें ही बची हुई हैं। 'मैंगलोर टाइल्स' छत पर लगने वाली टाइल की पहचान बनी रही हैं। इनकी गुणवत्ता, आकार और रंगों ने इन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ख्याति दिलाई। वर्ष 1865 में इस शहर में इसका पहला कारखाना शुरू हुआ था और बीती सदी तक यह खूब फला-फूला। लेकिन समय के साथ कच्चे माल की कमी होने और जीवनशैली में बदलाव से बीते तीन दशकों से यह उद्योग मुश्किलों का सामना कर रहा है।

यहां 1990 के दशक की शुरुआत में करीब 75 टाइल निर्माण कारखाने थे लेकिन वर्ष 2010 तक इनकी संख्या घटकर 12 रह गई और अब तो केवल तीन इकाइयां ही बची रह गई हैं। बदलते चलन और निर्माण तरीकों से टाइल उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ और 1980 के दशक में मैंगलोर टाइल्स की मांग घटती गई।

# एसबीआई के शुद्ध लाभ में 74 प्रतिशत का उछाल

नयी दिल्ली। देश के सबसे बड़े बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 74 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 13,265 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। एक वर्ष पूर्व समान अवधि में यह 7,627 करोड़ रुपये था।

एसबीआई ने शनिवार को एक बयान में कहा कि जुलाई-सितंबर 2022 तिमाही में उसका परिचालन लाभ वार्षिक आधार पर 16.82 प्रतिशत उछलकर 21,120 करोड़ रुपये रहा जो पूर्व में 18,079 करोड़ रुपये था।

इस दौरान बैंक की शुद्ध ब्याज आय 35,183 करोड़ रुपये दर्ज की गयी, जो जुलाई-सितंबर 2021 तिमाही में प्राप्त हुए 31,184 करोड़ से 12.83 प्रतिशत अधिक है। एसबीआई द्वारा प्रदान किए गए सकल ऋणों का आंकड़ा 30 सितंबर 2022 को समाप्त हुयी तिमाही में 19.93 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 30,35,071 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जो एक वर्ष पूर्व उक्त अवधि में 25,30,777 करोड़ रुपये था। इसी तरह बैंक में जमा राशि में 9.99 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गयी जो जुलाई-सितंबर 2021 में 38,09,630 करोड़ रुपये से बढ़कर 41,90,255 करोड़ रुपये हो गयी जबकि चालू खाता बचत खाता (कासा) जमा राशि 5.35 प्रतिशत बढ़कर 17,97,752 करोड़ रुपये दर्ज की गयी।

एसबीआई का आलोच्य तिमाही में शुद्ध अवरुद्ध ऋण (एनपीए) अनुपात 0.72 प्रतिशत सुधरकर एक प्रतिशत से नीचे 0.80 प्रतिशत पर आ गया। इसी तरह सकल एनपीए 1.38 प्रतिशत घटकर 3.52 फीसदी दर्ज किया गया।

# फाइव स्टार फाइनेंस के आईपीओ की नौ नवंबर से शुरुआत

अहमदाबाद। गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थान का फाइव स्टार बिजनेस फाइनेंस लिमिटेड 09 नवंबर को अपना सार्वजनिक शेयर निर्गम (आईपीओ) लाने वाली है। फाइव स्टार बिजनेस फाइनेंस ने शनिवार को एक बयान में कहा कि प्रति शेयर 450-474 रुपये के बीच तय किया जा गया है। इसके लिए नौ से 11 नवंबर के बीच आवेदन किया जा सकता है। आईपीओ में न्यूनतम 31 या इसके गुणक में शेयरों के लिए आवेदन किया जा सकता है। इस आईपीओ में कंपनी के वर्तमान प्रवर्तक और शेयरधारक 1960 करोड़ रुपये के मूल्य के शेयरों की बिक्री शेयर बाजार के माध्यम से करेंगे। इसमें एससीआई इन्वेस्टमेंट पांच 166.74 करोड़ रुपये, मैटरिक्स पार्टनर्स इंडिया इन्वेस्टमेंट होल्डिंग्स द्वितीय 719.4 करोड़ रुपये, एलएलसी कंपनी मैटरिक्स पार्टनर्स इंडिया इन्वेस्टमेंट द्वितीय एक्सटेंशन 12.08 करोड़ रुपये, मॉरिसियस की नॉरवेस्ट वेंचर पार्टनर्स दस 361.4 करोड़ रुपये और टीजीपी एशिया सात एसएफ प्राइवेट लिमिटेड 700.3 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री कर रही है। चेन्नई स्थित फाइव स्टार बिजनेस फाइनेंस सूक्ष्म-उद्योग व्यापारियों और स्व-रोजगार व्यक्तियों को सुरक्षित व्यवसायिक ऋण प्रदान करता है जिन्हें अक्सर पारंपरिक वित्तीय संस्थानों द्वारा बाहर रखा जाता है। कंपनी का देशभर में 150 जिलों, आठ राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 311 शाखाओं का नेटवर्क है जिसमें अधिकतर व्यापार तमिलनाडु, कर्नाटक आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में फैला हुआ है।

# खराब प्रेशर कुकर बेचने पर क्लाउडटेल पर लगा एक लाख रुपये का जुर्माना

नयी दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ऑनलाइन विक्रेता फर्म क्लाउडटेल इंडिया पर अनिवार्य बीआईएस मानकों का उल्लंघन करते हुए प्रेशर कुकर बेचने की वजह से एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

सीसीपीए ने क्लाउडटेल से कहा है कि वह अमेजन के मंच पर बेचे गए और मानकों पर खरे नहीं उतरने वाले 1,033 प्रेशर कुकर वापस मंगा ले और ग्राहकों को उनका पैसा वापस कर दे। एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि अनिवार्य मानकों का उल्लंघन करते हुए घरेलू प्रेशर कुकर बेचने और उपभोक्ता अधिकारों का हनन करने तथा व्यापार के अनुचित तौर-तरीके अपनाने के लिए प्राधिकरण ने क्लाउडटेल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ आदेश पारित किया है।

ये मानक घरेलू प्रेशर कुकर (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2020 के तहत तय किए गए हैं।

# दूरसंचार शुल्क अब भी गैर-टिकाऊ स्तर पर: वोडाफोन आइडिया सीईओ

नयी दिल्ली। दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने भारत में दूरसंचार शुल्कों के अब भी गैर-टिकाऊ स्तर पर बने रहने का जिक्र करते हुए कहा है कि उद्योग को अनवरत निवेश करने के लिए शुल्कों को दुरुस्त करना होगा।

वीआईएल के औसत राजस्व प्रति उपयोगकर्ता (एआरयूपी) में लगातार पांचवीं तिमाही में वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में कंपनी का एआरयूपी 131 रुपये प्रति उपयोगकर्ता रहा जो एक साल पहले की तुलना में 19.5 प्रतिशत अधिक है। जुलाई-सितंबर तिमाही में वोडाफोन आइडिया का प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व तिमाही आधार पर भी बढ़ा है। अप्रैल-जून तिमाही में यह राजस्व 128 रुपये रहा था।

वीआईएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अक्षय मूंदड़ा ने दूसरी तिमाही के नतीजों पर विश्लेषकों के साथ चर्चा के दौरान कहा कि देश में दूरसंचार शुल्क अब भी गैर-टिकाऊ स्तर पर बना हुआ है। उन्होंने कहा, हमारा मत है कि दूरसंचार उद्योग को आगे भी निवेश हासिल करने के लिए शुल्क में सुधार का सिलसिला आगे भी जारी रखने की जरूरत है। मूंदड़ा ने कहा कि वीआईएल ने शुल्कों में कई बार बदलाव किए हैं जिनमें शुरुआती दौर की योजनाएं भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी अब भी 4जी उपभोक्ताओं को अपने साथ जोड़ने और अनलिमिटेड योजनाओं पर ध्यान दे रही है।

हालांकि मूंदड़ा ने कहा कि वीआईएल 5जी प्रौद्योगिकी के अगले सफर के लिए तैयार है और इस दिशा में अहम भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 4जी कवरेज के विस्तार और 5जी सेवाओं की शुरुआत वित्तपोषण एवं कोष पर निर्भर करेगी। मूंदड़ा ने कहा, हमारी राय है कि एक बार फंडिंग का इंतजाम हो जाने के बाद हम 5जी पेशकश कर पाने की स्थिति में होंगे। वैसे तो 5जी के क्षेत्र में प्रतिस्पर्द्धा शुरू हो चुकी है लेकिन 5जी हैंडसेट पारिस्थितिकी के अब शुरू होने से मुझे नहीं लगता है कि दो महीनों में फंडिंग मिलने के बाद 5जी सेवा की पेशकश से कोई नुकसान होगा। सरकार को बकाया राशि का भुगतान नहीं कर पाने से वीआईएल में सरकार को इक्विटी देने के मुद्दे पर मूंदड़ा ने कहा कि इस बारे में बातचीत चल रही है।

### पाकिस्तान को चीन, सऊदी अरब से मिलेगी 13 अरब डॉलर की अतिरिक्त मदद

इस्लामाबाद। आर्थिक संकट का सामना कर रहे पाकिस्तान को उसके परंपरागत सहयोगियों चीन और सऊदी अरब से 13 अरब डॉलर की अतिरिक्त वित्तीय मदद मिली है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री इसहाक डार ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान को यह मदद ऐसे वक्त मिली है जब सरकार देश की कमजोर अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के प्रयास में जुटी हुई है। समाचारपत्र डॉन में प्रकाशित एक खबर में डार के हवाले से बताया गया कि नई वित्तीय सहायता के तहत पाकिस्तान को नौ अरब डॉलर चीन से जबकि चार अरब सऊदी से मिलेंगे। यह 20 अरब डॉलर के निवेश वायदों के अतिरिक्त है। डार ने बताया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की हालिया बीजिंग यात्रा के दौरान चीन के नेतृत्व ने सॉवेरन ऋण के रूप में चार अरब डॉलर, वाणिज्यिक बैंक कर्ज के पुनर्वित्त के रूप में 3.3 अरब डॉलर और मुद्रा अदला-बदली को 30 अरब युआन से बढ़ाकर 40 अरब युआन करने का वादा किया था। यह सब मिलाकर 8.75 अरब डॉलर होता है। डार ने कहा, ''उन्होंने वित्तीय समर्थन सुरक्षा का वादा किया है।''

# देश के 69 प्रतिशत परिवार वित्तीय असुरक्षा की चपेट में: सर्वेक्षण

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्तीय समावेशन की दिशा में मजबूत प्रगति और वित्तीय सेवा उद्योग के विस्तार के बावजूद देश के करीब 69 प्रतिशत परिवार अपनी वित्तीय असुरक्षा और कमजोरी का सामना कर रहे हैं। एक सर्वेक्षण पर आधारित रिपोर्ट में यह दावा किया गया।

आर्थिक खबरों के डिजिटल मंच मनी9 की तरफ से व्यक्तिगत वित्त के बारे में कराए एक सर्वेक्षण के आधार पर यह रिपोर्ट जारी की गई है। इंडियाज पर्सनल फाइनेंस पल्स नाम के इस सर्वेक्षण में भारतीय परिवारों की आय, बचत, निवेश एवं खर्च से जुड़े बिंदुओं को समेटने की कोशिश की गई है।

इस सर्वेक्षण के आधार पर परिवारों की आमदनी, खर्च एवं बचत के तौर-तरीकों को समझने के लिए देश की पहली नागरिक वित्तीय सुरक्षा रैंकिंग मनी9 वित्तीय सुरक्षा सूचकांक भी जारी की गई है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, देश में



4.2 सदस्यों वाले एक परिवार की औसत आय 23,000 रुपये प्रति माह है। वहीं 46 प्रतिशत से अधिक परिवारों की औसत आय 15,000 रुपये प्रति माह से भी कम है। इसका मतलब है कि ये परिवार आकांक्षी या निम्न आय समूह से ताल्लुक रखते हैं।

यह सर्वेक्षण रिपोर्ट कहती है कि देश के सिर्फ तीन प्रतिशत परिवारों का ही जीवन-स्तर विलासिता से भरपूर है और उनमें में अधिकतर परिवार उच्च आय वर्ग से संबंधित हैं।

इस सर्वेक्षण में पाया गया कि करीब 70 प्रतिशत परिवार बैंक जमा, बीमा, डाकघर बचत और सोने के रूप में अपनी वित्तीय बचत करते हैं। इनमें भी उनका सबसे ज्यादा जोर बैंकों एवं डाकघरों पर होता है और जीवन बीमा एवं सोना का स्थान उसके बाद आता है। भारतीय परिवारों की बचत का 64 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बैंक खातों में जमा के रूप में है जबकि सिर्फ 19 प्रतिशत परिवारों को ही बीमा की सुरक्षा हासिल है।

मई और सितंबर के बीच कराए गए इस देशव्यापी सर्वेक्षण में 20 राज्यों के 31,510 परिवारों से बात की गई। इस दौरान शहरी इलाकों के अलावा ग्रामीण परिवारों से भी चर्चा की गई।

मनी9 का संचालन करने वाले टीवी9 नेटवर्क के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी बरुण दास ने कहा, यह सर्वेक्षण गुणवत्तापरक वित्तीय आंकड़ों की दिशा में एक बड़ी खाई को पाटने की कोशिश है। इसमें भारतीय परिवारों की व्यक्तिगत वित्तीय जरूरतों पर विशेष ध्यान दिया गया है।

मनी9 के संपादक अंशुमान तिवारी ने कहा कि इस सर्वेक्षण से वित्तीय सुरक्षा के बारे में कुछ अनूठे एवं मूल्यवान आंकड़े सामने आने की उम्मीद है जिसका इस्तेमाल नीति-निर्माता नागरिकों के लिए नीतियां बनाने में कर सकते हैं।

## शार्ट न्यूज

### नेशनल के आगे सीआईएसएफ पस्त

नयी दिल्ली। नेशनल यूनाइटेड ने शनिवार को दिल्ली सीनियर डिवीजन लीग के एकतरफा मैच में सीआईएसएफ को 2-0 से हराकर पूरे अंक अर्जित किए। नेशनल यूनाइटेड के दोनों दर्शनीय गोल कॉन्गो के सफीला डेली ने किये जबकि गोलकीपर स्नेह त्यागी को शानदार क्षेत्ररक्षण के लिये मैन ऑफ द मैच आंका गया। नेशनल ने लीग की अंक तालिका के शीर्ष पर मौजूद सीआईएसएफ को फुटबाल का पाठ पढ़ाया। डेली ने जहां शानदार गोल जमाये, वहीं स्नेह ने गोल का रक्षण बखूबी किया। पराजित टीम की फॉरवर्ड लाइन ने आधा दर्जन मौकों पर गलत निशाने लगाकर नेशनल का काम आसान कर दिया। इसी बीच, अहबाब एफसी ने दिल्ली यूनाइटेड को करीबी मुकाबले में 3-2 से मात दी। नेहरू स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में अहबाब के लिए मैन आफ द मैच लालनुंजमा दो गोल जमाए जबकि एक गोल रुद्र नारायण ने किया। दिल्ली यूनाइटेड के गोल सैविश और सार्थक ने किए।

### भगत ने एकल और युगल में स्वर्ण सुनिश्चित किया

टोक्यो। पैरा ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता प्रमोद भगत ने शनिवार को यहां पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के पुरुष एकल और युगल फाइनल में जगह बनाई। भगत ने एसएल3 श्रेणी के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जापान के डाइसुके फुजीहारा को 22-20, 21-14 से मात दी। पहले गेम में फुजीहारा ने भगत को कड़ी चुनौती दी, लेकिन दूसरे गेम में जापानी खिलाड़ी अपनी लय बरकरार नहीं रख सके। पुरुष एकल फाइनल में भगत का सामना उनके हमवतन नितेश कुमार से होगा, जो सेमीफाइनल में एक अन्य भारतीय मनोज सरकार को हराकर आ रहे हैं। भगत ने मनोज के साथ मिलकर एसएल3-एसएल4 पुरुष युगल के फाइनल में भी जगह बनाई। भारतीय युगल ने सेमीफाइनल में फ्रांस के गुइलॉम गेली और मैथ्यू थॉमस को 21-8, 21-16 से शिकस्त सौंपी। एसयू5 महिला एकल में मनीषा रामदास ने डेनमार्क की कैथरीन रोसेनग्रेन पर रोमांचक जीत हासिल की। मनीषा ने पहला गेम 21-19 से जीत लिया, लेकिन कैथरीन ने दूसरा गेम 21-17 से जीतकर स्कोरलाइन को बराबर कर दिया। अंत में मनीषा ने तीसरा गेम 21-17 से अपने नाम करते हुए फाइनल में जगह बना ली, जहां उनका सामना जापान की मामिको टोयोडा से होगा। मनीषा और मनदीप कौर की जोड़ी हालांकि महिला युगल सेमीफाइनल में फ्रांस की लेनिग मोरिन-फॉस्टिन नोएल से हार गयीं। मानसी जोशी और पारुल परमार के लिए यह दिन निराशा भरा रहा। मानसी अपने एकल मैच में हार गईं, जबकि मानसी-पारुल की जोड़ी को मिश्रित युगल मैच में शिकस्त मिली। मानसी के मिश्रित युगल जोड़ीदार रूथिक रघुपति भी अपना एसयू5 पुरुष युगल मैच हार गए।

### झांसी के रेहान व हापुड़ की काजल ने जीते खिताब

मेरठ। झांसी के रेहान सिद्दिकी ने योनेक्स सनराइज दूसरी उत्तर प्रदेश राज्य अंडर-19 जूनियर मेजर टूर्नामेंट का एकल खिताब शनिवार को अपने नाम कर लिया वहीं बालिका वर्ग में हापुड़ की काजल पंवार ने जीत का परचम लहराया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता के आज सेमी फाइनल और फाइनल मुकाबले खेले गये। काजल ने कानपुर की एशानी सिंह को रोमांचक मुकाबले में 21-9 व 21-19 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया जबकि रेहान ने बुलंदशहर के आराध्या शर्मा को 21-18 व 21-11 से हरा कर बालकों के एकल वर्ग का खिताब अपने नाम किया। मिश्रित युगल मुकाबले में मुजफ्फरनगर के उज्जवल तोमर और कानपुर की एशानी सिंह की जोड़ी ने मेरठ के उज्जवल और सिद्धि राठी की जोड़ी को 21-18, 18-21 व 21-19 से हरा दिया। बालिका युगल मुकाबले में अलीगढ़ की रमा सिंह और सुजाता सिंह ने कानपुर की एशानी और प्रिया शुक्ला को 19-21, 21-12 व 21-19 से हराया वहीं बालक युगल में आराध्या शर्मा और उन्नाव के देव माहेश्वरी की जोड़ी ने उज्जवल तोमर और उज्जवल को आसानी से 21-13, 21-18 से हरा कर खिताब पर कब्जा किया।

### सागर में अंतर-विश्वविद्यालय महिला खो-खो प्रतियोगिता 07 नवंबर से




सागर। मध्यप्रदेश के सागर जिला मुख्यालय पर स्थित डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में वेस्ट जोन अंतर-विश्वविद्यालय महिला खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन 07 से 10 नवम्बर तक किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में पश्चिम क्षेत्र की 69 विश्वविद्यालय प्रतिभागिता करेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार ओलिम्पिक खिलाड़ी एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित अशोक कुमार ध्यानचंद बतौर मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता करेंगी। कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को खेल से जोड़ने के लिए कई प्रयास किये जा रहे हैं जिसमें ओपन जिम, बास्केटबाल कोर्ट, बैडमिन्टन कोर्ट, स्विमिंग पूल, सिंथेटिक ट्रैक आदि सहित कई तरह की अत्याधुनिक सुविधायें विद्यार्थियों को दिए जाने का प्रयास चल रहा है। शारीरिक शिक्षा विभाग में फिजिकल एजुकेशन के पाठ्यक्रम भी अगले अकादमिक सत्र से शुरू करने की तैयारी है। आने वाले समय में अन्य तरह के खेलों की भी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। कई तरह के आयोजन अभी प्रस्तावित हैं।

### भारतीय रेलवे ने खिताब पर कब्जा किया

जालंधर। भारतीय रेलवे ने इंडियन ऑयल मुंबई को 3-1 के अंतर से हराकर 39वें इंडियन ऑयल सर्वो सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीता। ओलंपियन सुरजीत स्टेडियम, जालंधर में संपन्न टूर्नामेंट की विजेता टीम को पांच लाख रुपये नकद और एक विजेता की ट्रॉफी और उपविजेता को 2.51 लाख रुपये के नकद पुरस्कार और एक उपविजेता ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। भारतीय रेलवे के गुरसाहब सिंह को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया और उन्हें 51000 रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विजेता टीमों को इंडियन ऑयल के मुख्य महाप्रबंधक पीयूष मित्तल द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। भारतीय रेलवे ने तीसरी बार यह ट्रॉफी जीती है। पिछले साल भी भारतीय रेलवे ने खिताब जीता था। इंडियन ऑयल के साहिल को उभरता हुआ खिलाड़ी घोषित किया गया, जिसे 31000 रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। फाइनल मुकाबले से पहले पंजाब सिंगर कुलविंदर बिल्ला ने पंजाबी गानों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इसके बाद स्कूली छात्राओं ने गिधे के जरिए पंजाबी संस्कृति पेश की। विजेता टीम को अमोलक सिंह गखल (यूएसए) द्वारा प्रायोजित पांच लाख का नकद पुरस्कार मिला, जबकि 2.51 लाख रुपये का नकद पुरस्कार बलविंदर सिंह सैनी (जर्मनी) द्वारा प्रायोजित किया गया, जबकि 51 हजार रुपये का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार रणबीर सिंह राणा द्वारा प्रायोजित किया गया। दर्शकों के लिए ऑल्टो कार को मारवाहा ऑटो द्वारा प्रायोजित किया गया था। फाइनल मैच काफी तेज गति से खेला गया। खेल के 17वें मिनट में भारतीय रेलवे के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी युवराज वाल्मीकि ने फील्ड गोल करके स्कोर 1-0 कर दिया। हाफ टाइम तक भारतीय रेलवे ने 1-0 की बढ़त बना ली। हाफ टाइम के बाद 33वें मिनट में इंडियन ऑयल के सुमित कुमार ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर बराबरी कर ली। खेल के 51वें मिनट में भारतीय रेलवे के शीश गोरा ने फील्ड गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। खेल के 59वें मिनट में भारतीय रेलवे के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गुरसाहिब सिंह ने गोल कर स्कोर 3-1 कर दिया।

# मुंबई ने पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी पर कब्जा किया

कोलकाता। मुंबई ने आखिरी ओवर तक चले रोमांचक फाइनल मुकाबले में शनिवार को हिमाचल प्रदेश को हराकर पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीत ली।

विजय हज़ारे ट्रॉफी 2021 की विजेता हिमाचल प्रदेश ने मुंबई को 20 ओवर में 144 रन का लक्ष्य दिया, जिसे मुंबई ने तीन गेंदें रहते हुए हासिल कर लिया। दोनों टीमों ने पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई थी। पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही हिमाचल ने 144 रनों की रक्षा करते हुए मुंबई के सात बल्लेबाजों को आउट कर दिया, लेकिन घरेलू क्रिकेट में शानदार फॉर्म से गुजर रहे सरफराज खान (37 नाबाद) ने अंत तक टिके रहकर मुंबई की जीत सुनिश्चित की।

सरफराज को पारी के 18वें ओवर में 19 रन के स्कोर पर एक जीवनदान भी मिला। मुंबई को आखिरी दो ओवरों में 23 रन चाहिये थे और सरफराज ने जीवनदान का भरपूर फायदा उठाते हुए 19वें ओवर में 17 रन जोड़कर अपनी टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। इसके बाद तनुष कोटियन ने आखिरी ओवर की तीसरी गेंद पर छक्का जड़कर मुंबई को खिताब दिलाया।




मुंबई ने टॉस जीतकर हिमाचल को बल्लेबाजी के लिये बुलाया और शुरुआती झटके देकर मैच पर पकड़ बना ली।

मोहित अवस्थी ने अंकुश बैंस और सुमीत वर्मा को आउट किया जबकि कोटियन ने सलामी बल्लेबाज प्रशांत चोपड़ा के साथ-साथ निखिल गंगटा और नितिन शर्मा को पवेलियन भेज दिया।

हिमाचल के छह विकेट 58 रन पर गिरने के बाद एकांत सेन और आकाश वशिष्ट ने पारी को संभालते हुए 60 रन की साझेदारी की। एकांत ने 29 गेंदों पर तीन चौके और दो छक्के लगाकर 37 रन बनाये जबकि आकाश ने 22 गेंदों पर 25 रन का योगदान दिया। दोनों बल्लेबाज 126 रन के स्कोर तक आउट हो गये, जिसके बाद मयंक डागर ने 12 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 21 रन बनाकर हिमाचल को 143/8 के स्कोर तक पहुंचाया।

मुंबई के लिये कोटियन ने चार ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट लिये, जबकि अवस्थी ने चार ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट अपने नाम किये। अमन हकीम खान और शिवम दूबे को एक-एक विकेट हासिल हुआ।

## भारत में फॉर्मुला ई-चैंपियनशिप की उलटी गिनती शुरू

**एजेंसी**

नयी दिल्ली/हैदराबाद। तेलंगाना के सूचना प्रौद्योगिकी, नगर प्रशासन और शहरी विकास मंत्री के टी रामाराव ने हैदराबाद में 11 फरवरी 2023 को होने वाली फॉर्मुला ई-चैंपियनशिप की उलटी गिनती शुरू करते हुए कहा है कि दुनियाभर के रेसरों की मेजबानी करना उनके लिये सम्मान की बात है।

रामाराव ने 2023 हैदराबाद ई-प्री की 100 दिनों की उलटी गिनती शुरू करते हुए शनिवार को कहा, फॉर्मुला ई-चैंपियनशिप के लिये दुनियाभर से रेसरों का स्वागत करना हमारे लिये सम्मान की बात है।

यह हमारे लिये गौरव का क्षण भी है, क्योंकि हैदराबाद दुनिया के उन 13 शहरों में से एक है जहां इसका आयोजन हो रहा है। साथ ही, इसका उद्देश्य राज्य में दीर्घकालिक परंपराओं और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना है।

हैदराबाद में होने वाला आयोजन फॉर्मुला ई-चैंपियनशिप का नौंवा सीजन होगा। जनवरी से जुलाई 2023 तक होने वाले सीजन की 17 में से चार रेस हैदराबाद में तेलंगाना सरकार और ग्रीनको की मेजबानी में आयोजित होंगी। डीकार्बोनाइजेशन समाधान कंपनी ग्रीनको के प्रबंध निदेशक अनिल कुमार चलामलसेट्टी ने कहा, हम तेलंगाना सरकार की साझेदारी और भारत सरकार के समर्थन में इस दुनिया के मनपसंद खेल और भारत की पहली फॉर्मुला ई-रेस की मेजबानी करने के लिये उत्सुक हैं। एक हैदराबादी होने के नाते मैं खुश हूं कि दुनिया के सबसे पर्यावरण हितैषी शहर में सबसे पर्यावरण हितैषी रेस का आयोजन होगा।

फॉर्मुला ई विश्व चैंपियनशिप ने लोगों के बीच उत्साह बढ़ाने के लिये इस अवसर पर नयी जनरेशन-3 कार को लोगों के सामने पेश किया।

फॉर्मुला ई के सह-संस्थापक और चैंपियनशिप अधिकारी एलबर्टो लोंगो ने कहा, हम भारत में पहली बार फॉर्मुला ई चैंपियनशिप को लाकर और नये दर्शकों के सामने अपनी जनरेशन-3 कार प्रदर्शित करके बेहद खुश हैं। हम कुछ समय से इसके बारे में विचार कर रहे थे, और इसलिए हम 11 फरवरी को हैदराबाद में रेसिंग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## स्पोर्टज़ोन ने पीसीएफ कप क्रिकेट टूर्नामेंट का पांचवां सीजन लांच किया

नयी दिल्ली। स्पोर्टज़ोन और द पोंटी चड्ढा फाउंडेशन ने शनिवार को यहां दिल्ली-एनसीआर कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट पीसीएफ कप के पांचवें सीजन की शुरुआत की। साल 2018 में शुरू हुए टूर्नामेंट में हर साल देश के टॉप कॉरपोरेट हिस्सा लेते हैं। पांचवें सीजन में हीरो मोटोकॉर्प, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजी, कैपजेमिनी, टेवा, 24सेवन, वेव ग्रुप, डाबर, द स्टेट्समैन, आजतक, एक्सा एक्सएल, मार्ज टेक्नोलॉजी, एग्रीकॉस्मिक, सर्वोदय हेल्थकेयर, टेलीपरफॉर्मेंस और एडोब जैसी कंपनियों की 16 टीमें शामिल हैं। यह आयोजन नवंबर में शुरू होगा और 25 दिसंबर 2022 तक नोएडा के जेनेसिस ग्लोबल स्कूल में जारी रहेगा। वेव ग्रुप के एच एस अत्री ने कहा कि जीवन में खेल बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने इस पहल का समर्थन करते हुए कहा कि खेल एक व्यक्ति के सामाजिक और पेशेवर जीवन में मूल्य जोड़ते हैं। इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों के कप्तानों और प्रतिनिधियों ने आयोजकों को बधाई दी और पिछले साल से बेहतर प्रदर्शन करने का वादा किया।

# पाकिस्तान पर जीत हासिल कर आत्मविश्वास बढ़ाः इर्विन

मेलबर्न। ज़िम्बाब्वे के कप्तान क्रेग इर्विन ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मुकाबले से पहले शनिवार को कहा कि पाकिस्तान पर जीत हासिल करने के बाद उनकी टीम में आत्मविश्वास बढ़ा है और वह किसी भी टीम को हरा सकते हैं।

इर्विन ने मैच से पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा, पाकिस्तान के खिलाफ मिली जीत ने हमारा आत्मविश्वास बढ़ाया है। हम टूर्नामेंट में किसी भी टीम को हरा सकते हैं। मुझे नहीं लगता कि अगले मैच में हमारा यह विश्वास डगमगायेगा।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि विश्व कप रोमांचक रहा है क्योंकि इस बार कई करीबी मुकाबले हुए हैं। मैंने एक चीज सीखी है कि आप कभी भी मैच से बाहर नहीं होते। अगर आप खेल में बने रहने की कोशिश करें और उसे अंत तक ले जाएं, तो नतीजा कुछ भी हो सकता है। जाहिर है कि अलग-अलग मैचों में अलग-अलग तरह का दबाव होता है, इसलिये मैच को अंत तक ले जाना और दूसरी टीम से पहले न घबराना आपके लिये फायदेमंद होता है।

जिम्बाब्वे के अब तक के सफल अभियान की धार उनके तेज गेंदबाज हैं।

ब्लेसिंग मुजरबानी टूर्नामेंट में 11 विकेट के साथ सर्वाधिक विकेट लेने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। मुजरबानी को रिचर्ड नगारवा का बराबर साथ मिला है, जिन्होंने सात मैचों में आठ विकेट चटकाये हैं। इर्विन ने कहा कि भारत के खिलाफ मैच गेंदबाजों के लिए टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी इकाइयों में से एक के खिलाफ खुद को परखने का एक बड़ा मौका है।



इर्विन ने कहा, यह दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों के खिलाफ गेंदबाजी करने का एक शानदार मौका है। आपको कितनी बार विराट कोहली का विकेट चटकाने का मौका मिलता है। मुझे पूरा यकीन है कि हमारे तेज गेंदबाज कल अच्छे प्रदर्शन के लिए उतावले होंगे।

इर्विन ने सिकंदर रजा की भी तारीफ की, जिन्होंने टूर्नामेंट के सात मैचों में 149.19 की स्ट्राइक-रेट से 185 रन बनाए और नौ विकेट हासिल किये। इर्विन ने कहा कि भारत जैसे प्रतिद्वंद्वी टीम को हराने के लिए रज़ा जैसे प्रदर्शन की जरूरत कई खिलाड़ियों से होगी। इर्विन ने कहा, सिकंदर रजा इस टूर्नामेंट में हमारे लिए असाधारण रहे हैं। भारत के खिलाफ जीत की दहलीज पार करने के लिये हमें उस तरह के प्रदर्शन की आवश्यकता बहुत से खिलाड़ियों से होगी। उन्होंने कहा कि वह टूर्नामेंट में जिस प्रदर्शन के साथ आए थे, वह आगे भी उसे जारी रखना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि खेल के सबसे छोटे प्रारूप में आगे बढ़ने के लिये उन्हें क्षेत्ररक्षण के साथ-साथ पावरप्ले बल्लेबाजी पर भी काम करना होगा।

# इमरान खान के ठीक होने तक लॉन्ग मार्च को रोका गया

## हमले के विरोध में चलता रहेगा प्रदर्शन

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर हमले के बाद उनके ठीक होने तक पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के लॉन्ग मार्च को रोक दिया गया है। पार्टी के नेता अब इमरान खान पर हुए हमले के विरोध देशभर में विरोध प्रदर्शन चलता रहेगा। शुक्रवार को पाकिस्तान के कई हिस्सों में यह प्रदर्शन देखने को मिला जो शनिवार को भी चलता रहा।

रिपोर्ट के अनुसार, पीटीआई के प्रमुख इमरान खान ने शनिवार को अपने समर्थकों से उन तीन लोगों के खिलाफ विरोध जारी रखने का आग्रह किया, जिन पर उन्होंने अपनी हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। जिसके बाद पार्टी के महासचिव असद उमर ने शुक्रवार को देशव्यापी प्रदर्शन की घोषणा की थी।

### हमले को लेकर इमरान खान का बड़ा दावा

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने शुक्रवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, गृहमंत्री



राणा सनाउल्ला और मेजर जनरल फैसल नसीर ने उनकी हत्या की साजिश रची और वे 2011 में हुई पंजाब के पूर्व गवर्नर सलमान तासीर की हत्या की तरह ही धार्मिक उन्मादियों के हाथों उनकी हत्या कराना चाहते थे।

पंजाब के वजीराबाद जिले में हकीकी आजादी मार्च के दौरान 70 वर्षीय खान के कंटेनर पर दो बंदूकधारी हमलावरों द्वारा की गई गोलीबारी में उनके दाहिने पैर में गोली लगी है। जानलेवा हमले के बाद शौकत खानम अस्पताल से देश को पहली बार संबोधित करते हुए खान ने कहा कि उनकी हत्या की साजिश करने वाले चार अन्य लोगों की भी उन्होंने वीडियो बनाई है।

### इमरान खान ने जान बचाने वाले की सराहना की, बताया पाकिस्तान का नायक

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने उस व्यक्ति की सराहना की है, जिसने पंजाब प्रांत में लॉन्ग मार्च के दौरान उन पर किए गए हमले को नाकाम कर दिया और गोली चलाने वाले शख्स को पकड़ने में मदद की। खान ने अपनी जान बचाने वाले व्यक्ति को देश का नायक बताया है। खान (70) पर बृहस्पतिवार को हुए हमले में उनके दायें पैर में एक गोली लगी थी। दरअसल, पंजाब प्रांत के वजीराबाद इलाके में दो हमलावरों ने उन पर कई गोलियां चलाईं थी। जियो न्यूज की खबर के अनुसार, घटना के एक दिन बाद शुक्रवार को खान ने यहां शौकत खानुम हॉस्पिटल में इब्तिसाम से मुलाकात की, जिसने हमले को नाकाम कर दिया था और मार्च के दौरान गोली चलाने वाले व्यक्ति को पकड़ लिया। खान ने इब्तिसाम से कहा, आप एक पाकिस्तानी नायक हैं। आपने अदम्य साहस दिखाया है। पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी के प्रमुख खान ने अपने रक्षक की उस टी शर्ट पर एक ऑटोग्राफ भी दिया, जिसे उसने हमलावर को पकड़ने के दौरान पहन रखी थी।

### खान बताया उन्हें पहले से ही हमले की सूचना थी

खान ने कहा कि उन्होंने इस साजिश के बारे में 24 सितंबर की रैली में जनता को बताया था। उन्होंने कहा, यह (जानलेवा हमला) बिलकुल तय पटकथा के हिसाब से हुआ। खान ने अपने संबोधन में कहा कि गुरुवार को हुए जानलेवा हमले में उनके दाहिने पैर में चार गोलियां लगीं। क्रिकेट से राजनीति में आए खान का इलाज कर रहे डॉक्टर फैसल सुल्तान का कहना है कि खान के दाहिने पैर की टिबिया (पैर की मुख्य हड्डी) टूट गयी है।

# धरती के करीब मिला ब्लैक होल, सूरज से दस गुना ज्यादा है बड़ा

**लंदन।** ब्लैक होल्स को ब्रह्मांड का सबसे बड़ा विलेन माना जाता है। कहा जाता है कि इन ब्लैक होल्स से लाइट तक नहीं गुजर सकती। अब यह ब्लैक होल्स धरती के इतने करीब आ पहुंची हैं, जिसकी हमने कल्पना भी नहीं की थी। एस्ट्रोनॉमर्स का कहना है ब्लैक होल्स बहुत खतरनाक हैं और सूरज से पांच से लेकर 100 गुना तक ज्यादा बड़ी हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, केवल मिल्की वे में ही इनकी संख्या 100 मिलियन से ज्यादा हैं। यह खोज रॉयल एस्ट्रोनामिकल सोसायटी के मंथली इश्यू में पब्लिश हुई है।

### 1600 प्रकाश वर्ष की दूरी पर

धरती के सबसे करीब जिस ब्लैक होल को स्पॉट किया गया है, वह सूरज से 10 गुना ज्यादा बड़ा है। यह नक्षत्र मंडल



में करीब 1600 प्रकाश वर्ष की दूरी पर है। यह पिछले रिकॉर्ड की तुलना में धरती के तीन गुना ज्यादा करीब है। खगोलविदों ने हवाई पर मौजूद जेमिनी नॉर्थ टेलीस्कोप का इस्तेमाल कर इस ब्लैकहोल का पता लगाया है। यह इंटरनेशनल जेमिनी ऑब्जर्वेटरी में लगाए गए जुड़वें टेलीस्कोप्स में से एक है। यह टेलीस्कोप्स ब्लैक होल्स की गति को जानने के लिए लगाए गए हैं। एक खगोलविद करीम एल-बद्री जो कि इस रिसर्च पेपर के प्रमुख लेखक हैं, उन्होंने इस स्थित को समझाया है।

### ऐसे पता लगाया

करीम के मुताबिक सोलर सिस्टम में जहां पर सूरज हैं, वहां ब्लैक होल को रख दीजिए। इसके बाद जहां धरती है वहां पर सूरज को रख दीजिए, पूरा सिस्टम आपके समझ में आ जाएगा। टीम ने मूल रूप से यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के गैया अंतरिक्ष यान से डेटा का विश्लेषण करके संभावित ब्लैक होल सिस्टम की पहचान की। इसके बाद जेमिनी मल्टी-ऑब्जेक्ट स्पेक्ट्रोग्राफ उपकरण इस्तेमाल किया। फिर कहीं जाकर, ब्लैक होल की पहचान हुई जो हमारे सूर्य की तुलना में करीब 10 गुना बड़ा है।

### श्रीलंका में फर्जी तस्वीरें साक्षा करने के आरोप में बौद्ध भिक्षु को जेल

कोलंबो। श्रीलंका की राजधानी कोलंबो की अदालत ने एक शिक्षिका की तस्वीरों को गलत तरीके से व्हाट्सएप पर साझा करने के मामले में दोषी बौद्ध भिक्षु को एक महीने की कठोर कारावास और पांच साल के लिए निलंबित करने की सजा सुनायी है। मुख्य न्यायाधीश नंदना अमरसिंघे ने आरोपी को कंप्यूटर अपराध अधिनियम के तहत दायर आरोपों के लिए पांच हजार रुपये का जुर्माना देने का आदेश दिया। अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने अदालत को बताया कि एक शिक्षिका (30) ने महामारी के दौरान जूम ऐप के माध्यम से ट्यूशन कक्षाएं संचालित की थीं। इसी दौरान आरोपी ने एक विद्यार्थी की मदद से प्राप्त तस्वीरों को गलत तरीके से मैसेजिंग ऐप पर साझा कीं। आरोपी के इन कृत्यों से शिक्षिका के सम्मान को ठेस पहुंची है।

### ट्विटर पूरी दुनिया में झूठ बोल रहा है : बाइडेन

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने ट्विटर पर निशाना साधते हुए कहा है कि हाल ही में अरबपति उद्यमी एलन मस्क की ओर से अधिग्रहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म दुनिया भर में 'झूठ' फैला रहा है। व्हाइट हाउस के प्रेस पूल के पत्रकारों ने सोशल मीडिया पर श्री बाइडेन के हवाले से कहा, अब हम सभी इस बारे में चिंतित हैं। श्री एलन मस्क बाहर जाते हैं और एक ऐसा संगठन खरीदते हैं जो दुनिया भर में झूठ उगलता है। अमेरिका में अब कोई संपादक नहीं है। हम कैसे उम्मीद करते हैं कि बच्चे यह समझने में सक्षम होंगे कि क्या दांव पर है ? मस्क ने आखिरकार पिछले हफ्ते ट्विटर का अधिग्रहण करने के लिए 44 अरब डॉलर का सौदा किया। इत्तेफाक से यह निर्धारित करने के लिए कि अमेरिकी कांग्रेस को कौन नियंत्रित करता है गत आठ नवंबर के मध्यावधि में मतदाताओं के मतदान से कुछ समय पहले यह सौदा हुआ था। मस्क के मुताबिक ट्विटर में काफी संभावनाएं हैं, लेकिन कंपनी के पास फिलहाल कर्मचारियों को बर्खास्त करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है क्योंकि वह पैसे गंवा रही है।

### रूस में नाइट क्लब में आग लगने की घटना , एक संदिग्ध गिरफ्तार

मॉस्को। रूस के कोस्त्रोमा शहर में एक नाइट क्लब में आग लगने की घटना के सिलसिले में पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। कोस्त्रोमा शहर की पुलिस ने बताया कि घटना के संदर्भ में मामला दर्ज कर लिया गया है और गिरफ्तार संदिग्ध व्यक्ति को जांचकर्ताओं को सौंप दिया गया है। 'पोलिगॉन' नाइट क्लब और रेस्तरां में लगी आग ने 3,500 वर्ग मीटर क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य झुलस गये हैं। रूसी आपात मंत्रालय के अनुसार इमारत से 250 लोगों को बाहर निकाला गया हैं।

### उ. कोरिया ने चार छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल की लॉन्च

सोल। उत्तर कोरिया ने शनिवार को कम दूरी की चार बैलिस्टिक मिसाइलें पीले सागर की ओर दागीं। योन्हाप एजेंसी ने दक्षिण कोरिया सेना के हवाले से शनिवार को यहां यह जानकारी दी। सेना के अनुसार, प्रोजेक्टाइल को शनिवार को स्थानीय समयानुसार लगभग 11: 32-11: 59 बजे के बीच देश के पश्चिम में उत्तरी प्योंगान प्रांत के तोंग्रिम काउंटी से पीले सागर की ओर प्रक्षेपित किया गया था। प्रोजेक्टाइल ने लगभग 130 किलोमीटर की दूरी को 20 किलोमीटर की ऊंचाई के साथ कवर किया, जो मच 5 की अधिकतम गति तक पहुंच गया। अन्य विवरण दक्षिण कोरिया और अमेरिका के संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्दिष्ट किए जा रहे हैं। वर्ष 2022 में उत्तर कोरिया ने कुल 33 मिसाइल लॉन्च किए। बुधवार को, उत्तर कोरिया ने रात भर में 20 से अधिक प्रोजेक्टाइल लॉन्च किए, जिनमें से एक दक्षिण कोरियाई क्षेत्रीय जल के पास गिर गया। इसके प्रक्षेपवक्र को कोरियाई युद्ध के बाद पहली बार दक्षिण कोरिया की ओर निर्देशित किया गया था। उत्तर कोरिया ने कहा कि यह अमेरिका के साथ हाल के संयुक्त अभ्यास सहित दक्षिण कोरियाई 'उकसावे' के लिए प्रतिशोध में किया गया था।

### एलन मस्क ने बड़ी छंटनी का किया बचाव

लॉस एंजेलिस। दिग्गज सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्विटर के नए मालिक एलन मस्क ने कंपनी के लगभग आधे कर्मचारियों को नौकरी से हटाने करने का बचाव करते हुए कहा है कि उनके पास 'कोई विकल्प नहीं' है, क्योंकि ट्विटर को एक दिन में 40 लाख डॉलर से अधिक का नुकसान हो रहा था। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ट्विटर के सुरक्षा और अखंडता के प्रमुख योएल रोथ के एक ट्वीट में 'कंपनी में लगभग 50 प्रतिशत कटौती' का उल्लेख किया गया है। एलन मस्क ने कहा कि सामग्री के आनुनिकीकरण के लिए सोशल मीडिया दिग्गज की प्रतिबद्धता 'बिल्कुल अपरिवर्तित' है। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति श्री मस्क ने 44 अरब डॉलर के सौदे में ट्विटर को खरीदा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# क्योंकि हर बच्चा अलग है

**बच्चों को लेकर माता-पिता का फिक्र करना स्वाभाविक है, पर इस बात को लेकर बहुत अधिक परेशान होना भी ठीक नहीं है। माना कि बच्चों की परवरिश बड़ी जिम्मेदारी है और आप इस कसौटी पर खरा उतरना चाहती हैं, पर बहुत अधिक फिक्र और बात-बात में टोकने की आदत बच्चों को आपसे दूर कर सकती है, इसलिए इस मामले में बहुत अधिक कॉन्शस होने के बजाय कुछ बातों का खास ध्यान रखें**



याद रखें, अगर कोई तरीका आपकी दोस्त के बच्चों की परवरिश में कारगर साबित हुआ है तो इसका यह अर्थ नहीं कि आपके बच्चे के मामले में भी वह सही ही साबित होगा। माता-पिता हमेशा कहते हैं कि हमारा बच्चा दूसरे बच्चों से अलग है। जब ऐसा है तो जाहिर है कि उसकी परवरिश में वे नियम लागू नहीं हो सकते, जो दूसरे अभिभावक अपने बच्चों के साथ अपनाते हैं, इसलिए बच्चों की परवरिश के मामले में किसी की नकल करने से पहले उसके सभी सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं के बारे में भली प्रकार से सोच-विचार कर लें। इसके बाद अपनी जरूरत के हिसाब से फैसला करें।

सही बात पर हो फोकस

हम सभी जिंदगी में छोटी-छो टी बातों को लेकर परेशान होते हैं, पर इस चक्कर में उन बातों को भूल जाते हैं जिन पर वास्तव में ध्यान दे ना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर बच्चों को लगातार टोकते रहना ठीक नहीं। बच्चों से थोड़ी- बहुत गलतियां होना स्वाभाविक है। उदाहरण के लिए, सामान को करीने से रखने के बजाय वे उसे इधर- उधर रख देते हैं। हो सकता है कि आप उनसे कोई काम करने को कहें और वे उसे पूरा करने के चक्कर में काम औ र बढ़ा दें। इसके लिए उन्हें बुरी तरह डांटना ठीक नहीं है। इससे कोई फायदा होने वाला नहीं है। उत्तेजित होने से काम नहीं चलेगा, धैर्य रखते हुए बच्चों को अनुशासन सिखाएं। उन्हें बतायें कि किसी काम को करने का सही तरीका क्या है।

अनावश्यक बोझ ठीक नहीं

आप चाहेंगी कि आपका बच्चा सबसे काबिल बने, पर इसकी खातिर उस पर किसी काम का अनावश्यक बोझ लादना ठीक नहीं। विशेषज्ञ कहते हैं कि बच्चों को एक्टिव रखने के लिए उन्हें विभिन्न गतिविधियों में व्यस्त रखना जरूरी है। कई बार इस चक्कर में अभिभावक बच्चों पर जरूरत से ज्यादा बोझ लाद देते हैं। एक मां होने के नाते आपको मालूम होना चाहिए कि बच्चे की क्षमताएं क्या हैं। उसके अनुरूप ही बच्चे के लिए हॉबी क्लासेज या ट्यूशन आदि निर्धारित करें।

जासूसी करना ठीक नहीं

बच्चों की हर बात को अविास की नजर से देखना ठीक नहीं है। कुछ मां-बाप की यह आदत होती है कि वे बच्चों की बातों पर आसानी से विास नहीं करते। बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखना और उनकी जासूसी करने में अंतर है। असंगत बातों को लेकर परेशान होने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगायें। अभिभावक होने के नाते बच्चों को सही-गलत की जानकारी देना आपका फर्ज है, लेकिन उनकी हर बात पर संदेह करना और उनकी जासूसी करना गलत है। अपनी परवरिश पर भरो सा करें। आपको इस बात का यकीन होना चाहिए कि आपने बच्चे को सही-गलत का फर्क भली-भांति समझाया गया है और वे सही फैसला लेने के काबिल हैं।

अपनी अपेक्षाओं पर लगाम कसें

अक्सर मां-बाप बच्चों से कुछ ज्यादा अपेक्षाएं करने लगते हैं, इससे बच्चे तनाव में आ जाते हैं और उनका स्वाभाविक विकास प्रभावित होता है। अगर किसी मामले में बच्चा निर्धारित लक्ष्य पूरा नहीं कर पाता तो वह बात उसे परेशान करती रहती है। बच्चे के सामने ऊंचे मानक रखकर उसे तनाव में डालने की गलती न करें। इसके बजाय अच्छे प्रदर्शन के लिए उसे प्रेरित करने और उसका उत्साह बढ़ाने की कोशिश करनी चाहिए। उससे हमेशा यह कहें कि कोशिश करने पर सफलता मिलती ही है। ये बातें भले ही छोटी और सामान्य लगें, पर इनका असर सचमुच बड़ा है।

# दुष्टों की एकता



ऊंट को भोजन बनाने का प्रस्ताव सुनते ही सिंह आगबबूला हो गया। उसने कहा, जिसे मैंने शरण दे रखी है, तुम उसे ही मारने का सुझाव दे रहे हो। मैं यह अधर्म कैसे कर सकता हूं। स्वामी, अधर्म तो तब होगा जब आप उसे अपने हाथों से मारें। अगर ऊंट खुद ही अपने आपको भोजन के रूप में पेश कर दे, तब तो आप को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए...

एक वन में मदोत्कट नामक एक सिंह रहता था, उसके तीन सेवक थे-बाघ, गीदड़ और कौवा। एक दिन सिंह ने एक ऊंट को देखा, वह अपने काफिले से बिछुड़ गया था। सिंह ने अपने सेवकों को आदेश दिया कि वे यह पता लगाएं कि यह कौन सा जानवर है और जंगली है या पालतू।

कुछ देर बाद कौवे ने बताया, यह गांव में रहने वाला एक पशु है, इसका नाम ऊंट है। यह आपका भोजन है, आप इसे मार डालिए। सिंह ने कहा, यह हमारा अतिथि है। इसे मारना उचित नहीं है। तुम इसे आदर के साथ मेरे पास ले आओ।

कौवा ऊंट को ले आया। ऊंट ने सिंह को प्रणाम किया और अपने साथियों से बिछुड़ने का किस्सा सुनाया। ऊंट की दर्द भरी कहानी सुनकर सिंह को दया आ गई। उसने अपने जंगल में ऊंट को घूमने और घास खाने की इजाजत दे दी।

सिंह की यह उदारता बाघ, गीदड़ और कौवे को अच्छी नहीं लगी, लेकिन वे विवश थे, इसलिए चुप रहे और उपयुक्त अवसर का इंतजार करने लगे।

एक दिन सिंह मदमस्त हाथी से भिड़कर घायल हो गया। उसके लिए चलना फिरना भी मुश्किल हो गया था, फिर वह शिकार कैसे करता। इसलिए भूखों मरने की नौबत आ गई। सिंह ने बातों ही बातों में अपने सेवकों से ऐसे प्राणी की खोज करने के लिए कहा, जिसे आसानी से मारकर अपनी भूख मिटाई जा सके।

सिंह के आदेश पर बाघ, गीदड़, कौवा और ऊंट शिकार की तलाश में निकल गए, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। अंत में कौवे और गीदड़ ने मिलकर ऊंट को ही शिकार बनाने की योजना बनाई, लेकिन समस्या यह थी कि सिंह से यह बात किस प्रकार मनवाई जाए। फिर भी दोनों ने सिंह के सामने यह प्रस्ताव रख ही दिया।

प्रस्ताव सुनते ही सिंह आगबबूला हो गया। उसने कहा, जिसे मैंने शरण दे रखी है, तुम उसे ही मारने का सुझाव दे रहे हो। मैं यह अधर्म कैसे कर सकता हूं। स्वामी, अधर्म तो तब होगा जब आप उसे अपने हाथों से मारें। अगर ऊंट खुद ही अपने आपको भोजन के रूप में पेश कर दे, तब तो आपको कोई आपि ा नहीं होनी चाहिए, गीदड़ ने विनम्रतापूर्वक कहा।

जो तुम्हारी इच्छा हो वही करो। सिंह ने लाचारी से कहा।

इसके बाद गीदड़, कौवा और बाघ तीनों ऊंट के पास पहुंचे और बोले, मित्र! हमारे स्वामी की तबीयत खराब है। यह तो आप जानते ही हैं कि हम लोग सारा दिन भटकने के बाद भी उनके लिए शिकार नहीं जुटा पाए हैं। भूख के कारण स्वामी के प्राण निकले जा रहे हैं। ऐसे समय में अपने प्राण त्याग कर स्वामी के प्राणों की रक्षा करना सेवक का धर्म है। क्यों न हम लोग इस धर्म का पालन करें।

इस प्रकार ऊंट को झांसा देकर तीनों धूर्त ऊंट को सिंह के पास ले आए और ऊंट के साथ सिंह को प्रणाम करके बैठ गए।


सिंह ने पूछा, या तुम लोग मेरे खाने का कोई इंतजाम कर सके? मुझे बहुत तेज भूख लग रही है।

कौवा बोला, महाराज! दिनभर भटकने के बाद भी हमें कोई शिकार नहीं मिला, इसलिए आप मुझे खाकर ही अपनी भूख मिटा लीजिए। तभी गीदड़ बोला, तुझे खाकर स्वामी की भूख या मिटेगी। फिर सिंह की ओर देखते हुए गीदड़ ने कहा, महाराज! आप मुझे खाकर अपनी भूख मिटा सकते हैं। अब गीदड़ को पीछे धकेलता हुआ बाघ आगे आया और बोला, महराज! मेरी विनती है कि आप मुझे खाकर अपनी भूख शांत कीजिए। इससे आपका ही नहीं मेरा भी कल्याण होगा।

तीनों की यह स्वामिभक्ति देखकर ऊंट ने सोचा कि क्यों न मैं भी अपनी स्वामिभति का परिचय दूं। फिर वह सिंह से बोला, स्वामी! आप मुझे खाकर अपनी भूख शांत करें, क्योंकि ये तीनों तो आपके खाने के लायक नहीं है।

ऊंट का यह कहना था कि सिंह की आज्ञा पर गीदड़ और बाघ ने मिलकर उस का पेट फाड़ डाला। फिर चारों ने मिलकर भरपेट भोजन किया।

**शिक्षा: धूर्तों के लिए आत्म बलिदान का कोई महत्व नहीं है।**



## बिंदु मिलाकर चित्र बनाओ



## अंतर ढूंढो



कहानी

# क्रोनोमीटर की

**जॉन हैरिसन एक अनपढ़ साधारण व्यक्ति था और बढ़ईगिरी से अपनी रोजी -रोटी चलाता था। परंतु जब उसने ब्रिटिश सरकार द्वारा बीस हजार पौंड के पुरस्कार की घोषणा सुनी तो अपना भाग्य आजमाने की सोची**

*क्रोनोमीटर* समुद्र में चलने वाले जहाजों को दिशा के बारे में जानकारी देने वाला एक यंत्र है। समुद्री जहाजों के लिए क्रोनोमीटर बहुत जरूरी है, क्योंकि अगर समुद्री यात्रा के समय दिशा का ज्ञान न हो तो जहाज भटक सकते हैं। क्रोनोमीटर का आविष्कार हो जाने से अब समुद्री जहाजों के लिए यात्रा में दिशा- भ्रम की समस्या नहीं रहती है।

आज से लगभग तीन सौ साल पहले समुद्री जहाजों के सामने प्रमुख समस्या समुद्र में स्थान जानने की रहा करती थी। तब यात्रा के दौरान दिशा-ज्ञान के अभाव में अधिकतर जहाज रास्ते में ही भटक जाते थे, उनमें से कुछ तो तूफान में फंसकर नष्ट भी हो जाया करते थे। इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव ब्रिटिश नौसेना पर पड़ता था, क्योंकि सोलहवीं-सत्रहवीं शताब्दी में ब्रिटिश नौसेना विश्व में सबसे बड़ी थी।

ब्रिटिश सरकार ने समुद्री यात्रा में दिशा-भ्रम की समस्या के निदान हेतु कई असफल उपाय किये। अंत में, ब्रिटिश सरकार ने सारे संसार में यह घोषणा की कि जो कोई भी ऐसे यंत्र का आविष्कार करेगा, जिससे जहाजों को समुद्र में दिशा और स्थान का सही-सही ज्ञान हो सके, तो उसे बीस हजार पौंड का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इतनी बड़ी धनराशि के पुरस्कार की घोषणा से न केवल, इंग्लैंड, बल्कि संपूर्ण यूरोप में हलचल सी मच गई, क्योंकि इससे पहले इतनी बड़ी पुरस्कार राशि की घोषणा कभी नहीं हुई थी।

बीस हजार पौंड की पुरस्कार राशि सुनकर इसकी प्राप्ति हेतु अनेक व्यक्तियों ने समुद्र में जहाजों को दिशा और स्थान का ज्ञान कराने वाले यंत्र के निर्माण का भरसक प्रयास किया, किन्तु उन्हें सफलता नहीं मिली। अंत में, उत्तरी इंग्लैंड के निवासी जॉन हैरिसन को इसमें सफलता मिली और उसने एक ऐसे यंत्र का आविष्कार किया, जिससे समुद्री यात्रा के समय जहाज चालकों को दिशा का सही ज्ञान हो सके। जॉन हैरिसन द्वारा बनाये गये इस यंत्र को ही 'क्रोनोमीटर' कहा जाता है । क्रोनोमीटर के जन्म की कहानी भी अत्यंत रोचक है।

जॉन हैरिसन एक अनपढ़ साधारण व्यक्ति था और बढ़ईगिरी से अपनी रोजी-रोटी चलाता था। परंतु जब उसने ब्रिटिश सरकार द्वारा बीस हजार पौंड के पुरस्कार दिये जाने की घो षणा सुनी तो उसने अपना भाग्य आजमाने की सोची। उसे पता था कि भूगोलवेत्ताओं ने पृथ्वी पर कुछ काल्पनिक रेखाएं मान रखी हैं। इन रेखाओं में जो पृथ्वी के चारों ओर छल्ले की तरह जाती हैं, उन्हें 'अक्षांश' कहते हैं तथा जो उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव तकखिंची मानी गई हैं, उन्हें देशांतर कहते हैं। इन दोनों प्रकार की रेखाओं द्वारा नाविकों को समुद्री यात्रा में अपनी स्थिति का सही-सही ज्ञान हो सकता था, बशत्रे कि उन्हें बंदरगाह से चलने के बाद से लगातार ठीक-ठीक समय मालूम हो। हालांकि घड़ियों से भी सही समय को जाना जा सकता था और उस समय घड़ियों का आविष्कार भी हो चुका था। परंतु घड़ियां समुद्री यात्रा के समय काम नहीं करती थीं, क्योंकि किसी घड़ी पर तापमान का असर होता था, तो किसी पर आर्द्रता का। समुद्री हवाओं के कारण घड़ियों के कलपुर्जे भी गल जाते थे।

जॉन हैरिसन ने ऐसी घड़ी बनाने की ओर अपना पूरा ध्यान केन्द्रित किया जिस पर न तो तापमान का असर हो, न समुद्र की नमकीन और नम हवा की आर्द्रता का। हालांकि आरंभ में उसे अपने कई प्रयासों में असफल भी होना पड़ा। परन्तु उसने हिम्मत न हारी। वह लगातार प्रयास करता रहा। अंत में उसने एक ऐसा पेंडुलम बनाया, जिसकी सहायता से घड़ियों के गर्मियों में तेज चलने के दोष को ठीक किया जा सकता था। इस प्रकार का पेंडुलम बनाने के बाद उसने ऐसी घड़ी भी बनाई, परंतु उस घड़ी में वह गुणवत्ता नहीं आई, जिसके लिए वह प्रयत्नशील था। तब भी उसने हिम्मत नहीं हारी और इस दिशा में और सुधार करने के अपने प्रयास को जारी रखा।

अंततः जॉन हैरिसन ने ऐसी घड़ी बना ही ली, जो पूर्ण रूप से समुद्री यात्रा के लिए उपयुक्त थी। तापमान, आर्द्रता एवं समुद्री हवाओं का इस घड़ी पर कोई असर नहीं होता था। इस घड़ी से नाविक बंदरगाह से चलते समय हिसाब से अक्षांश और देशांतर रेखाओं की गणना कर समुद्र में अपनी स्थिति का पता लगा लेते थे। जॉन हैरिसन द्वारा आविष्कृत रोचक इस घड़ी को ब्रिटिश सरकार ने भी स्वीकार कर लिया, जिससे वह ब्रिटिश सरकार द्वारा घोषित बीस हजार पौंड की पुरस्कार राशि पाने का हकदार हो गया।

# नामीबिया

## बेहद निष्ठुर लेकिन वन्य जीव से समृद्ध



पिछले 15 वर्षो से चीता मैन के नाम से चर्चित ओलिवर हॉलेट अफीका में सबसे बड़ी बिल्ली के साथ नामीबिया में रह रहे हैं। आजकल ओलिवर, पूर्ण स्वच्छंदता के साथ वास करने वाले अंतिम बचे जानवरों की तलाश कर रहे हैं

**नामिब** मरुस्थल में उन्मुक्त जंगली जानवरों और पौधों की ढेर सारी असमान्य प्रजातियां पायी जाती हैं। हालांकि यह मरुस्थल में व्यापक तौर पर निर्जन है, लेकिन जानवरों ने क्षेत्र की विशिष्ट जलवायु के अनुकूल खुद को ढाल लिया है।

नामिब मरुस्थल एक तटीय रेगिस्तान है, जो संभवतः दुनिया का सबसे पुराना मरुस्थल है। मरुभूमि की रेत ने यहां समुद्र तटों के किनारे कई बड़े बालू के टीलों का निर्माण किया है। यह उन कुछ गिने-चुने मरुस्थलों में से एक है, जो बड़े जानवरों की कई प्रजातियों का परिवास है -

यहां तक कि हाथी भी यहां वास करते हैं। करीब 130 मिलियन साल पुराना नामिब दुनिया का जाना-माना और सबसे प्राचीन मरुस्थल होने के साथ ही साथ यह सबसे खूबसूरत मरुस्थलों में से एक है। इस मरुस्थल की लंबाई 1200 मील है लेकिन चौड़ाई में यह औसतन महज 70 मील तक ही फैला है। यहां दुनिया के सबसे ऊंचे रेत के टीले पाए जाते हैं। यह नारंगी रंगों की रेत की अनंत और अलग परिदृश्य वाली एक पट्टी की तरह नजर आता है और इसके दूर तक फैले खुले तटों के किनारे चमकीले सफेद नमक की परत से लेकर जहाजों के भग्नावशेष बिखरे पड़े हैं। नामिब-नाउक्लुफ्ट नेशनल पार्क नामिब मरुस्थल के काफी बड़े हिस्से में फैला हुआ है। यह अफीका का सबसे बड़ा और दुनिया के सबसे बड़े गेम रिजर्व में से एक है, जो मरुस्थलीय शेरों और विलुप्तप्राय नामिब हाथियों को प्राकृतिक परिवास भी है।

विशेषतौर पर अपने शुष्क वातावरण के अनुकूलित, ये विशालकाय जानवर पानी के लिए खुदाई कर सकते हैं और अपने घुटनों के बल रेत के टीलों पर भी चढ़ सकते हैं। वन्यजीवों के साथ ही इस मरुस्थल में आदिम जनजातियां, जैसे- हिंबा भी गर्व से रहते हैं। इनके लिए अपना पहनावा, केश-सज्जा (हेयरस्टाइल) और आभूषण का विशिष्ट सांस्कृतिक महत्व होता है। हिंबा महिलाएं रोज सुबह घंटों सजने-संवरने में व्यतीत करती हैं। माना जाता है कि ये जनजातियां बदलाव का विरोध करती हैं और आधुनिक रहन-सहन के दौर में भी अपनी अनोखी सांस्कृतिक विरासत को बचाए रख रही हैं।

हाथियों ने इस क्षेत्र की विपरीत परिस्थितियों के अनुकूल खुद को बेहतर तरीके से ढाल लिया है। पानी वाली जगह से भोजन की तलाश में यह 70 किलोमीटर तक की यात्रा कर सकते हैं और कई किलोमीटर दूर से ही पानी की मौजूदगी को सूंघने में सक्षम हैं जबकि चार दिनों तक बिना पानी पिए वे रह सकते हैं। यह देश दक्षिणी अफीकी चीता का सबसे आबादी वाला इलाका है और नेशनल पाकरे में वह शामिल नहीं है। यहां हिरण की 12 से ज्यादा प्रजातियां हैं, जिनमें सबसे बड़े इलैंड (दक्षिणी अफीका का सबसे बड़ा मृग) से लेकर सबसे छोटा डमाराडिक-डिक शामिल हैं। नामीबिया में बहुतायत में छोटे स्तनधारी भी रहते हैं, जिनमें नेवले, सियार के साथ बहुत कम पाए जाने वाले चींटीखोर भालू (आंट-बीयर), बिज्जू भी पाए जाते हैं, जो एकांत और उभरचर दोनों हैं। वन्यजीव रोमांचकारी यात्री ओलिवर हॉलेट के साथ नामिबिया में उन्मुक्त जानवरों की तलाश में शामिल हों।

